फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 208 प्रभात जयपुर, बुधवार 28 फरवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**A silver lining in the dark clouds of sports injuries**

Veteran film actor, Pran, guised as a *good samaritan*, sponsored Kapil Dev's treatment in England.

**This 1,700-Year-Old Egg Never Broke**

Archaeologists still can't fully crack the mystery




# कांग्रेस के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी राज्यसभा का चुनाव हारे

## इस हार से हिमाचल में कांग्रेस की सरकार के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा है

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेस के छह विधायक व निर्दलीय 3 विधायकों को पुलिस की सुरक्षा में हरियाणा भेजा गया।**
- **भाजपा के उम्मीदवार हर्ष महाजन व कांग्रेस के प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी दोनों को बराबर-बराबर 34 वोट मिले थे, परन्तु फिर चुनाव आयोग ने एक वोट को अवैध घोषित किया, जिससे भाजपा विधायक विजयी घोषित हुआ।**
- **कर्नाटक में कांग्रेस के प्रत्याशी व कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन विजयी हुए।**
- **यू.पी. में भी क्रॉस वोटिंग हुई तथा सपा को एक सीट खोनी पड़ी। क्रॉस वोटिंग के कारण भाजपा को एक एक्स्ट्रा सीट मिली।**
- **बिहार में भी क्रॉस वोटिंग हुई तथा कांग्रेस को उम्मीद से दो वोट कम मिले तथा लालू यादव की पार्टी को भी उनकी संख्या से एक वोट कम मिला।**

नई दिल्ली, 27 फरवरी। कांग्रेस के लिए यह एक तगड़ा झटका है। पार्टी के दिग्गज वकील अभिषेक मनु सिंघवी हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में राज्यसभा चुनाव हार गए हैं। भाजपा ने यहां हर्ष महाजन को खड़ा किया था जो विजयी घोषित किए गए। भाजपा के पक्ष में वोट करने वाले कांग्रेस के 6 व 3 निर्दलीय विधायक पुलिस सुरक्षा में हरियाणा चले गए हैं, जिससे हिमाचल प्रदेश की सुखू सरकार के लिए गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

दोनों प्रत्याशियों को क्रमशः 34-3 वोट मिले, जबकि चुनाव आयोग ने एक वोट को अवैध घोषित कर दिया। उसके बाद चुनाव आयोग ने हर्ष महाजन को निर्वाचित घोषित कर उन्हें जीत का प्रमाण पत्र दे दिया। सिंघवी अब कोर्ट की शरण लेकर इस निर्णय को चुनौती दे सकते हैं और इस केस को अगले छह वर्ष तक लड़ सकते हैं।

ए.आई.सी.सी. कोषाध्यक्ष अजय माकन कर्नाटक से राज्यसभा सीट जीत गए हैं। यहां कांग्रेस के दो अन्य प्रत्याशी भी चुनाव जीते हैं। उत्तर प्रदेश में क्रॉस वोटिंग हुई। इस वजह से समाजवादी पार्टी राज्यसभा की एक सीट हार गई। यह सीट भाजपा के पक्ष में गई। हिमाचल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मु.मंत्री आवास पर भाजपा कोर ग्रुप की बैठक

जयपुर, 27 फरवरी। राजस्थान में लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशी तय करने हेतु मंगलवार की रात मुख्यमंत्री आवास ओ.टी.एस. में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री

- **सभी 25 सीटों पर तीन नामों का पैनल तैयार।**
- **दिल्ली में आज भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक लेंगे, जिसमें अमित शाह व बी.एल. संतोष भी शामिल होंगे।**

भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी,प्रदेश सहप्रभारी विजया राहटकर , पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे, दोनों उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# निर्मला सीतारमण और एस. जयशंकर को लोकसभा चुनाव लड़वायेगी भाजपा

## वित्त मंत्री व विदेश मंत्री को उम्मीदवार बनाना भाजपा की दक्षिण भारत के बारे में चुनावी रणनीति का महत्वपूर्ण अंग है

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **उत्तर भारत में भाजपा चुनावी विजय प्राप्त करने की दृष्टि से चरम स्थल (क्लाइमैक्स) पर पहुंच गयी थी पिछले चुनाव में। अतः अब दक्षिण भारत में कुछ न कुछ सीटें और जीतना भाजपा की नवीन रणनीति है।**

नई दिल्ली, 27 फरवरी। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनावों में वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण तथा विदेश मंत्री एस. जयशंकर को चुनावी मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। भाजपा के "मिशन साउथ" (मिशन दक्षिण) के तहत, इसे एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। दक्षिणी क्षेत्र, चुनावी राजनीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारी प्रभुत्व से अभी भी छूटा हुआ है।

सीतारमण और जयशंकर, जो प्रधानमंत्री मोदी की मुख्य टीम का हिस्सा हैं, को कर्नाटक से चुनाव लड़ाने की संभावना है। दोनों नेताओं के लिए सुरक्षित सीटों की खोज शुरु कर दी गई है। ऐसी संभावना है कि, इनमें से एक को बैंगलुरु तथा दूसरे को, तटवर्ती कर्नाटक से उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण भारत में भाजपा का प्रदर्शन कोई खास नहीं था, सिवाय कर्नाटक के, जहां भाजपा ने 25 सीटें जीतीं थीं। पार्टी ने तेलंगाना में चार सीटें जीतीं थी जबकि, तीन अन्य दक्षिणी राज्यों केरल, तमिलनाडु तथा आंध्र प्रदेश में भाजपा का खाता नहीं खुल पाया था।

परंपरागत रूप से भाजपा का दक्षिण में पक्के तौर पर कदम नहीं जमा पाई है, जैसा कि पिछले साल हुये कर्नाटक विधानसभा चुनावों के नतीजों ने दिखाया है, जहां भाजपा की करारी हार हुई थी। भाजपा, उत्तर, पश्चिम तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गगनयान मिशन के चार पायलटों के नाम फाइनल हुये

तिरुवनंतपुरम, 27 फरवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान मिशन की प्रगति की मंगलवार को समीक्षा की और चार नामित अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की। मोदी ने यहां विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र

- **प्र. मंत्री. मोदी ने देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन "गगनयान" की प्रगति की समीक्षा की और गगनयान में यात्रा करने वाले चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा भी की।**

(वीएसएससी) का दौरा किया और करीब 1800 करोड़ रुपये की लागत से परिपूर्ण तीन महत्वपूर्ण अंतरिक्ष बुनियादी आधारभूत परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने चार नामित अंतरिक्ष यात्रियों को 'अंतरिक्ष यात्री पंख' प्रदान किये। इनमें ग्रुप कैप्टन प्रशांत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अभी तक कुछ राजनीतिक सफलता नहीं मिली है भाजपा को तमिलनाडू में

## पर, यह भी सच है कि, भाजपा के प्रयास में कमी नहीं आई है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **भाजपा ने तमिनलाडू में चुनाव प्रचार का आधार, "विकास की राजनीति" को बनाया है।**
- **मोदी ने तमिलनाडू की "स्पिरिट ऑफ एन्टरप्राइज़", रिस्क टेकिंग एन्टरप्राइज़ व एम.एस.एम.ई. सैक्टर की सफलता की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि, प्रदेश की इकॉनमी देश की सबसे तीव्र गति से बढ़ रही इकॉनमी है।**
- **भाजपा की केन्द्रीय सरकार तमिलनाडू के, इस दिशा में प्रयास में मुक्तहस्त से सहयोग कर रही है। उदाहरण के लिये मुद्रा लोन योजना के तहत यहां के उद्योगपतियों को 2 लाख करोड़ रूपये के फण्ड उपलब्ध कराये हैं।**

नई दिल्ली, 27 फरवरी। विपक्ष और इण्डिया गठबंधन जहां अपने सहयोगियों के बीच सीटों को एडजस्ट करने में लगे हैं, वहीं सत्तारूढ़ भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महा-जनसंपर्क कार्यक्रमों व रैलियों के जरिए वोट मांगना शुरू कर दिया है।

पिछले कुछ दिनों से दक्षिण भारत के अपने दौरों के क्रम में प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को केरल और तमिलनाडू में थे। उन्होंने भाजपा के महा-संपर्क कार्यक्रम का अधिकतम लाभ लेने के उद्देश्य से दो चुनावी दौरे किए। पूरे तमिलनाडू को कवर करने वाली एन-मन-एन मक्कल यात्रा की अगुवाई कर रहे तमिलनाडू के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई और उनके प्रयासों की मोदी ने प्रशंसा की। टैक्सटाइल इण्डस्ट्री के लिए विख्यात नगरी तिरूपुर में आयोजित एक सार्वजनिक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तमिलनाडू की जनता ने इण्डिया गठबंधन की पार्टियों की लूट की दुकान को बंद करने का फैसला किया है और यह सब कुछ अन्नामलाई की यात्रा से हासिल किया गया है।

प्रधानमंत्री ने देश के आर्थिक विकास में तिरूपुर की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह टैक्सटाइल टाउन भारत के सर्वाधिक जीवंत टैक्सटाइल व औद्योगिक हब्स में से एक है।

उन्होंने कहा कि "यह हमारे देश की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# पार्टी के "चीफ व्हिप" व चार अन्य विधायकों की "क्रॉस वोटिंग" से विचलित हुए अखिलेश यादव

## अखिलेश ने हार के बाद कहा, मुझे इन विधायकों की निष्ठा पर पहले से ही शक था

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **अखिलेश ने इस संदर्भ में आगे यह भी कहा कि, इन दल-बदल विधायकों का पर्दाफाश करने के लिए मैंने तीसरा उम्मीदवार खड़ा किया था।**
- **और, जो विधायक इस टैस्ट में फेल हुए हैं, मैंने उन्हें चिन्हित कर लिया है और मैं अब उन्हें पार्टी से निकाल दूंगा।**
- **सपा के चीफ व्हिप व चार अन्य विधायक, वोटिंग के बाद भाजपा के आर.पी.एन. सिंह व उप मु.मंत्री बृजेश पाठक के साथ खड़े होकर, "वी फॉर विक्ट्री" का इशारा करते हुए टी.वी. पर दिखे थे।**

नई दिल्ली, 27 फरवरी। कांग्रेस व समाजवादी पार्टी को राज्यसभा के चुनावों में उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश में उस समय बड़ा गहरा झटका लगा, जब उनकी पार्टी के विधायकों ने पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करके भाजपा के चुनावी उम्मीदवारों के पक्ष में वोट डाल दिया।

भाजपा ने दोनों पार्टियों को चुनावों में पूरी तरह से मात दे दी क्योंकि भगवा पार्टी ने कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के विधायकों को प्रलोभन देकर उन्हें अपने पक्ष में करने के लिए हर संभव साधन का प्रयोग किया है।

जब से राज्यसभा के चुनावों का कार्यक्रम घोषित हुआ है उसके बाद से ही भाजपा दोनों पार्टियों की छवि जनता के सामने खराब गलत तरीके से पेश कर रही थी।

हिमाचल प्रदेश में जहां कांग्रेस ने साल 2022 के विधानसभा चुनावों में 68 में से 40 सीटों पर विजय दर्ज की थी और वहां उसे तीन स्वतंत्र विधायकों का भी समर्थन मिला था। वहां से कांग्रेसी उम्मीदवार अभिषेक सिंघवी की पराजय से बड़ा झटका लगेगा।

हिमाचल प्रदेश में भाजपा के केवल मात्र 25 विधायक हैं, परन्तु कांग्रेस के 6 विधायकों व सभी तीनों निर्दलीय विधायकों के द्वारा पार्टी व्हिप के खिलाफ व पार्टी के विरूद्ध वोट करने से भाजपा को लाभ मिल गया है।

भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व विधायक हर्ष महाजन को चुनावी मैदान में उतारकर मुकाबले के लिए मजबूर कर दिया। कई लोगों को लगा था कि वे संभवतः जीत नहीं पाएंगे। पार्टी उम्मीदवार सिंघवी की पराजय के कारण मुख्यमंत्री सुखविन्दर सुखु की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

उत्तर प्रदेश में, समाजवादी पार्टी के मुखिया ने कहा कि चुनाव मैदान में तीसरा उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय एक तरह से "परीक्षण" था। अखिलेश ने आज सुबह 'एक्स' पर लिखी पोस्ट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

अज्ञान जैसा शत्रु दूसरा नहीं। –चाणक्य

# फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य का अर्थशास्त्र समझना जरूरी

पंजाब के किसान 23 फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाने की मांग कर रहे हैं। इस मांग पर सार्वजनिक विमर्श के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में कुछ बुनियादी चीजें जान लेना जरूरी है। जिन 23 फसलों के लिये यह मांग की जा रही है वे देश की कुल कृषि उपज का 27.8 प्रतिशत है। इन फसलों का भी 80-90 प्रतिशत हिस्सा गेहूं और चावल का है जो देश के पांच-छह राज्यों में होती हैं। इनमें शीर्ष पर पंजाब और हरियाणा हैं। किसानों का आंदोलन वहीं से है। मध्यप्रदेश ने पिछले दस वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की अपनी प्रणाली बनाई है। छतीसगढ़ ने चावल के लिये ऐसी प्रणाली बनाई है। साथ ही तेलंगाना भी केन्द्रीय पूल में योगदानकर्ता के रूप में उभरा है। आंध्रप्रदेश पहले से इस व्यवस्था में था। उनके साथ राजस्थान और ओडिसा जैसे कुछ पॉकेट्स भी हैं जिनका इस प्रणाली में योगदान होता है। कुल मिला कर न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्रणाली से लाभ पाने वाले अधिकतम सात राज्य हैं। हालांकि छतीसगढ़, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश इस व्यवस्था का हिस्सा बनना शुरू हो गए हैं मगर पूर्वी भारत के अधिकांश राज्य इससे बाहर हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड से लगा कर पश्चिम बंगाल, असम तक सभी लगभग शून्य हैं। वर्ष 2018-2019 में हुआ एक अध्ययन बताता है कि केवल 8.8 प्रतिशत खेतिहर घरों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत अपनी कोई फसल बेची। उस अध्ययन के बाद के वर्षों में कुछ बढ़ोतरी के बाद अब मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि देश के लगभग 10 प्रतिशत किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली से लाभ पाते हैं। इसलिए यह माना जा सकता है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य देश के अधिकांश किसानों की चिंता का विषय नहीं है। गन्ना अलग तरह की फसल है क्योंकि इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सरकार नहीं करती। यह चीनी मिलों द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि होती है। यह जानना भी दिलचस्प होगा कि आठ से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ रहे मुर्गीपालन, 7-8 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे मत्स्यपालन और 5-6 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे दुग्ध उत्पाद जैसे कृषि के अन्य उत्पाद के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था नहीं है। वे इसके बिना उन्नति कर रहे हैं। मुर्गीपालन पूरी तरह निजीक्षेत्र द्वारा संचालित हैं। इसमें अनुबंध कृषि है जो पिछले 20-30 वर्षों से परिवर्तनकारी रूप से उभरी है। कृषि का यह सबसे तेज बढ़ता हुआ क्षेत्र है। मछलीपालन में भी यही बात है। हालांकि दुग्ध उत्पादन सहकारी समितियों द्वारा संचालित होता था मगर 2002-2003 के बाद जब से डेयरी क्षेत्र को पूरी तरह लाइसेंस मुक्त कर दिया गया तब से उसका निजी क्षेत्र सहकारी क्षेत्र की तुलना में दोगुनी दर से विकास कर रहा है। वहां भी कोई समर्थन मूल्य नहीं है। वहां बेचने और खरीदने वालों के बीच आपसी समझौता होता है और भाव तय होते हैं। बागवानी क्षेत्र में कोई न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था नहीं है जो कुल कृषि उपज का 20 प्रतिशत है। इस पृष्ठभूमि में पंजाब के किसानों द्वारा उठाई जा रही 23 फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी बाध्यकारी बनाने की मांग पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक ही है।

किसानों की मांग के पीछे उनकी ऊंची आय की भावना तो समझ में आती है लेकिन जिस समर्थन मूल्य के माध्यम से किसान की आय बढ़ाने की मांग की जा रही है वह असहज करने वाली है। यदि यह मांग ज्यों की त्यों मान ली जाती है तो उसके परिणाम देश की अर्थव्यवस्था तथा अन्य उपभोक्ता नागरिकों पर क्या पड़ेगा इस पर आमजन में चर्चा जरूरी है। हालांकि कानूनी बाध्यकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य की कुल लागत का अनुमान लगाना बड़ा कठिन हैफिर भी एक बड़े अखबार ने बताया है कि इन 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कीमत 10 लाख करोड़ आएगी। इसलिए उसके राजकोष पर पड़ने वाले भार के नतीजों के बारे में भी सोचना होगा। क्योंकि अंततः सरकार को वह फसल बाजार में ही बेचनी होगी। उसे वह किस कीमत पर बेचेगी? इसलिए कुछ कृषि अर्थशास्त्रियों को 23 फसलों के लिये इसे क्रियान्वित करने और संचालित करना व्यावहारिक रूप से असंभव लगता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना के तरीके पर भी किसानों की मांग है। वे चाहते हैं स्वामीनाथन आयोग की मूल सिफारिश के अनुसार यह गणना की जाए इसे सी2 प्लस 50 प्रतिशत कहते हैं। सी2 उत्पादन की वास्तविक लागत है जिसमें बीज, खाद, बिजली और श्रम की कीमत के साथ किसानों के स्वामित्व वाली भूमि और मशीनरी का किराया और ब्याज भी शामिल किये जाने की सिफारिश है। इस लागत में उसका 50 प्रतिशत जोड़ कर कुल लागत बनाई जाने की बात वह आयोग कहता है जिसे पिछली कांग्रेस सरकारों ने भी नहीं माना क्योंकि इसका अर्थ होता समर्थन मूल्य किसानों की लागत का 1.5 गुना निर्धारित किया जाना। यह ऐसा ही है जैसे मैं अपने ही घर में रह रहा हूं तो आप उसका किराया मूल्य लगाएं और उसे लागत के रूप में लें। भारत की 70 प्रतिशत कृषि स्वयं संचालित है। खेती की लागत की गणना के आंकड़ों के अनुसार वह 23 फसलों के लिये 25 से 30 प्रतिशत बैठती है। इससे आम आदमी के भोजन की कीमन 25 से 30 प्रतिशत बढ़ जाने की स्थिति से कैसे निबटा जाएगा? फसलों की कीमतें बढ़ाने का यह रास्ता विश्व ट्रेड ऑर्गेनाइज़ेशन के संदर्भ में भी एक समस्या खड़ी करने वाला होगा। क्योंकि भारत ने वहां इस बात की प्रतिबद्धता दर्शाई है कि वह गेहूं, चावल और अन्य फसलों को एक सीमा तक ही समर्थन देगा। वह पहले से ही अपनी ऊपरी सीमा को छू रहा है। वह उससे ऊपर चला गया तो उसे अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में अपना माल बेचने की वार्ताओं में परेशानी आएगी।किसानों की आय बढ़ाने की मांग तो समझ में आती है लेकिन एक बार में ही 25 से 30 प्रतिशत दाम बढ़ा कर जिस माध्यम से वे ऐसा कराना चाह रहे हैं उससे कोई भी समझदार आदमी सहमत नहीं हो सकता है और अर्थव्यवस्था में बड़ी विकृतियां पैदा करने वाली इस मांग पर शायद ही कोई सरकार सहमत हो सके। हम जानते हैं कि इस समय मुफ़्त भोजन की सब्सिडी 2 लाख 12 हजार करोड़ रुपये है जो इससे बढ़ कर सीधे 2 लाख 75 हजार रुपये पहुंच जाएगी। वह भी केवल गेहूं और चावल पर। अन्य 21 फसलों को लें तो यह आंकड़ा चार-पांच लाख करोड़ पहुंच जाएगा। राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक नीचे लाकर सुदृढ़ीकरण की बात छोड़ दीजिए वह बढ़ कर साढ़े छह-सात प्रतिशत पहुंच जाएगा।

**मानसून और बाज़ार की अनिश्चितताओं से किसानों को बचाने के अन्य तरीके भी खोजे जा सकते हैं? एक तरीका है कि जब बाजार में दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे गिर जाए तब सरकार उसके अंतर की भरपाई करे। इसके लिये मूल्य स्थिरीकरण निधि बनाई जा सकती है। लेकिन अर्थशास्त्री मानते हैं कि बाज़ार को बेहतर बनाना इससे भी अच्छा विकल्प होगा।**

मानसून और बाज़ार की अनिश्चितताओं से किसानों को बचाने के अन्य तरीके भी खोजे जा सकते हैं? एक तरीका है कि जब बाजार में दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे गिर जाए तब सरकार उसके अंतर की भरपाई करे। इसके लिये मूल्य स्थिरीकरण निधि बनाई जा सकती है। लेकिन अर्थशास्त्री मानते हैं कि बाज़ार को बेहतर बनाना इससे भी अच्छा विकल्प होगा। इसका अर्थ है बुवाई करने से पहले किसान को पता होना चाहिए कि उसके उत्पाद की कीमत चार महीने बाद जब फसल बाज़ार में आएगी तब क्या होने वाली है? इसके लिये वायदा बाजार एक उपकरण हो सकता है जो विकसित दुनिया में प्रचलित है। चीन ने भी अपना वायदा बाज़ार विकसित किया हुआ है। आज भारतीय किसान बीते साल के भावों को देख कर फसलें उगाता है न कि चार माह बाद की फसलों के भावों को ध्यान में रख कर। क्या किसी और प्रकार का भी समर्थन किसानों को दिया जा सकता है उस पर भी सोच जाना चाहिए। एक मॉडल चीन का है जहां किसानों को आय सहायता दी जाती है। उस सहायता की राशि को वे बीज, बिजली, उर्वरक या वे जो भी चाहें उस पर खर्च कर सकते हैं। यह भारत के लिये भी उचित मार्ग हो सकता है। चीन में इसे इनपुट निवेश समर्थन कहते हैं। इसमें किसान को पैसा मिलता है और किसानों को यह तय करने का विकल्प मिलता है कि वह उस पैसे को किस पर खर्च करे। यह मदद बाज़ार और मानसून की अनिश्चितताओं के खिलाफ किसान के लिये बीमे के रूप में उपलब्ध होगी। चीन में भारत से छोटी कृषि अर्थ व्यवस्था है। उनकी जोतें हम से कम हैं। उनका कुल खेती योग्य क्षेत्र हमसे छोटा है फिर भी वे हमारे मुकाबले दोगुने से भी अधिक उत्पादन करते हैं। इसलिए यदि हमें मदद देनी है तो वह उत्पादकता बढ़ाने वाला समर्थन होना चाहिए। उर्वरक और बिजली सब्सिडी को भी इस समर्थन में शामिल किया जा सकता है। साथ में खाद्य सब्सिडी को भी तर्कसंगत बनाना पड़ेगा। साथ ही अभी दी जा रही सब्सिडियों को भी तर्कसंगत बनाना होगा। अभी सरकार एक लाख 88 हजार करोड़ की उर्वरक सब्सिडी और 90 हजार करोड़ की बिजली सब्सिडी देती है। अकेले पंजाब में 9,500 करोड़ की बिजली सब्सिडी है। इसके साथ 2 लाख 12 हजार करोड़ की खाद्य सब्सिडी। यह अतार्किक नीतियों के कारण है। असली समस्या यह है कि देश के किसानों की आय बहुत मामूली बढ़ रही है। पिछले 20 वर्षों की वास्तविक आय कृषि विकास दर 20 वर्षों से 3.5 प्रतिशत रही है। उसमें तेजी लाने की जरूरत है। उसका तरीका कानूनी बाध्यकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# मानव ह्यूमन जीनोम (Human Genome)



**प्रो. अशोक कुमार**

मानव ह्यूमन जीनोमे (Human Genome) एक जीव विज्ञान शब्द है जो एक व्यक्ति के सम्पूर्ण डीएनए (Deoxyribonucleic acid) को संदर्भित करता है। डीएनए एक अणु है जिसमें अनुवांशिक निर्देश होते हैं जो एक व्यक्ति के सभी लक्षणों और कार्यों को निर्धारित करते हैं।

मानव जीनोमे में लगभग 3 अरब न्यूक्लियोटाइड होते हैं, जो चार रासायनिक इकाइयों (ॅहग्हा,ुॅहग्हा, म्ब्र्ेग्हा,ॅह्ूब्स्म्हा) से बने होते हैं। इन न्यूक्लियोटाइड का क्रम जीन बनाता है, जो प्रोटीन बनाने के लिए निर्देश देते हैं। प्रोटीन शरीर के लिए आवश्यक सभी कार्यों को करते हैं, जैसे कि कोशिकाओं का निर्माण और मरम्मत करना, ऊर्जा का उत्पादन करना, और रोगों से लड़ना।

मानव जीनोमे को समझने से हमें यह समझने में मदद मिल सकती है कि मनुष्य कैसे विकसित हुए हैं, विभिन्न रोगों का कारण क्या है, और उनका इलाज कैसे किया जा सकता है। यह हमें नई दवाओं और चिकित्सा उपचारों को विकसित करने में भी मदद कर सकता है।

मानव जीनोमे के बारे में कुछ महत्वपूर्ण तथ्यः– इसमें लगभग 20,000-25,000 जीन होते हैं। यह 23 जोड़े गुणसूत्रों में विभाजित होता है। यह 99.9इ समान है सभी मनुष्यों में। यह केवल 2इ कार्यात्मक है, बाकी का हिस्सा गैर-कोडिंग डीएनए है।

यह मानव विकास और स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मानव जीनोमे का अध्ययन जीनोमिक्स नामक एक वैज्ञानिक क्षेत्र में किया जाता है। जीनोमिक्स का उपयोग विभिन्न रोगों, जैसे कि कैंसर, हृदय रोग, और मधुमेह के कारणों और उपचारों की खोज के लिए किया जा रहा है।

मानव जीनोमे के अध्ययन से हमें यह समझने में भी मदद मिल सकती है कि मनुष्य अन्य जानवरों से कैसे अलग हैं और हमें क्या विशेष बनाता है। मानव जीनोम का इतिहास एक लंबा और रोमांचक इतिहास है। यह 1953 में डीएनए की संरचना की खोज के साथ शुरू हुआ, और तब से यह क्षेत्र तेजी से विकसित हुआ है।

1953: जेम्स वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक ने डीएनए की संरचना की खोज की। यह एक महत्वपूर्ण खोज थी जिसने हमें यह समझने में मदद की कि जीन कैसे काम करते हैं।

1970: वैज्ञानिकों ने प्रतिबंध एंजाइमों की खोज की, जो डीएनए को काटने के लिए उपयोग किए जा सकते हैं। इसने वैज्ञानिकों को डीएनए अनुक्रमण की प्रक्रिया विकसित करने में मदद की।

1980: मानव जीनोम परियोजना (प्ङ्ग) शुरू हुई। यह एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग था जिसका उद्देश्य मानव जीनोम के पूरे अनुक्रम को निर्धारित करना था।

1990: वैज्ञानिकों ने मानव जीनोम का पहला आनुवंशिक मानचित्र बनाया। इस मानचित्र ने वैज्ञानिकों को यह पहचानने में मदद की कि गुणसूत्रों पर जीन कहाँ स्थित हैं।

2003: मानव जीनोम परियोजना पूरी हुई। इस परियोजना ने वैज्ञानिकों को मानव जीनोम के पूरे अनुक्रम को निर्धारित करने में मदद की।

2003-वर्तमान: मानव जीनोम के अनुक्रमण के बाद से, वैज्ञानिक जीनोम डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं। इस विश्लेषण ने हमें यह समझने में मदद की है कि जीन कैसे काम करते हैं, वे विभिन्न रोगों से कैसे जुड़े होते हैं, और हम उनका उपयोग नई दवाओं और चिकित्सा उपचारों को विकसित करने के लिए कैसे कर सकते हैं। मानव जीनोम का इतिहास अभी भी जारी है। वैज्ञानिक लगातार जीनोम डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं और नई खोज कर रहे हैं। यह अनुसंधान हमें भविष्य में कई लाभ प्रदान करेगा। मानव का जीनोम कई जंतुओं से मिलता जुलता है, जिनमें शामिल हैं:–

1. चिंपैंजी: मानव जीनोम चिंपैंजी जीनोम से लगभग 98इ समान है। इसका मतलब है कि हमारे डीएनए का 98इ हिस्सा एक समान है। चिंपैंजी हमारे सबसे करीबी जीवित रिश्तेदार हैं, इसलिए यह समानता आश्चर्यजनक नहीं है।

2. बोनाबो: बोनाबो एक अन्य प्राइमेट है जो मानव जीनोम से लगभग 97इ समान है। बोनाबो चिंपैंजी से हैं, इसलिए यह समानता भी आश्चर्यजनक नहीं है।

3. गोरिल्ला: गोरिल्ला मानव जीनोम से लगभग 93 प्रतिशत समान है। गोरिल्ला चिंपैंजी और बोनाबो से थोड़े दूर के रिश्तेदार हैं, इसलिए थोड़ी कम समानता है।

4. ओरंगुटान: ओरंगुटान मानव जीनोम से लगभग 87प्रतिशत समान है। ओरंगुटान गोरिल्ला से भी थोड़े दूर के रिश्तेदार हैं, इसलिए थोड़ी कम समानता है।

5. गिबन: गिबन मानव जीनोम से लगभग 84प्रतिशत समान है। गिबन अन्य सभी प्राइमेट्स से थोड़े दूर के रिश्तेदार हैं, इसलिए थोड़ी कम समानता है।

6. माउस: माउस मानव जीनोम से लगभग 70प्रतिशत समान है। माउस प्राइमेट्स से बहुत दूर के रिश्तेदार हैं, इसलिए काफी कम समानता है।

7. चूहा: चूहा मानव जीनोम से लगभग 60प्रतिशत समान है। चूहा भी प्राइमेट्स से बहुत दूर के रिश्तेदार हैं, इसलिए काफी कम समानता है।

8. ज़ेब्राफिश: ज़ेब्राफिश मानव जीनोम से लगभग 50प्रतिशत समान है। ज़ेब्राफिश एक मछली है, जो प्राइमेट्स से बहुत दूर के रिश्तेदार हैं, इसलिए काफी कम समानता है।

9. चूहों: चूहों का जीनोम मानव जीनोम के साथ 80प्रतिशत समान है।

10. मक्खियाँ: मक्खियों का जीनोम मानव जीनोम के साथ 60प्रतिशत समान है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जीनोम में समानता केवल अनुवांशिक समानता को दर्शाती है। इसका मतलब यह नहीं है कि मानव और इन जंतुओं में समान विशेषताएं या क्षमताएं हैं। उदाहरण के लिए, चिंपांजी और बोनोबो बुद्धिमान जानवर हैं जो कुछ हद तक भाषा सीख सकते हैं, लेकिन वे मानव की तरह जटिल भाषा का उपयोग नहीं कर सकते हैं।

इसी तरह, चूहों और मक्खियों में मानव की तरह जटिल मस्तिष्क नहीं होता है, और वे मानव की तरह जटिल विचारों और भावनाओं का अनुभव नहीं कर सकते हैं। मानव जीनोम में कुछ अद्वितीय विशेषताएं भी हैं जो अन्य जानवरों में नहीं पाई जाती हैं। इनमें कुछ जीन शामिल हैं जो मस्तिष्क के विकास और कार्य से जुड़े हैं। ये जीन मानव को अपनी अद्वितीय क्षमताओं जैसे कि भाषा, तर्क और कला के लिए जिम्मेदार माना जाता है।

**मानव ह्यूमन जीनोमे के अध्ययन से अनेक लाभ हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख लाभ निम्नलिखित हैं:--**

**1. रोगों के बारे में बेहतर समझः** मानव जीनोमे के अध्ययन से हमें विभिन्न रोगों के कारणों और उनसे जुड़े जीनों के बारे में बेहतर समझ प्राप्त होती है। यह जानकारी हमें रोगों के निदान, उपचार और रोकथाम के लिए बेहतर तरीके विकसित करने में मदद करती है।

**2. नई दवाओं का विकासः** जीनोमे के अध्ययन से हमें उन जीनों की पहचान करने में मदद मिलती है जो विभिन्न रोगों से जुड़े होते हैं। यह जानकारी हमें नई दवाओं और चिकित्सा उपचारों को विकसित करने में मदद करती है जो इन जीनों को लक्षित करते हैं।

**3. व्यक्तिगत चिकित्साः** जीनोमे के अध्ययन से हमें व्यक्तिगत चिकित्सा के लिए नए अवसर मिलते हैं। व्यक्तिगत चिकित्सा में, रोगियों का इलाज उनके जीनोम के आधार पर किया जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि रोगियों को सबसे प्रभावी और सुरक्षित उपचार मिले।

**4. मानव विकास और विविधता की बेहतर समझः** मानव जीनोमे के अध्ययन से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि मनुष्य कैसे विकसित हुए हैं और विभिन्न आबादी समूहों के बीच आनुवंशिक विविधता कैसे उत्पन्न हुई है।

**5. कृषि और पशुपालन में सुधारः** जीनोमे के अध्ययन से हमें पौधों और जानवरों के जीनोम को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। यह जानकारी हमें अधिक पैदावार वाले और रोग प्रतिरोधी फसलों और जानवरों को विकसित करने में मदद करती है।

**6. नैतिक और सामाजिक मुद्दों पर बहसः** मानव जीनोमे के अध्ययन से कई नैतिक और सामाजिक मुद्दे भी उठते हैं, जैसे कि जीनोम डेटा की गोपनीयता, आनुवंशिक भेदभाव, और प्रजनन चयन। इन मुद्दों पर बहस हमें मानव जीनोमे के अध्ययन के लिए एक जिम्मेदार और नैतिक ढांचा विकसित करने में मदद करती है। मानव जीनोमे के अध्ययन से हमें भविष्य में कई लाभ मिलने की उम्मीद है।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, वैदिक विश्वविद्यालय निंबाहेड़ा, निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर, अध्यक्ष आईएसएलएस, प्रेसिडेंट, सोशल रिसर्च फाउंडेशन, कानपुर**

# भादरा में 200 पशुओं की मौत, फैल रही गंभीर बीमारी

## पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने पशुओं का टीकाकरण किया

■ **पशुओं में मुंहपका, खुरपका व निमोनिया के कारण कई पशुओं की मौत हो चुकी है**

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के भादरा क्षेत्र के कई गांवों में पशुओं में फैल रही गम्भीर बीमारी को लेकर पशुपालन व चिकित्सा विभाग भी सक्रिय हो गया है। गांव मुन्सरी में गत दिनों में 200 से अधिक पशुओं की मौत को लेकर ग्रामीण पशुपालक हैरान व परेशान हैं। गांव मुन्सरी के सरपंच प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार बालान ने बताया कि गांव मुन्सरी के पशुओं में मुंहपका, खुरपका व निमोनिया के लक्षण पशुओं में दिखाई दे रहे हैं।

गांव गढड़ा के सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग सिंह ने बताया कि 30 से अधिक पशुओं की मौत के बाद स्थिति नियंत्रण में है। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने पशुओं को वेक्सीन का टीकाकरण किया है।

गोंव सुरतर्पुरा के सरपंच प्रतापसिंह बेनीवाल ने बताया कि गांव में पशुओं में मुंहपका, खुरपका व निमोनिया के कारण 80 से अधिक पशुओं की मौत हो चुकी है।

वर्तमान में पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने पशुओं में टीकाकरण कर उपचार कर रही है। अभी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। गांव मुन्सरी में पशु रोगों की गम्भीरता को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सक व पशुधन सहायक लगातार पशुओं का उपचार कर रहे हैं। पशुपालन विभाग के संयुक्त निर्देशक डॉ. हरीशचन्द्र गुप्ता ने बताया कि गांव मुन्सरी में स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वहीं पर पशु चिकित्सा टीम उपचार के लिए मौके पर है। जयपुर से पशुओं के उपचार के लिए और वैक्सीन भार्दरा पहुंच चुकी है। स्थिति नियंत्रण तक पशु चिकित्सा टीम अपना काम करती रहेगी।

# अरुणाचल प्रदेश में शहीद हुए जवान चरणसिंह का अंतिम संस्कार

■ **राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया, शहीद के 10 वर्षीय बेटे ने मुखाग्नि दी**

**जोधपुर,** (कासं)। अरुणाचल प्रदेश में शहीद हुए भोपालगढ़ के कुड़ी ग्राम के जवान चरणसिंह सारण को आज अंतिम विदाई दी गई। दोपहर डेढ बजे पूरे राजकीय सम्मान के साथ शहीद के पैतृक गांव कुड़ी में अंतिम संस्कार किया गया।

शहीद के 10 वर्षीय बेटे प्रवीण ने मुखाग्नि दी। शहीद की पार्थिव देह जैसे ही गांव में आई लोगों ने भारत माता की जय के जयकारे लगाए। गांव में शहीद की अंतिम यात्रा के दौरान जन सैलाब उमड़ पड़ा। शहीद को सेना की टुकड़ी ने सशस्त्र सलामी दी।

गौरतलब है कि जवान चरणसिंह सारण सीमा सड़क संगठन इकाई में तैनात थे। 24 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान अत्यधिक बर्फबारी में हुए एक हादसे में वो शहीद हो गए। मंगलवार दोपहर करीब 11:30 बजे जोधपुर में जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शहीद को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जोधपुर से कुड़ी गांव तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में 11 जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई। करीब एक बजे जोधपुर से पार्थिव देह गांव पहुंची। शहीद का पार्थिव शरीर घर पहुंचते ही आस-पास के हजारों लोग जुट गए। शहीद के पार्थिव देह पर उनकी पत्नी का विलाप देख आस-पास के लोगों के आखें नम हो गई। शहीद की वीरांगना गीता अपने वीर पति के पार्थिव देह को देखकर के सुधबुध खो बैठी। शहीद के 10 साल का बेटा प्रवीण और बेटी गुनगुन ने अपने पिता के अंतिम दर्शन किए। शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद रामनारायण डूडी, विधायक गीता बरवड़, पूर्व मंत्री कमसा मेघवाल, पूर्व विधायक पुखराज गर्ग, पूर्व जिला प्रमुख मुन्नीदेवी गोदारा, प्रधान शांति राजेश जाखड़ सहित अन्य सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भारत की कला को विश्व स्तर पर लोकप्रिय करने 17 राज्यों के कलाकार जैसलमेर में

■ **ऐतिहासिक इमारतों को फाइन आर्ट्स के कलाकार अपने कैनवास पर उतार रहे हैं**

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर शहर में इन दिनों ऐतिहासिक इमारतों को फाइन आर्ट्स के कलाकार अपने कैनवास पर उतार रहे हैं। गलियों में कलर लिए एक कोने में बैठे कलाकार जब कैनवास पर जैसलमेर की इमारतों को उकेर कर उनमें रंग भरते हैं, तब आते जाते लोग भी देखकर ठहर जाते हैं। सोनार किला, पटवा हवेली, बड़ाबाग, गड़ीसर लेक आदि सभी इमारतों को अपने कैनवास पर उतारने वाले कलाकार जैसलमेर को दुनिया का सबसे बेहतरीन शहर मानते हैं। जानकारी के अनुसार जैसलमेर में इन दिनों चित्रसूत्र आर्ट अकादमी, महाराष्ट्र के फाउंडर विक्रांत शितोले (43) अपने 45 स्टूडेंट्स और फाइन आर्ट्स के कलाकारों के साथ आए हुए हैं। इन कलाकारों में 17 राज्यों के कलाकार शामिल हैं। फाइन आर्ट्स के माध्यम से ऐतिहासिक इमारतों को कैनवास पर उकेर कर उसमें रंग भरते हैं और इन पेंटिंग को ऐग्जीबिशन में लगाते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देखें। और उसे अपने साथ ले जाए। कई पेंटिंग को पुरस्कार भी मिलते हैं। जिसमें कलाकारों की हौसला अफजाई होती है।

चित्रसूत्र आर्ट अकादमी, महाराष्ट्र के फाउंडर विक्रांत शितोले बताते हैं कि पेंटिंग को ज्यादातर लोग प्रोफेशन के रूप में नहीं अपनाते हैं। मगर कोरोना काल में लोगों ने इसे सीरियसली लिया और उनसे सीखने के लिए ऑनलाइन क्लासेज ली। आज देश दुनिया में उनके हजारों स्टूडेंट है जो फाइन आर्ट के माध्यम से चित्रकारी को सीख रहे हैं। उनका मानना है कि एआई और डिजिटल की दुनिया आ जाने से भी हाथों से बनाई चित्रकारी ज्यादा सजीव और दिल के करीब होती है। क्योंकि उसमें फीलिंग होती है। वे चाहते हैं कि भारत की कला और संस्कृति बहुत ही समृद्ध हो और ये देश दुनिया में फैले। ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी चित्रकारी के माध्यम से भारत को जाने और कलाकारी को पहचानें।

विक्रांत और उनकी टीम ने बताया कि वे हैरिटेज को ज्यादा से ज्यादा कवर करते हैं। क्योंकि हैरिटेज दिल को मोह लेता है। प्राचीन इमारतों में की गई कारीगरी और शिल्पकला इंसान को अपनी तरफ बरबस खींचती है। ऐसे में हम लोग देश भर में घूमते हैं और ऐतिहासिक इमारतों के स्केच बनाते हैं। जैसलमेर में भी वे मकानों पर पीले पत्थरों से हुई कारीगरी और ऐतिहासिक इमारतों की शिल्प कला को अपने कैनवास पर उतार रहे हैं। वे इस दौरान अपने स्टूडेंट को सिखाते भी हैं। साथ ही बढ़िया स्केच बनाने के लिए मोटिवेट भी करते हैं। विक्रांत बताते है कि इन पेंटिंग को इकट्ठा कर वे ऐग्जीबिशन लगाते हैं। लोगों को इनवाइट करते हैं। वे बताते हैं कि लोग आते हैं और उनकी बनाई गई तस्वीरों की तारीफ करते हैं। क्योंकि ये बहुत ही सजीव होती हैं और वाटर कलर से हाथों से बनाई होती है। उनकी व उनके स्टूडेंट की बनाई कई तस्वीरों को ऐग्जीबिशन में सराहा गया है। और कई बार इनाम भी मिले हैं। वे कहते हैं कि लोग इनको खरीदते भी हैं।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**बुधवार 28 अगस्त, 2023**


फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र दिन 10:22 तक, गंड योग सांय 5:17 तक, बव करण दिन 3:06 तक, चन्द्रमा रात्रि 9:00 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मेष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से प्रातः 7:33 तक है। आज चतुरथी व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 9:16 पर होगा।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:52 तक, शुभ 11:14 से 12:40 तक, चर 3:31 से 4:57 तक, लाभ 4:57 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:56, सूर्यास्त 6:23




### मेष

परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### वृष

मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



### कर्क

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।




### सिंह

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### कन्या

घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



### तुला

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है।




### वृश्चिक

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।




### धनु

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



### मकर

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी और व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।



### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।



### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।




**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# आधुनिक और तेज विकास

## मोदी सरकार की गारंटी

## भजनलाल सरकार कर रही साकार

### शहर के विकास और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में जयपुर के निकट

# वर्ल्ड क्लास हाईटेक सिटी



## जयपुर मेट्रो फेज-2

### सीतापुरा से अम्बाबाड़ी और विद्याधर नगर तक विस्तार

### कनेक्टिविटी

- यातायात सुगमता के लिए मेट्रो सुविधा, जयपुर के मुख्य उत्तर - दक्षिण यातायात कॉरिडोर पर प्रस्तावित।
- कॉरिडोर सीतापुरा और वी.के.आई. औद्योगिक क्षेत्रों एवं एस.एम.एस. अस्पताल, एस.एम.एस. स्टेडियम, टोंक रोड, गांधी नगर रेलवे स्टेशन, टोंक फाटक, रामबाग सर्किल, नारायण सिंह सर्किल सहित संबंधित वाणिज्यिक क्षेत्र को जोड़ेगा।
- चांदपोल मेट्रो स्टेशन पर इन्टरचेंज की सुविधा उपलब्ध होगी।

### आर्थिक लाभ

- **औद्योगिक वृद्धि-** बेहतर कनेक्टिविटी से सीतापुरा और वी. के. आई. औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को गति मिलेगी।
- **बुनियादी ढांचे में निवेश-** क्षेत्र में आर्थिक विकास से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
- **जीवन गुणवत्ता में सुधार-** क्षेत्रवासियों को तेजी से आवागमन, कम प्रदूषण और बेहतर वायु गुणवत्ता से लाभ होगा। यह आम आदमी को विश्व स्तरीय सार्वजनिक परिवहन की सुविधा प्रदान करेगा।

**नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान**

राजस्थान संवाद

# बदमाशों ने युवक का अपहरण किया, दोनों पैर तोड़ सड़क किनारे पटका

## अपहृत युवक को 70 किलोमीटर दूर ले जाकर सड़क किनारे पटक दिया

**कोटपूतली,** (निसं)। जिले के पनियाला थाना क्षेत्र के ग्राम मोरदा स्टैंड पर एक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग कर उसका अपहरण करने और फिर 70 किलोमीटर दूर ले जाकर हथौड़े से उसके पैर तोड़ दिए जाने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम जैनपुराबास निवासी नरेश पुत्र मुलाराम घांघल अपने 9 वर्षीय भतीजे महेश के साथ विगत देर शाम जीप में सवार होकर मोरदा स्टैंड पर बाल कटवाने आया था। दुकान बंद होने के कारण वह कुछ देर बाद वापस घर जाने लगा तो रास्ते में बिना नम्बर की बोलेरो जीप में सवार होकर आए पांच बदमाशों ने उसे पकड़ने की कोशिश की। जब वह नहीं रूका तो बोलेरो सवार एक बदमाश ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी जिसके चलते वह गोली लगने के डर से रुक गया। इसके बाद बदमाशों ने उसे पकड़कर हथियारों के बल पर बोलेरो जीप में डाल लिया। घटना को देख उसका 9 वर्षीय भतीजा बुरी तरह सहम गया और दूर जाकर घटना की सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया जिसके बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा अन्य पुलिस अधिकारियों सहित पनियाला थाना पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए चारों ओर नाकाबंदी के आदेश दिए। वहीं सम्भावित बदमाशों को हिरासत में लेकर पुछताछ शुरू की। किन्तु इस दौरान बदमाश वारदात को अन्जाम देकर खेतड़ी थाना क्षेत्र के पपुरना स्वास्थय केन्द्र के पास नरेश घांघल के हथौड़े से पैर तोड़कर बेहोशी की हालत में पटक कर फरार हो गए।



कोटपूतली में अस्पताल में पर्चा बयान देता घायल युवक।

- घायल युवक को आपसी रंजिश के चलते कई दिनों से ये बदमाश धमकी भी दे रहे थे
- पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग कर हथियारों के बल पर वारदात की

सूत्रों के मुताबिक घायल युवक को आपसी रंजिश के चलते कई दिनों से उक्त बदमाश धमकी भी दे रहे थे। बदमाश उससे मारपीट करते हुए करीब 70 किलोमीटर दूर खेतड़ी थाना क्षेत्र में ले गए नरेश के अनुसार बदमाशों ने उससे बुरी तरह से मारपीट की और फिर उसके पैरों को पत्थर पर रखकर हथौड़े से तोड़ डाला फिर उसे खेतड़ी थाना क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र के पास पटक कर फरार हो गए। रात्रि करीब 10 बजे वहां राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को खेतड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद नीमकाथाना के लिए रैफर कर दिया गया। इधर घटना के वक्त मौजूद भतीजे की सूचना पर लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी तो पुलिस ने चारों ओर नाकाबंदी कराकर बदमाशों का पीछा शुरू किया और संदेह के आधार पर कई संभावित बदमाशों के ठिकानों पर दबिस दी गई।

इसी बीच घायल युवक के बारे में सूचना मिली तो पुलिस ने उसे दस्तयाब कर लिया। बाद में घायल युवक को इलाज के लिए कोटपूतली के जिला अस्पताल लाया गया जहां पुलिस ने उसका मेडिकल करवा लिया है। प्राथमिक पूछताछ में घायल युवक ने बंधा की ढाणी निवासी कुलदीप, सीकर के सुरेश पंडित माधोगढ़ के धोला गुर्जर व अन्य लोगों पर वारदात में लिप्त होने की बात बताई है। पुलिस ने घायल के पर्चा बयान के आधार पर करीब पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के ठिकानों पर आयकर की कार्रवाई जारी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से जुड़े हुए अन्य प्रतिष्ठानों पर चल रहा आयकर सर्वे दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। चार अन्य जुड़े हुए प्रतिष्ठानों पर सर्वे चल रहा है। आयकर विभाग को मिले इनपुट के आधार पर महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगने की जानकारी मिली है। निवेश किए गए दस्तावेजों के अलावा नए प्रोजेक्ट के बारे में भी सुराग मिले हैं।

पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न जिलों में निवेश को लेकर प्लानिंग चल रही थी। लगभग 250 अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और ड्राइवरों की टीमें मुस्तैद है। डेढ़ सौ आयकर अधिकारियों और कर्मचारियों के कुनबे में 40 से अधिक पुलिस के जवान भी शामिल है। आयकर टीम के साथ जयपुर, कोटा, बीकानेर और उदयपुर की आयकर टीमें कार्रवाई कर रही है। जोधपुर की इन्वेस्टिगेशन विंग के अलावा जयपुर और अन्य जिलों की इन्वेस्टिगेशन विंग भी शामिल है। कल रात को आयकर अधिकारियों के सोने के लिए 100 बिस्तरों की व्यवस्था की गई। 250 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम के लिए नाश्ते और भोजन की भी व्यवस्था गई है। विभाग की कार्रवाई रात और दिन लगातार चल रही है। जोधपुर में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

# थिएटर आर्टिलरी ने गोला बारूद का परीक्षण किया

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की थिएटर आर्टिलरी ने अपने गोला बारूद का सफल परीक्षण किया। हथियारों का फायर पावर डेमोस्ट्रेशन किया गया। इस अभ्यास को पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने नजदीक से देखा और इसकी सराहना की। इस दौरान ड्रोन से युद्धाभ्यास की निगरानी की गई। साथ ही भविष्य में होने वाले युद्धों में आधुनिकता के समावेश का भी अभ्यास किया गया। भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजीमेंट की थियेटर आर्टिलरी ने इस दौरान एक साथ कई निशाने साधे। सेना की आला प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन हुआ। सेना के गनर्स ने अपनी मारक क्षमता का सटीक सफल अभ्यास किया।


## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः–एफ 3/लेखा/23–24/5816–36 दिनांक : 15.02.2024

**ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या : 36/2023–24**

नगर विकास न्यास, कोटा की ओर से न्यास, कोटा में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं राजस्थान सरकार के किसी भी राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी विभागो के अन्तर्गत "एए" तथा "ए" क्लास संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 73 कार्यो (UBN No : UIK2324WSOB00776 to UIK2324WSOB00848) हेतु ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यों का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, अनुमानित लागत, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://urban.rajasthan.gov.in/uitkota पर देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/23/13670 अधिशाषी अभियंता

## RajCOMP Info Services Limited (RISL)

C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :–

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost/ EMD | Start of sale /Last date |
|---|---|---|---|
| 24054004/19.02.2024 RIS2324WLOB00098 | RFP for Operation & Maintenance (O&M of 'Pehchan/Self Service Kiosk', for Government of Rajasthan. | Rs. 8.00 Cr/ Rs. 16 Lacs | 23.02.2024 05.04.2024 |

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाईट पर सम्पर्क करें – http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in.

Raj.Samwad/C/23/13735 Technical Director

## राजस्थान नगरीय पेयजल, सीवरेज एवं आधारभूत विकास निगम लिमिटेड

(आर.यू.डी.एस.आई.सी.ओ.) नये पुलिस मुख्यालय के पास, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर, राजस्थान

दूरभाष नं. : 0141-2742240, 2742538, 2742263 फैक्स नं. 2740771

क्रमांक :- एफ. 17(6) रूडसिको/स्टोर/मैन विद मशीन/2020-21 दिनांक :-

**निविदा सूचना संख्या 15/2023-24**

रूडसिको में कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्मिकों (11 मैन विद मशीन) की अनुबन्ध पर सेवायें प्राप्त करने हेतु बोलीदाता/संवेदक से ऑनलाईन ई टेण्डरिंग प्रक्रिया से वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए बोली आमंत्रित की जाती है। निविदा की अनुमानित लागत लगभग रू. 17.50 लाख है। निविदा का विस्तृत विवरण मय नियम एवं शर्तें https://sppp.rajasthan.gov.in, http://urban.rajasthan.gov.in/rudsico एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। निविदाएं दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 06.03.2024 को अपरान्ह 1:00 तक डाउनलोड की जाकर दिनांक 07.03.2024 को अपरान्ह: 3.00 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत की जा सकेंगी। ऑनलाईन प्राप्त निविदा क बिड दिनांक 07.03.2024 को सायं 4:00 बजे संवेदकों की उपस्थिति में खोली जावेगी। UBN No. : RDP2324SLOB00110

राज.संवाद/सी/23/13669 कार्यकारी निदेशक रूडसिको, जयपुर


# जयपुर के डांस ग्रुप की कार आगे चल रहे ट्रक में घुसी

## हादसे में चालक की मौत हो गई, वहीं सात जने घायल हो गये

- रणकपुर स्थित लालबाग होटल में डांस परफॉर्मेंस देकर लौट रहा था जयपुर का डांस ग्रुप
- बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ, हादसे के समय सभी सो रहे थे

**पाली,** (नि.सं.)। पाली के रणकपुर स्थित लालबाग होटल में डांस परफॉर्मेंस देकर लौट रहे जयपुर के डांस ग्रुप की कार का एक्सीडेंट हो गया। हादसा पाली शहर के सदर थाना इलाके में नेशनल हाईवे-62 पर रात 12.30 बजे हुआ। कार में नौ लोग थे, जिनमें से कार के ड्राइवर की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल ले जाया गया।

सदर थाना एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि जयपुर के डायनैमिक डांस ग्रुप की कार का एक्सीडेंट हुआ है। यह ग्रुप होटल में प्रस्तुति देकर लौट रहा था। थाना इलाके में पणिहारी होटल के पास ओवरब्रिज से उतरने के वक्त कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे एक कार चालक की मदद से घायलों को बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और बाकी घायलों को बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचा।

बांगड़ हॉस्पिटल में डांस ग्रुप के घायल सदस्य दिनेश मराठा ने बताया कि दो दिन पहले रणकपुर के लाल बाग होटल में परफॉर्मेंस देने आए थे। सोमवार रात करीब 12 बजे जयपुर जाने के लि निकले थे। परफॉर्मेंस देने के कारण ग्रुप के सभी मेंबर थके हुए थे। हादसे के वक्त सभी सो रहे थे। अचानक सिर पर जोर से चोट लगी तो नींद खुली। चीख-पुकार मच गई। कार में सवार दूसरे साथियों के रोने और दर्द से चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। हमारी कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकराई थी। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। हादसे में कार ड्राइवर जयपुर के चंदलाई, चाकसू निवासी मोतीलाल (45) पुत्र गोपाराम की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में जयपुर के गलता गेट निवासी मोनिका (21) पुत्री अशोक कुमार कोली, जयपुर के पटवा नगर निवासी पुष्कर पार्थ सारस्वत (19) पुत्र जितेंद्र सारस्वत, जयपुर के सांगानेर निवासी पूजा सैनी (24) पुत्री रमेशचंद्र सैनी, टोंक के निवाई निवासी दिनेश (25) पुत्र रामकरण मराठा, आगरा के ताजगंज निवासी शीतल (24) पुत्री दिनेश ठाकुर, जयपुर के श्रीराम मैरिज गार्डन के पास रहने वाली कविता (34) पुत्री रमेश वाल्मीकि, मथुरा हाल जयपुर के प्रताप नगर निवासी रॉकी (26) पुत्र हकीम चौधरी घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में चल रहा है। ड्राइवर का शव बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# करोड़ों की ठगी का आरोपी पुलिस रिमांड पर

- आरोपी ने टूलिप नामक कंपनी बनाकर सैकड़ों लोगों का धन जमा कर ठगी की थी
- विदेश जाने के फिराक में था ठगी का आरोपी, हैदराबाद एयरपोर्ट पर पकड़ा गया

**अजमेर,** (कासं)। टूलिप नामक कंपनी बना कर सैकड़ों लोगों का धन जमा कर ठगी करने के आरोपी प्रकाश चंद उर्फ पीसी जैन को अजमेर पुलिस ने मंगलवार को अजमेर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपी से ठगी की राशि व अन्य जानकारी उगलवाने का प्रयास करेगी।

पुलिस अधीक्षक अजमेर ने जानकारी दी कि आरोपी के खिलाफ 2023 में गंज पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था कि आरोपी ने चिटफंड कंपनी बना कर लोगों को गुमराह किया और उनका करोड़ों रुपया धन जमा कर लिया। बाद में लौटाने का समय आने में वह गायब हो गया। आरोपी के खिलाफ सर्च वारंट जारी किए गए थे। आरोपी को पकड़ने के प्रयास के तहत ही आरोपी विदेश जाने के फिराक में हैदराबाद एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। जहां से उसे अजमेर लाया गया है। आरोपी को यहां न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से पांच दिन रिमांड पर पूछताछ के लिए अदालत ने सौंपा है। आरोपी से सच उगलवाया जाएगा। आरोपी के साथ उसकी पत्नी शशि जैन और अन्य चार-पांच आरोपी हैं। प्रथम दृष्टया मामला 10 से 15 करोड़ का बताया जा रहा है, लेकिन यह 50 करोड़ तक की ठगी का मामला हो सकता है। पुलिस अनुसंधान जारी है।


## Office of The Superintending Engineer, Water Resources Circle, Kota

क्रमांक-SE/WRC/e-NIB-11/2023-24/ दिनांक-

**e-NIB No.- 11/2023-24**

On behalf of the Governor of Rajasthan, e-Tenders are invited from eligible contractors for the work(s) for

Item No. 01Repair, Renovation and Restoration Of Morak Station GP Morak Talab P.S. Khairabad, Tehsil Ramganjmandi, District Kota (Est. cost Rs. 184.23 Lacs)

Item No. 02Repair, Renovation and Restoration Of Ayana Talab G.P. Ayana P.S. Itawa, Tehsil Pipalda, District Kota (Est. cost Rs. 176.62 Lacs)

Item No. 03 Repair, Renovation and Restoration Of Ghatoli Talab G.P.-Ghatoli P.S. Khairabad, Tehsil Ramganjmandi, District Kota (Est. cost Rs. 160.01 Lacs)

Item No. 04 Repair, Renovation and Restoration Of Manda Talab GP Manda P.S. Khairabad, Tehsil Ramganjmandi, District Kota (Est. cost Rs. 158.54 Lacs)

Item No. 05 Repair, Renovation and Restoration Of Ganeshganj Talab G.P. Ganesh Ganj P.S. Itawa, Tehsil Pipalda, District Kota (Est. cost Rs. 141.93 Lacs)

Item No. 06Repair, Renovation and Restoration Of Amarpura Talab G.P. Kudayla P.S. Khairabad, Tehsil Ramganjmandi, District Kota (Est. cost Rs. 136.76 Lacs)

Item No. 07 Repair, Renovation and Restoration Of Julmi Talab GP Julmi P.S. Khairabad, Tehsil Ramganjmandi, District Kota (Est. cost Rs. 123.85 Lacs)

Item No. 08 Repair, Renovation and Restoration Of Luhawada Talab G.P. Luhawad P.S. Itawa, Tehsil Pipalda, District Kota (Est. cost Rs. 122.36 Lacs)

Item No. 09Repair, Renovation and Restoration Of Jaloda Khatiyan Talab G.P. Jalodakhatiyan P.S. Itawa, Tehsil Pipalda, District Kota (Est. cost Rs. 119.53 Lacs)

Item No. 10Repair, Renovation and Restoration Of Hathona Anicut G.P.-Ghatoli P.S. Khairabad, Tehsil Ramganjmandi, District Kota (Est. cost Rs. 104.48 Lacs)

Item No. 11Repair, Renovation, and Restoration Of Aawan Talab G.P.-Aawan Tehsil Kanwas P.S. Sangod, District Kota (Est. cost Rs. 77.78 Lacs)

for the period for 15 Months including Rainy season are invited from interested bidders from 20.02.2024 (9:30 Hr)to 29.02.2024 till 18:00 Hr other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in & www.waterrajasthan.gov.in.

NIB Code: WRD2324A0643

UBN No.: Item No. 01. WRD2324WSOB01912, Item No. 02. WRD2324WSOB01913, Item No. 03. WRD2324WSOB01914, Item No. 04. WRD2324WSOB01915, Item No. 05. WRD2324WSOB01916, Item No. 06. WRD2324WSOB01917, Item No. 07. WRD2324WSOB01918, Item No. 08. WRD2324WSOB01919, Item No. 09. WRD2324WSOB01920, Item No. 10. WRD2324WSOB01921, Item No. 11. WRD2324WSOB01922

Superintending Engineer
Water Resources Circle, Kota

DIPR/C/1362/2024


# निजी बस पलटने से एक दर्जन यात्री घायल

## करणपुर-कैलादेवी सड़क मार्ग पर मरमदा घाटी के पास हुआ हादसा

**करौली,** (निसं)। करणपुर-कैलादेवी सड़क मार्ग पर मरमदा घाटी के पास एक तीखे घुमाव पर अनियंत्रित होकर सवारियों से भरी निजी बस पलट गई। दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए कैलादेवी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से सात घायलों को गंभीर अवस्था में करौली अस्पताल के लिये रैफर कर दिया गया। शेष घायलों का कैलादेवी अस्पताल में उपचार किया गया। सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना और पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घायलों की कुशलक्षेम पूछी।

कैलादेवी थाना अधिकारी मानसिंह ने बताया कि एक निजी बस करणपुर से प्रात: 8:45 बजे सवारी लेकर कैलादेवी के लिए रवाना हुई। मरमदा घाटी से पहले रायबेली और खिजुरे के बीच तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए कैलादेवी अस्पताल पहुंचाया गया। कैलादेवी से सात घायलों को गंभीर व्यवस्था में करौली रैफर कर दिया। घायलों में बस चालक और तीन पुलिसकर्मी शामिल है। दो पुलिसकर्मी स्थानांतरण पर करणपुर से आ रहे थे। जबकि एक पुलिसकर्मी एफएसएल के लिए सैंपल लेकर जयपुर जा रहा था।



जानकारी मिलने पर प्रशासन के अधिकारी करौली अस्पताल पहुंचे।

घायलों में बस चालक भरोसी पुत्र मोहर सिंह निवासी राजौर, योगेश पुत्र टीकम 30 निवासी करणपुर,सिपाही अजय सिंह पुत्र बच्चू सिंह निवासी सिकंदर पुर दौसा, हुकम पुत्र वासुदेव निवासी करणपुर, सिपाही शिवसागर पुत्र रामेश्वर जोगी निवासी गोपालपुर, सिपाही बनेसिंह, रितु पुत्री मनीराम करणपुर का करौली अस्पताल में तथा किरण व कृष्ण कुमार का कैलादेवी में उपचार चल रहा है। घायल पुलिसकर्मी अजय सिंह ने बताया कि चालक तेज गति से बस चला रहा था। रास्ते में भी बस के ऊपर रखे पलंग गिर गए। घटना की जानकारी मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महेरडा करौली अस्पताल पहुंचे।

# हमला करने वाले आरोपियों का पुलिस ने जुलूस निकाला

**पावटा,** (निसं)। कस्बा प्रागपुरा पुलिया के पास सर्विस रोड पर प्रागपुरा निवासी भाई-बहन पर फरसे व पिस्टल से फायरिंग कर जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले दो आरोपियों का प्रागपुरा थाना पुलिस ने मंगलवार को जुलूस निकाला। उन्हें आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय के पुलिस के ध्येय वाक्य के तहत सड़कों पर पैदल घुमाया गया। भीड़ के बीच गुजरते हुए दोनों आरोपी अपना मुंह छिपाते नजर आए।

मामले में विराटनगर डीवाईएसपी रोहित सांखला व प्रागपुरा थाना प्रभारी राकेश मीणा और पुलिस टीम ने क्षेत्र में भय और आतंक खत्म करने के लिए प्रागपुरा थाना पुलिस ने माही उर्फ महेश उर्फ महिपाल पुत्र बनवारी व राहुल गुर्जर पुत्र प्रह्लादको पैदल घुमाया। साथ ही युवती को जान से मारने के घटना स्थल के पास ले जाकर कर मामले की तस्दीक करवाई।

जानकारी के अनुसार, कस्बे के सर्विस रोड, सुभाष चौक, घंटाघर चौक, शनि मंदिर होते हुए कस्बे में दोनों बदमाशों का विराटनगर डीवाईएसपी रोहित सांखला और प्रागपुरा थाना प्रभारी राकेश मीणा ने पैदल जुलूस निकाला। इस दौरान सुरक्षा का पुख्ता ध्यान रखते हुए पुलिस जाप्ता आरोपियों को चारों ओर से घेरे हुए था। कस्बे में इस कार्यवाही की सफलता को लेकर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विराटनगर डीवाईएसपी रोहित सांखला और प्रागपुरा थाना प्रभारी राकेश मीणा समेत उनकी टीम का स्वागत किया।

# 'कांग्रेस में किसी नेता का गुट नहीं, कांग्रेस मजबूत होगी तभी नेता बचेंगे'

- कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस की हार के लिए प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने नेताओं को जिम्मेदार बताया

**जयपुर/बीकानेर।** राजस्थान में कांग्रेस की लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश दौरे पर हैं और लगातार इस बात को लेकर प्रयास में है कि किसी भी तरह से लोकसभा में भाजपा का 25-0 का आंकड़ा इस बार नहीं आने दिया जाए। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि कोई इस गफलत में ना रहे कि राजस्थान में किसी नेता का गुट है। यहां ना अशोक गहलोत का कोई गुट है, ना गोविंद सिंह डोटासरा का कोई गुट है, ना सचिन पायलट का कोई गुट है। यदि कोई गुट की बात करता है, तो वह कांग्रेस को कमजोर कर रहा है और कांग्रेस कमजोर हो गई तो ना गुट बचेंगे, ना नेता।

बीकानेर में आयोजित कांग्रेस के एक बड़े कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद तमाम प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस की हार को लेकर एक बार फिर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने नेताओं को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस कमजोर नहीं हैं, बल्कि किसी लीडर ने कांग्रेस को कमजोर कर दिया हैं। संवाद कार्यक्रम में मंच पर पूर्व मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, गोविंदराम मेघवाल और भंवर सिंह भाटी से रंधावा ने सवाल किया कि हम क्यों हारे ? साथ ही कार्यकर्ताओं से कहा कि आप नहीं हारे हो, स्टेज पर बैठे नेताओं ने आपको हरा दिया। इस बारे में सोचना पड़ेगा। इसी के साथ रंधावा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जुट जाएं। कांग्रेस को मजबूत करना है तो वर्कर की सुननी पड़ेगी। सिर्फ भाषण देने से कुछ नहीं होगा। रंधावा ने कहा कि पार्टी का नेता भले ही किसी पार्टी में चला जाए लेकिन कार्यकर्ता नहीं जायेगा। इस दौरान रंधावा ने गोविंदराम मेघवाल की ओर से दिए गए भाषण जिसमें मेघवाल ने कहा था कि बड़े नेता हमें गोद में ले लें, हम बीकानेर की सीट निकाल देंगे। इस पर रंधावा ने कहा कि हम गोद में तो ले लेंगे, लेकिन गोद में लेने लायक बनो तो सही।

इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने मंच पर बैठे पूर्व मंत्रियों से कहा कि विधानसभा चुनाव की बात को छोड़कर अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें। मेघवाल और डॉ. कल्ला की ओर इशारा करते हुए डोटासरा ने कहा कि आप पर जिम्मेदारी ज्यादा है। इस पर दोनों ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पूरी शिद्दत से पार्टी के साथ काम में लगेंगे।

कोलायत से कांग्रेस के भंवर सिंह भाटी की हार का कारण बने कांग्रेस के पूर्व विधायक रेवंत राम पंवार को लेकर डोटासरा ने पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी से कहा कि आपसे लोगों की नाराजगी है, तो घर-घर जाकर दूर कर लें। डोटासरा ने कोलायत से चुनाव लड़ने वाले रेवंतराम पंवार को भी वापस पार्टी में लेने का संकेत दिए तो भाटी ने कहा कि आप चाहो तो उन्हें वापस ले लो। इस पर डोटासरा ने कहा भाटी की रजामंदी नहीं हुई तो भी रेवंतराम को पार्टी में ले सकते हैं। बशर्ते पंवार की कोई शर्त नहीं हो। इस दौरान डोटासरा ने गोविंदराम मेघवाल को माला और कल्ला को शॉल ओढ़ाकर कहा कि आपका जोश देखकर आपको माला पहनाई है। अब आपको ये लोकसभा सीट निकालनी है।

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी द्वारा केन्द्र और प्रदेश स्तर पर सर्वे भी करवाए जा रहे हैं और सर्वे में तीनों नेताओं के नाम उभर कर सामने आ रहे हैं। इनमें पिछली बार कांग्रेस के टिकट पर लड़े मदनगोपाल मेघवाल सबसे ऊपर चल रहे हैं। हालांकि पार्टी इस लोकसभा चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिला को दे सकती है। अगर महिला प्रत्याशियों की बात करें तो पूर्व खाजूवाला प्रधान सरिता चौहान का नाम टॉप पर है। मदनगोपाल मेघवाल के बाद गोविन्द मेघवाल दूसरे नंबर पर हैं और मोडाराम जिला प्रमुख तीसरे नंबर पर हैं। जबकि सरिता चौहान का नाम भी दावेदारों में शामिल हैं। विदेश से पढ़ाई कर चुकी सरिता चौहान खाजूवाला की प्रधान रही हैं। राजनीतिक सूत्रों ने बताया कि मंथन में चूरू से महिला उम्मीदवार उतारने की बात चल रही है, जिसमें कृष्णा पूनिया का नाम सबसे आगे है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, वृत बारां

क्रमांक-अअ/वृत्त/बारां/2023-24/3167-74 दिनांक-19.02.2024

**निविदा सूचना संख्या-17 से 20/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/कार्य के ठेकेदार तथा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक, दूरसंचार, रेल्वे, सेना अभियांत्रिकी सेवा, अन्य राज्य सरकारों/केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों/संगठनों के पास सूचीबद्ध ठेकेदार, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" श्रेणी के समतुल्य है भी कार्यो के लिये निविदा हेतु नियमानुसार विहित अंग्रिम धनराशि देने के पश्चात निविदा हेतु पात्र होंगे, से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 20.02.2024 प्रात 10.00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है। ऑनलाईन निविदाऐं इसी वेबसाईट पर इछुक संवेदकों द्वारा दिनांक 20.02.2024 से 29.02.2024 सायं 18.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। वेबसाईट पर दिनांक 01.03.2024 को इस कार्यालय में दोपहर 15.00 बजे निविदा खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले दिन कार्यदिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा शुल्क/प्रक्रिया शुल्क/धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ईग्रास के माध्य से चचालान की प्रति इस कार्यालय में 01.03.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक जमा करवाना होगा। विभाग में पंजिकृत स्थाई संवेदक/फर्म का पुनरावलोकन जीवित नहीं होने की स्थिति में निविदा मान्य नहीं होगी।

उक्त निविदा एसपीपी पोर्टल पर प्रकाशित की जा चुकी है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्नलिखित वेबसाईट पर देखे जा सकते है-

1. http://www.eproc.rajasthan.gov.in 2. http://sppp.rajasthan.gov.in

| निविदा | कार्य का विवरण राशि | अनुमानित (लाखों में) | धरोहर राशि 2% | 0.50% | निविदा/प्रक्रिया शुल्क (रूपये में) Tender Fees | RISL Fees | कार्य पूर्ण संख्या करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17/ 2023-24 | Annual Rate Contract for supply and installation of Pump. sets, Feeder Panels and allied works at various schemes under jurisdiction of Dn Baran, Dist. Baran **UBN NO.: PHE2324WSRC13225** | 100.00 | 200000/ | 50000/- | 2000/- | 1500/- | 12 माह |
| 20/ 2023-24 | Annual Rate Contract for supply and installation of Pump. sets, Feeder anels and allied works at various schemes under jurisdiction of Dn Chhabra, Dist. Baran **UBN NO.: PHE2324WSRC13226** | 100.00 | 200000/ | 50000/- | 2000/- | 1500/- | 12 माह |
| 18/ 2023-24 | Annual Rate Contract for Construction and Commissioning of 200 mm and 150 mm tube wells with Submersible umpp sets etc. complete work in all types of strata including defect liability period of 02 year at various villages of PHED Division Baran **UBN NO.: PHE2324WSRC13227** | 60.00 | 120000/ | 30000/- | 2000/- | 1500/- | 12 माह |
| 19/ 2023-24 | Annual Rate Contract for Construction and Commissioning of 200 mm and 150 mm tube wells with Submersible umpp sets etc. complete work in all types of strata including defect liability period of 02 year at various villages of PHED Division Chhabra **UBN NO.: PHE2324WSRC13228** | 60.00 | 120000/ | 30000/- | 2000/- | 1500/- | 12 माह |

*'जल ही जीवन है'*

(प्रमोद कुमार झालानी)
अधीक्षण अभियंता

DIPR/C/1354/2024

# ई-रिक्शा के लिए पार्किंग और रूट तय होगा, बिना पार्किंग सुविधा वाले मैरिज गार्डनों पर नकेल कसेगी

## ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में जयपुर में बढ़ते यातायात दबाव का समाधान करने पर चर्चा हुई



जे.डी.ए. आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें कलेक्टर प्रकाश पुरोहित, यातायात पुलिस, मेट्रो, परिवहन, नगर निगम, जेडीए व पीडब्ल्यूडी समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

- तय बस स्टॉप पर ही रोकनी होगी लो फ्लोर और मिनी बसें, पुराने डीजल रिक्शा हटेंगे
- रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा, ई-रिक्शा के लिए 80 पार्किंग स्थलों की जांच होगी
- शहर में 300 इलेक्ट्रिक बसें संचालित होगी, चार्जिंग प्वाइंट व बस डिपो के लिए 6 से 10 बीघा जमीन तलाशेगा जे.डी.ए. प्रशासन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में ई-रिक्शा के कारण बढ़ते यातायात दबाव और वाहनों की पार्किंग को लेकर मंगलवार को ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में मंथन हुआ। ई-रिक्शा के लिए 80 पार्किंग स्थलों की जांच करने, पुराने डीजल रिक्शा हटाने, शहर में बिना ले-आउट प्लान अनुमोदन संचालित तमाम मैरिज गार्डनों की जांच करने, रिहायशी इलाकों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को रोकने, पार्किंग और नो-पार्किंग क्षेत्रों में संशोधन करने पर भी चर्चा हुई। यातायात, पार्किंग, अतिक्रमण के मामले में जे.डी.ए. नगर निगम और ट्रेफिक पुलिस नियमित निगरानी करेगी। सिटी बसों से लेकर निजी मिनी बसों का ठहराव भी तय बस स्टॉपेज़ पर ही होगा।

दरअसल जे.डी.ए. आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें कलेक्टर प्रकाश पुरोहित, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (ट्रेफिक), मेट्रो, परिवहन, नगर निगम, जेडीए, पीडब्ल्यूडी व जयपुर सिटी बस ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक तीन माह में ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक बुलाई जाये।

बैठक में जयपुर शहर में ई-रिक्शा की पार्किंग के लिए चिन्हित स्थानों की फिजीबिलेटी जांच के लिए डीटीओ प्रवर्तन (परिवहन विभाग), डीसीपी (ट्रेफिक) और राजस्व उपायुक्त, हैरिटेज निगम की एक कमेटी बनाई गई। यह कमेटी ई रिक्शा पार्किंग के चिन्हित स्थानों की अंतिम सूची मोटर व्हिकल एक्ट के तहत जिलाधीश, जयपुर द्वारा अधिसूचना जारी करने के लिए भेजेगी।

बैठक में ई-रिक्शा संचालन के लिए रूट निर्धारित करने और गाइडलाइन्स बनाने पर चर्चा हुई। परिवहन विभाग को पुराने डीजल ऑटो रिक्शो को जब्त करने के लिए कहा गया। पुराने डीजल ऑटो रिक्शा को वाहन मालिकों द्वारा वाहन को डी-रजिस्टर के आवेदन करने पर सर्टिफिकेट ऑफ डिपोजिट (सीओडी) जारी किया जाएगा, जिससे वाहन मालिक को नए वाहन क्रय करने पर नियमानुसार छूट मिलेगी।

बैठक में बताया गया कि जेडीए द्वारा सैटेलाइट बस स्टैंड दिल्ली, सीकर, अजमेर और आगरा रोड पर बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटित की है। जेडीए ने अजमेर रोड बस स्टैंड का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसे शीघ्र ही परिवहन विभाग को हस्तांतरित किया जायेगा। अजमेर रोड बस स्टैंड तक पहुंचने के लिए लॉ-फ्लोर बसों का संचालन किया जायेगा।बैठक में जेसीटीएसएल निदेशक ने बताया कि लगभग 300 ईलेक्ट्रिक-बसें खरीदी जा रही है, जिन्हें बीआरटीएस के साथ-साथ अन्य रूटों पर भी चलाया जायेगा। इन बसों के लिए प्रत्येक मार्ग पर बस डिपो व चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए करीब 6-10 बीघा भूमि की जरूरत पड़ेगी। इस पर जेडीए कमिश्नर ने अधिकारियों को जमीन तलाशने के लिए कहा।

बिना वाहन पार्किंग सुविधा वाले मैरिज गार्डनों के कारण बढ़ रही समस्या को देखते हुए निर्णय लिया गया कि जितने भी विवाह स्थल बिना मानचित्र अनुमोदन संचालित हो रहे है, उन पर कार्रवाई की जायेगी। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पार्किंग सुविधा देखने के बाद विवाहस्थलों को लाइसेंस दें। इसके साथ ही रिहायशी इलाकों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को भी रोका जायेगा।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात एवं प्रशासन) ने बताया कि कुछ सड़कों पर पार्किंग व नो-पार्किंग जोन बदलने की जरूरत है, क्योंकि इन रास्तों पर अब यातायात दबाव बढ़ चुका है। बीआरटीएस कॉरिडोर में रोड कट्स को कम करते हुए पैंसेंजर स्टेण्ड बनाये जाएं, इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

मिनी बस और लॉ-फ्लोर बसें अपने निर्धारित बस स्टॉपेज पर नहीं रूकती, इस कारण यातायात बाधित होता है। इस पर जेडीए कमिश्नर ने तय बस स्टॉप पर ही बसों को रूकवाने के लिए कहा। जेडीसी ने निर्देश दिये कि सांस्कृतिक, जुलूस, धरना-प्रदर्शन की इजाजत जेडीए, नगर निगम, ट्रेफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस के एकमत होने के बाद ही दी जाये।

बैठक में 13 स्थानों पर ट्रेफिक सिग्नल लगाने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी इंडिया से अनुमति लेने के लिए कहा है। करीब 13 स्थानों से अस्थाई-स्थाई अतिक्रमण हटाने, 32 स्थानों पर नो-पार्किंग के बोर्ड लगवाने, 24 स्थानों पर जेब्रा व स्टॉप लाईन व सफेद पट्टी डलवाये, 13 स्थानों पर रोड मीडियन कट बंद करने, 5 स्थानों पर रोड मीडियन की ऊँचाई बढ़ाने और 5 स्थानों पर ट्रेफिक सिग्नल लाईट की ऊंचाई बढ़ाने की मंजूरी दी गई।

# प्रो. बलवीर तोमर 'वर्ल्ड हैल्थ समिट' के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष



**जयपुर**। निम्स विश्वविद्यालय राजस्थान के संस्थापक प्रो. (डॉ.) बलवीर एस. तोमर को वर्ल्ड हेल्थ समिट के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति न केवल प्रो. तोमर के असाधारण नेतृत्व और योगदान को मान्यता देती है, बल्कि निम्स विश्वविद्यालय और पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है। यह पहली बार है जब कोई भारतीय वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन के वैश्विक सम्मलेन में एक अध्यक्ष के रूप में प्रतिनिधित्व करेगा। समिट के मुख्य संरक्षक जर्मन चांसलर, ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति-इमैनुएल मैक्रॉन, और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस हैं।

वर्ल्ड हेल्थ समिट वैश्विक स्वास्थ्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच है। यह दुनिया भर से राजनीति, विज्ञान, निजी क्षेत्र को एक साथ लाता है ताकि सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य और विकास को प्रेरित करके स्वस्थ भविष्य का एजेंडा तय किया जा सके। यह वैश्विक स्वास्थ्य को एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दे के रूप में बढ़ावा देता है और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों की भावना में वैश्विक स्वास्थ्य बहस को बढ़ावा देता है। अपने दूरदर्शी नेतृत्व और स्वास्थ्य देखभाल शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में व्यापक अनुभव के साथ, प्रो. तोमर सम्मेलन को सफलता और प्रभाव की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं। वर्ल्ड हेल्थ समिट 13 से 15 अक्टूबर 2024 को बर्लिन, जर्मनी में आयोजित की जाएगी। निम्स विश्वविद्यालय ने एम8 एलायंस (जो की अंतरराष्ट्रीय स्वास्थय विश्वविध्यालयो का एक ऐसा समूह हैं को हर वर्ष जर्मनी में वर्ल्ड हेल्थ समिट आयोजित करता है) की सदस्यता हसिल की है।

# हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ : पांच महिलाओं समेत 8 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त एक मोबाइल और तीन बाइक भी जब्त

**जयपुर**। बगरू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच महिलाओं सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त एक मोबाइल, तीन बाइक भी जब्त की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए महेंद्र बावरिया (28) निवासी झाबडा बाबा की ढाणी शिवदासपुरा जयपुर,सुनीता देवी (22) निवासी बीलवा कला शिवदासपुरा जयपुर,महादेव बावरिया (45) निवासी प्रागपुरा जिला कोटपूतली,चम्पा देवी (40) निवासी लाडा का बास प्रागपुरा जिला कोटपूतली, सोनू (20) निवासी प्रागपुरा जिला कोटपूतली,कमली देवी (20) निवासी निवाई जिला टोंक, सीताराम बावरिया(30) निवासी निवाई जिला टोंक और मेवा बावरिया (21) निवासी निवाई जिला टोंक को गिरफ्तार किया है।आरोपितों के पास मिले मोबाइल से पीडित की फोटो प्राप्त कर मोबाइल को जब्त किया गया। वारदात में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। साथ ही लूटे गये सामान, रुपये व अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि 26 फरवरी को पीडित शंकर लाल निवासी सीकर ने मामला दर्ज करवाया था कि वह पिकअप गाड़ी चलाता है और सेज कलवाडा से पिकअप में माल भरता है। लगभग दस दिन पहले कलवाडा के पास टी-पोईट पर वह पिकअप लेकर खड़ा था। तभी वहा पर दो लडके एक औरत व दो लडकियां आकर कहती है कि ताउजी पीक अप बचोगे क्या तो पीड़ित ने उनको मना कर दिया। उन्होने उसके मोबाईल नम्बर लेकर कहा की कोई दूसरी पिकअप बिकाऊ हो तो बता देना। इसके बाद इन लोगों ने साजिश कर उसका वीडियो कॉल करना शुरू कर दिया। 25 फरवरी को वह पिकअप गाडी में चंदवाजी के पास से एयरटेल कम्पनी का माल भरकर भीलवाडा, चित्तौडगढ व बांसवाडा रवाना हुआ था। इसी दौरान इन लोगो को फोन आया तो उसने कहा कि वह पिकअप में माल भर कर बाहर जा रहा है। जिस पर फोनकर्ता ने कहा कि बगरू थाने के पास वह आपको मिल जायेगे। आपसे गाडी के बारे में बात करनी है।

पीडित बगरू थाने के पास पहुच कर गाडी रोक दी तो दो लड़कियां आकर उसकी पिकअप मे बैठ गई तथा कहने लगी कि उनके परिवार वाले यहा पास में ही रहते है वहा चल कर गाडी के बारे में बात करेगे। पीडित इनके विश्वास मे आ गया तथा थोड़ा आगे जाते ही जंगल में पिकअप रुकवा ली और अश्लील हरकतें करने लग गई। साथ ही अपने मोबाइल से उसकी फोटो खिच मारपीट करना शुरू कर दिया। तीन महिलाओं सहित छह लोग और आ गए। इन सब ने मिलकर झूठे मामले में फसाने की धमकी देकर सामान जबरदस्ती छीनकर भाग गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर बगरू रीको आस पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल आरोपियों को धर-दबोचा।

# 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान से युवाओं को जोड़े

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अभियान में भाग लेने के लिए देशवासियों को आमंत्रित किया

- केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस अभियान के गान का शुभारंभ किया

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को चुनावी प्रक्रिया को अधिक सहभागी बनाने के सिलसिले में देशवासियों का आव्हान किया और कहा कि सभी वर्ग के लोग पहली बार के मतदाताओं के बीच अपने तरीके से "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान का संदेश फैलाएं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एप "एक्स" पर एक पोस्ट के जरिए अपना संदेश साझा किया।

इसके पहले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्स पर विषयक गान का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य युवा मतदाताओं को वोट देने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सोशल मीडिया एप "एक्स" पर इस गान के शुभारंभ की घोषणा करते हुए मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने हालिया मन की बात संबोधन में आव्हान किया था और इस सिलसिले में राष्ट्र लोकतंत्र के अपने सबसे बड़े त्यौहार के लिए तैयार है, मैं आप सभी से इस अभियान में शामिल होने तथा अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने का आग्रह करता हूं। अनुराग ठाकुर ने बताया कि यह गान भारत के चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए मतदाता जागरूकता अभियान में योगदान देगा।

## सार-समाचार

### आर्ट ऑफ लिविंग का शिविर आयोजित



**जयपुर** । प्रताप नगर स्थित आर.यू.एच.एस. नर्सिंग कॉलेज में आर्ट ऑफ लिविंग युवा सशक्तिकरण एवं कौशल कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें 20 से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी रही। यह नर्सिंग कैंपस में आयोजित होने वाला पहला कार्यक्रम था, कॉलेज की फैकल्टी को-ऑर्डिनेटर ऊषा ने बताया कि छात्र बीते 5 दिनों में हुए परिवर्तन से बहुत खुश और उत्साहित हैं। चिकित्सा पृष्ठभूमि से होने के कारण उन्होंने कार्यक्रम में सीखी गई श्वास तकनीक सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम और ध्यान की और भी अधिक सराहना की। ऐसी तकनीकों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका सीधा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रतिभागियों ने साझा किया कि उनकी नींद की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, वे बेहतर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम हैं और आत्मविश्वास का स्तर बेहतर है। कार्यक्रम का लक्ष्य न केवल आंतरिक शांति बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और जुड़ाव की भावना के साथ बाहरी उत्कृष्टता और गतिशीलता है। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक विवेक अग्रवाल तथा सुविधा मल्होत्रा ने किया। आरयूएचएस डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनाली शर्मा छात्रों के लिए कल्याण गतिविधियों का समन्वय करती हैं और प्रबंधन के सहयोग से कार्यक्रम छात्रों की जोरदार भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। पिछले साल आर्ट ऑफ लिविंग ने आरयूएचएस के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे, जहां डॉ. सुधीर भंडारी ने जयपुर एसएमएस इनडोर स्टेडियम में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया था ।

### लक्षित एकेडमी में वार्षिकोत्सव आयोजित



**जयपुर** (कासं)। लक्षित एकेडमी स्कूल में वार्षिकोत्सव 'उडान-2024' आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। भगवान शिव, हनुमान और रामायण जैसे धार्मिक कार्यक्रमों पर आधारित प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाजसेवी कालूराम मीणा, गिर्राज मीणा, रामकरण शर्मा व सतीश शर्मा ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एडवोकेट मनोज कुमार पाराशर और स्कूल निदेशक मीनाक्षी शर्मा ने सभी को बधाईयां दी।

### रेंजिडेट्स ने किया कार्य बहिष्कार

**जयपुर** । मरीज को गलत रक्त चढ़ाने के मामले में रेजिडेंट डॉक्टर्स पर कार्रवाई का विरोध कर रहे जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजीडेंट डाक्टर्स जार्ड के आव्हान पर एसएमएस में रेजीडेंट्स का कार्य बहिष्कार मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान रेजीडेंट्स ने सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी और आईपीडी का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। दिन में जार्ड के प्रतिनिधिमंडल ने चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से मुलाकात की। इस दौरान रेजिडेंट्स ने अपनी बात चिकित्सा मंत्री के समक्ष रखते हुए रेजिडेंट चिकित्सक पर की गई कार्रवाई को गलत व एकतरफा बताया। इस पर चिकित्सा मंत्री ने इस मामले में किसी भी दोषी को नहीं बख्शने की बात कहते हुए जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कोई निर्णय करने की बात कही।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**जयपुर** । एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना जवाहर नगर एक स्कूल के पास है। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर कच्ची बस्ती टीला नंबर एक निवासी महेंद्र कुमार महावर 25 फरवरी की रात मामा की होटल खाना खाकर घर लौट रहा था। इसी दौरान जवाहर नगर में एक स्कूल के सामने ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे महेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां सोमवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

### जयपुर में मेक्सिकन फूड फेस्टिवल शुरू

**जयपुर**, (का.सं.)। लोगों में मेक्सिकन क्यूज़ीन के लिए लोकप्रियता देखते हुए जयपुर फ़ूड लवर्स के लिए मेक्सिकन फ़ूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। मौका था शहर के टोंक रोड स्थित होटल इंटरकांटिनेंटल जयपुर के सॉकरो में ग्यारह दिवसीय फ़ूड फेस्टिवल मेक्सिकन कलिनरी फिएस्टा का आयोजन का। 10 मार्च तक चलने वाले इस फ़ूड फिएस्टा के लिए मेक्सिको से खास एक्सक्लूसिव शेफ तानिया अपना विविध स्वाद और पारम्परिक डिशेस परोसेंगी। दिनभर चलने वाले डाइनिंग रेस्टॉरेंट सॉकरो में इस लज़ीज़ मेक्सिकन बुफे में वेजीटेरियन मेक्सिकन इंस्पायर्ड स्टफ्ड पैपर्स, मुशरूम्स विद गार्लिक और गुअजिलो चिल्ली, बीट एक्वाचिले, पटैटो और कैक्टस एन सालसा, आर्रोज़ रोजो, मेक्सिकन पिज़्ज़ा, स्ट्रीट नाचोज, ताजिन फ्रूट सलाद, पाइनएप्पल एपन्डास मेक्सिकन राइस और बीन्स आदि मेक्सिको की सिग्नेचर डिशेस को जयपुराइट्स के लिए परोसा जाएगा।

# हैरिटेज निगम का बजट तीसरी बार बिना बोर्ड मीटिंग के सीधे सरकार को भेजा

- इस वित्तीय वर्ष में करीब 1130 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान रखा हैरिटेज निगम प्रशासन ने
- यूं तो प्रत्येक वर्ष में कम से कम 6 बोर्ड मीटिंग होनी अनिवार्य है, लेकिन पिछले 3 सालों में महापौर मुनेश गुर्जर ने सिर्फ एक ही बैठक बुलाई, अब उनका दावा है कि जल्द ही तीसरी बोर्ड मीटिंग बुलाई जायेगी

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम हैरिटेज ने लगातार तीसरी बार बिना बोर्ड बैठक बुलाए सालाना बजट सीधे राज्य सरकार को भेज दिया है। साल 2024 -25 में नगर निगम हैरिटेज द्वारा शहर के विकास और मूल कार्यों पर 1130 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया गया है। इसे राज्य सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। हालांकि बिना बोर्ड बैठक के बजट अनुमोदन को लेकर पार्षदों ने विरोध शुरू कर दिया है।

ज्ञात रहे कि महापौर की कुर्सी संभालने के बाद मुनेश गुर्जर ने सिर्फ एक ही बार बोर्ड मीटिंग फरवरी 2021 में बुलाई थी। इसमें साल 2021 - 2022 का 784 करोड़ रुपए का बजट पारित हुआ था। इसके बाद से मेयर मुनेश गुर्जर ने कोविड और विधानसभा-लोकसभा सत्र का हवाला देकर एक भी बार भी बोर्ड बैठक नहीं बुलाई। साल 2022-2023 में 879 करोड़ रुपए का बजट और वर्ष 2023-2024 में 1082 करोड़ रुपए का बजट सरकार को भेजा गया था। अब एक बार फिर नगर निगम हैरिटेज ने वर्ष 2024-2025 का 1130 करोड़ का रुपए का बजट सीधा राज्य सरकार को भेज दिया है।

जबकि नियमों के मुताबिक एक साल में छह बोर्ड की बैठक होना जरूरी है। ऐसे में नियमों के तहत अब तक 18 बैठक का आयोजन होना चाहिए था। लेकिन तीन साल में 18 की जगह हुई सिर्फ एक साधारण सभा की बैठक ही आयोजित हुई। ऐसे में अब उम्मीद जताई जा रही है कि मार्च के पहले सप्ताह में नगर निगम हैरिटेज की दूसरी बोर्ड बैठक आयोजित हो सकती है।

जयपुर नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा सत्र की वजह से इस बार बजट बोर्ड बैठक का आयोजन नहीं हो सका। क्योंकि मुझे 15 फरवरी तक बजट तैयार कर सरकार तक भेजना होता है। जिसे नगर निगम के आयुक्त संशोधित कर 29 फरवरी से पहले सरकार को अनुमोदन के लिए भेजते हैं। जल्द ही नगर निगम हेरिटेज द्वारा बोर्ड बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसके प्रस्ताव तैयार हो गए हैं। मुझे पूरी उम्मीद ही नहीं बल्कि, विश्वास है कि मार्च में नगर निगम हैरिटेज की बोर्ड बैठक आयोजित की जाएगी।


# ग्रेटर निगम ने एक ही दिन में 32 मृतक आश्रितों को दी अनुकंपा नियुक्ति

## महापौर डॉ. सौम्या और आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**जयपुर** (कासं)। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने मंगलवार को शिविर लगाकर एक ही दिन में 32 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी। कई बरसों के बाद नौकरी मिलने पर मृतक आश्रित परिवारों के चेहरे पर खुशी की झलक आई।

महापौर डॉ. सौम्या व आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने सभी लोगों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति योजना के तहत 25 हजार एवं 30 हजार के चैक सौंपे।

- सफाई कर्मचारियों के होनहार बच्चों को भी 25 व 30 हजार रु. की छात्रवृति दी गई, ऐसी पहल पूरे प्रदेश में सिर्फ ग्रेटर निगम ने की है।



महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और ग्रेटर नगर निगम की आयुक्त रूकमणि रियाड़ से मंगलवार को अनुकंपा नियुक्ति के पत्र पाकर मृतक आश्रितों के चेहरे पर खुशी झलकी।

महापौर ने मृतक आश्रितों को नियुक्ति प्रमाण पत्र सौपते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अनुकम्पात्मक नियुक्ति पाने वाले मृतक आश्रितों से संवाद किया। छात्रवृत्ति के चैक सौंपते हुए महापौर ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ. सौम्या ने बताया कि पूर्व में नियमित सफाई कर्मचारियों के होनहार बच्चों के छात्रवृत्ति के आवेदन 20 फरवरी थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया है। यह किसी नगरीय निकाय द्वारा पहली बार पहल की गई है। छात्रवृत्ति शैक्षिणक वर्ष 2022-23 में राजकीय अथवा मान्यता प्राप्त शैक्षिणक संस्था से माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक उत्तीर्ण छात्रों पर ही लागू होगी। महापौर ने सभी बच्चों एवं अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त करने वाले मृतक आश्रितों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि आगामी दिनों में पुन: शिविर लगाकर अनुकम्पात्मक नियुक्ति के ऐसे प्रकरणों को त्वरित प्रभाव से निस्तारित किया जायेगा। इस अवसर पर चैयरमेन रमेश चन्द्र सैनी, पार्षद गिर्राज प्रसाद, उपायुक्त कविता चौधरी और मुकेश कुमार मौजूद थे।

# बेकाबू होकर कार पलटी: चालक के सीने में होकर एक लोहे के रॉड पेट में जा घुसी

**जयपुर**। जयपुर-दिल्ली हाइवे पर सराय बावडी पुलिस चौकी से आगे सोमवार देर रात एक कार बेकाबू होकर तीन बार पलट गई और फिर सडक पर लगी रैलिंग से टकरा गई। हादसे के बाद कार चालक के सीने में होकर एक लोहे के रॉड पेट में जा घुसी। हादसे की सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और लोहे सरिये को काट कर चालक को बाहर निकाला। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे की वजह ओवरस्पीड मानी जा रही है। पुलिस ने बताया कि मानबाग ब्रह्मपुरी निवासी 33 वर्षीय सफूल इस्लाम सोमवार देर रात को अपनी कार लेकर निकला था। रात करीब साढ़े 12 बजे दिल्ली जाने वाले मार्ग पर उसकी कार बेकाबू होकर तीन-चार बार पलट गई। सड़क पर लगी रैलिंग का सरिया कार व चालक के आर-पार हो गया। सिविल डिफेंस की टीम ने पहले कटर से गाड़ी के गेट को काटा और फिर ड्राइवर के शरीर में घुसी लोहे की रॉड को दोनों तरफ से काटकर बाहर निकाला और घायल अस्पताल पहुंचाया। हादसे में एक लोहे की रॉड कार ड्राइवर के सीने से शरीर में घुसी और पेट को फाड़ते हुए दूसरी तरफ बाहर निकल गई। सिविल डिफेंस की टीम ने 20 मिनट में रॉड काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला।

# आश्रयहीनों के लिए पुनर्वास अभियान

**जयपुर**, (का.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन, अपना घर संस्था, भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान में राज्य के प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर 29 फरवरी से 5 मार्च तक आश्रयहीन, असहाय, बीमार एवं लावारिस रूप में सार्वजनिक स्थलों पर जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु एक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों पर पाए जाने वाले आश्रयहीन, असहाय, बीमार एवं लावारिस व्यक्तियों को रेस्क्यू कर मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन, अपना घर संस्था द्वारा संभाग स्तर पर संचालित आश्रम में प्रवेश दिलाया जाएगा। आश्रम प्रवेशित इन व्यक्तियों को निशुल्क आश्रय, चिकित्सा, भोजन, वस्त्र एवं जीवन यापन की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि अभियान का औपचारिक शुभारंभ 29 फरवरी को एक साथ राज्य के सातों संभागों में किया जाएगा। यह अभियान 29 फरवरी से 1 मार्च तक संभाग मुख्यालय पर तथा 2 मार्च से 5 मार्च तक सभी जिलों में चलाया जाएगा।



## Pink Day


Bullying is a growing problem in the world today and, every year, people hear of more and more incidents coming up regarding bullying in schools, everywhere. Bullying is unpredictable and it doesn't tend to follow any kind of rhyme or reason. It is merely the exertion of power over those who are weaker or who stand out as unusual. *Pink Day* is a day dedicated to beating the 'bullies' and breaking the 'cycle' that creates and perpetuates this damaging behaviour, inside and outside of schools.



#EGGSTRAORDINARY

# This 1,700-Year-Old Egg Never Broke

## Archaeologists still can't fully crack the mystery





About 50 miles north-west of London sits a very old wishing well. Romans used to toss objects into the water here, offering items to the gods for 'good luck.' Nearly 2,000 years later, archaeologists are still finding ancient artifacts from what is now a large, muddy pit, including coins, ceramic pots, shoes, and even bones from between 270 and 300 AD.

The site is called *Berryfields*, which has an Iron Age Roman settlement along its southern edge and medieval earthworks are visible in the northeast section. The area was charitably excavated between 2007 and 2016 by Oxford Archaeology, and results of the field work revealed nearly two millennia of fascinating 'human activity.'

A team of researchers from the United Kingdom believes that the Romans originally used to extract water for brewing ale, and later, transformed the well into a place of ritual. However, in addition to the many objects uncovered from the depths, one item has baffled scientists today, *a 1,700-year-old egg that is completely intact*. The egg was found some years ago, but more recently, scientists made another discovery about it. A Micro-CT scan showed that this ancient egg is still full of liquid. "Organic materials and liquids do not normally survive the depths of time unless in special circumstances," said conservator Dana Goodburn-Brown. "Anaerobic conditions at the site preserved the eggs in situ."

The egg was found among three other broken shells, serving as the first evidence of Roman habitation in what is now 'Britain.' This rare artifact is the oldest example of an *unintentionally preserved avian egg* in existence. It has survived since the third century. Thanks to the environment within the pit! The clay composition of the waterlogged soil prevented oxygen from circulating around the egg, creating a protective cocoon, resistant to decomposition.

In addition to an air bubble, the insides are presumably derived from the yolk and albumen. However, it's unclear what exactly remains in the egg or if it was ever fertilized. In addition to imaging, there are a range of molecular and chemical investigative techniques, alongside comparisons with similar collections, that can help determine what's inside. But ultimately, the egg will need to be pierced to remove its contents for a full analysis.

"Researchers are planning to carefully extract the liquid to better study it," stated Edward Biddulph, Senior Project Manager, who oversaw the site excavation. "It's a controlled process similar to egg blowing, where a tiny hole is made in its shell after creating a 3D model."

Scientists are eager to use DNA testing to establish the species that laid the egg.


This information has potential to divulge important archaeological insights into the culture of ancient Romans, particularly their ritual deposition and animal introductions.

"Normally, we find eggs broken, fragments of shell, sometimes alongside the nail, itself, that ceremonially broke the egg. So, to find one whole is not just unusual in the sense of preservation, but also for having never been broken in the first place," said Steven Ellis, a Roman archaeologist.



# A silver lining in the dark clouds of sports injuries






It is also worth debating that not every sportsman, (also including those who have earned a name for themselves in their chosen sports careers) could be as fortunate as Kapil or Sachin was, in case when an injury afflicts him and nips in the bud his career at threshold level.





Sachin Tendulkar in hospital after surgery.



Sushil Kumar.



Jayant Lakhera.

■ Gyan Bhadra

In 1961-62, during a cricket match between India and West Indies, a body-line delivery from West Indies's pacer, Charlie Griffith hit Indian batsman, Nari Contractor, on his head. He fell on the ground with blood oozing out. He remained unconscious for six consecutive days, though, he made a remarkable recovery. Later, he was never again picked to play for his country.

In 1979-80, *fast-medium bowling all-rounder,* Kapil Dev, suffered from serious knee injury. He needed money to go to England for treatment of his injured knee. It is worth remembering that at that point of time, there was not much money in the 'gentleman's game.' Kapil was also not born with a silver spoon either.

However, God was kind to him. Veteran film actor, Pran, guised as a *good samaritan*, sponsored Kapil Dev's treatment in England. It was akin to 'Godsend help' for Kapil Dev, who was gaining rapid strides in International Cricket.

In 2004, unforgettable batting legend, Sachin Tendulkar, fell prey to the career-threatening injury 'Tennis Elbow.' In London, he went under surgeon's knives and scalpels before donning the robes of a batsman again.

It goes without saying that these are instances of 'sports-related injuries.' They do not ask, just come calling to sportsmen. They catch them, unaware, at any point of time in their careers. In this context, it is also worth debating that not every sportsman (also including those who have earned a name for themselves in their chosen sports careers) could be as fortunate as Kapil or Sachin was, in case when an injury afflicts him and nips in the bud his career at threshold level. And as a recent instance, Sally Pearson, an athlete from Australia, withdrew herself from *100 meters hurdles* in on-going 2018 Commonwealth Games, due to severe 'Achilles Tendon' injury. Earlier in Rio Olympic in 2016, she suffered from 'hamstring injury.' What is more, Sushil Kumar, wrestler, injured his knee, during national selection trials for Asian Championship and 2018 Commonwealth Games.

Especially for sons of lesser Gods, who are struggling at urban, district or state-level to make 'a mark' in the sports of their own choosing, the lack of 'necessary treatment facilities' for sports-injuries mars their careers. If this is disheartening, much more so is 'lack of information relating to whereabouts of sports injury clinics,' situated in different states of the country. Realising this worst aspect of interface between a sportsman and injury, Jayant Lakhera, himself, an ex-player of national football team, launched an all-encompassing sports portal '*sportsbrick.com*' in 2016 to provide sportsmen with ready-reckoner information facilities relating to whereabouts of sports injury clinics, spread across country as a whole.

Of course, the wearer knows where the shoe pinches! Jayant too underwent nightmarish experiences of a sports injury that sniffed out the breath of his football career. "While dribbling the ball during a practice session at U-16 Indian national camp at Madgaon in Goa, I got knee injury, that put an end to my football career," reminisces Jayant with a sigh. Not the one to lose heart, he decided to get better of his sports injury. After initial brainstorming, the idea that took shape was in form of *sports portal 'sports-brick.com*.'

Today, through his portal, he is more than eager to answer injury-related queries from players living in remote areas of the country. Whether it be the case of 'twisted knee' of a player in Noida or 'troubling ligament' for a player from far off Bengaluru, he feels blessed as and when a player, he advises, gets cured. As per his opinion, sports-related injuries need 'specialised treatment' in order to elicit quick recovery response for players. In this regard, *sports injury clinics* could only serve the player's purposes. On this score, the role of general orthopaedic surgeon is limited.

Similar sentiments were also echoed by eminent Hockey Olympian, Gundeep Kumar, as he says, "Informative sports portals and sports injury clinics were few and far between, when I suffered from severe back pain, during the period of selection for Indian men's hockey team at national level in 1990."

"At that time, it seemed as if all hell broke loose for me. As I travel down the memory lanes of that period, I feel indebted to Dr. Cruz, an army doctor, whose untiring efforts to get me well and fit, paved the way for me to enter the Indian team," he recalls, misty-eyed. As he revisits emotions that churned out within him, during that period, he ruefully says that treatment facilities for sports-related injuries were meager, even in metros and big cities. And what was being added, in the form of insult to injury for players then, was that if a player got injured during a practice session at camp, he was at once sent back home. Admittedly, things have now improved to a great extent. "Nowadays, if a player hurts himself at the camp, he is rehabilitated and not asked to return," he says, in a matter-of-factly manner.

It is noteworthy that *sports injury clinics*, in large numbers, are helping injured players with specialized treatment. However, semi-urban or rural areas still lack this much-needed facility.

"More so at school level, players are bereft of this facility. Without exaggeration, I must appreciate my friend and player, Shrikant, who is doing magnificent job relating to sports injury in Delhi. I am of the opinion that any effort, be it sports clinic or sports-related information portal, pioneered by ex-players must be appreciated and given its due," he avers.

**(The writer is Delhi based independent journalist)**

rajeshsharma1049@gmail.com

#SPORT WORTS



Nari Contractor, hit by ball.



Sally Pearson, Australian hurdler, needs surgery but not amputation.




Kapil with Pran.

#EVOLUTION

# Do bat 'nightclubs' hold the secret to stopping the next Pandemic?

> "You can think of swarming behaviour like a social gathering. For bats, it is like going to a club."





Some species of bats are protected against the viruses that they carry because they commonly exchange 'immune genes' during seasonal mating swarms, researchers report. Bats carry some of the deadliest 'zoonotic diseases' that can infect both humans and animals, such as Ebola and COVID-19. The finding of a new study in the journal 'Cell Genomics' could help scientists prevent future pandemics.

"Understanding how bats have evolved 'viral tolerance' may help us learn how humans can better fight emerging diseases," says Nicole Foley from the Texas A&M School of Veterinary Medicine and Biomedical Sciences (VMBS).

"As genomicists, our work often lays the groundwork for research by scientists, who study 'virus transmission' directly. They may be developing vaccines for diseases or monitoring vulnerable animal populations. We all depend on each other to stay ahead of the next pandemic."

Because bats are often immune to the diseases they carry, Foley and Bill Murphy, a professor in the VMBS' Veterinary Integrative Biosciences department, believe that studying 'bats' disease immunity' could hold the key to preventing the next global pandemic.

"Because of the COVID-19 pandemic, the prediction and prevention of outbreaks is front of mind for researchers and the public alike," Foley says. "Several bat species are tolerant of viruses that are detrimental to human health, which means they become reservoirs for disease. They carry the viruses, but crucially, they don't develop symptoms."

To uncover exactly 'how bats have evolved tolerance to these deadly viruses,' Foley, Murphy, and colleagues mapped the evolutionary tree of *Myotis bats*, something they knew to be crucial, in trying to identify which genes might be involved.

"Myotis bats are the second-largest genus of mammals, with over 140 species," Foley says. "They're found almost all over the world and they host a large diversity of viruses."

To add to the difficulties associated with figuring out relationships among species, Myotis and other bat species also engage in *swarming behaviour* during mating.

"You can think of swarming behaviour like a social gathering, there's lots of flight activity, increased communication, and inter-species mingling, for bats. It's not unlike going to a club," Foley says.

Complicating things for the researchers, swarming creates increased numbers of *hybrids*, 'individual bats with parents from different species.'

"The problem with Myotis bats is that there are so many species, about 130, but they all look very similar," Foley says. "It can be very hard to distinguish them from each other, and then hybridization makes it even more difficult. If we're trying to map out how these bats evolved, so that we can understand their disease immunity, being able to tell who's who is very important."

With this in mind, to create a map of the true relationships between Myotis bats, Foley and Murphy first untangled the genetic code for 'hybridization,' so that they could tell more clearly 'which species' were 'which.'

"We collaborated with researchers from Ireland, France, and Switzerland to sequence the genomes of 60 Myotis bat species," she says. "That allowed us to figure out which parts of the DNA represented the species' true evolutionary history and which parts arose from hybridization."

With that part of the puzzle solved, the researchers were finally able to examine the genetic code more closely to see how it might shed light on 'disease immunity.'

They found that *immune genes* were some of those 'most frequently exchanged' between species while swarming.


"Swarming behaviour has always been a bit of a mystery for researchers," Foley says. "Now, we have a better understanding of why this particular behaviour evolved. Perhaps, to promote hybridization, which helps spread beneficial immune gene variants more widely throughout the population."

The findings have opened the doors to new questions about the importance of 'hybridization' in evolution.

"Hybridization played a much bigger role in our findings than we anticipated," Foley says. "These results have led us to wonder to what extent hybridization has obscured genomicists' knowledge of mammalian evolutionary history, so far. Now, we're hoping to identify other instances where hybridization has occurred among mammals and see what we can learn about how they are related and even, how and why genomes are organized the way that they are," she says.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सरकारी अस्पताल में प्रसुताओं को कलेवा योजना का लाभ नहीं मिल रहा

## प्रसुताओं के परिजनों को बाहर से महंगे दामों में दूध व दलिया खरीदना पड़ रहा है

**मालपुरा,** (निसं)। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा में सुरक्षित प्रसव के लिये भर्ती प्रसुता महिलाओं को बीते एक सप्ताह से प्रसुता कलेवा योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। समूह द्वारा पूर्व में चेतावनी देने के बावजूद अस्पताल प्रभारी द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किये जाने से सरकारी योजना से प्रसुताओं के वंचित रहना पड़ रहा है।

मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े व मुख्य मालपुरा के सरकारी अस्पताल में प्रसुता महिलाओं को प्रसुता कलेवा योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार की योजना के अनुरूप विभाग द्वारा अस्पताल में भर्ती होने व सुरक्षित प्रसव के 48 घंटों बाद डिस्चार्ज होने तक प्रसुताओं को कलेवा योजना के जरिये प्रतिदिन चार पारियों में दलिया, दूध व बिस्किट वितरण के लिये लक्ष्मीबाई स्वयं सहायता समुह को अधिकृत किया गया था। महिला समुह को दिसम्बर 2023 व जनवरी 2024 का भुगतान नहीं करने से समुह के सामने आये आर्थिक संकट के बाद समुह के प्रभारियों ने भुगतान नहीं मिलने पर प्रसुताओं को कलेवा वितरण का कार्य बंद करने की 14 फरवरी को ही लिखित व मौखिक में सूचना दे दी थी। इसके बावजूद विभाग के अधिकारियों और अस्पताल प्रभारी ने समुह की चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया। मजबूरन समूह में 22 फरवरी से प्रसुताओं को कलेवा वितरण बंद कर देने के बावजूद प्रभारी द्वारा कलेवा वितरण की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। प्रसुता महिलाओं के परिजनों को बाहर से मुंह मांगे दामों में दूध व दलिया खरीदने पर विवश होना पड़ रहा है।



मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती प्रसुताओं को कलेवा योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

- एक पखवाड़े पूर्व समूह की चेतावनी के बावजूद अस्पताल प्रभारी ने वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की
- महिला समुह को दिसम्बर 2023 व जनवरी 2024 का भुगतान नहीं किया गया था

महिला समूह की पदाधिकारी संजु सोनी ने बताया कि अस्पताल प्रभारी डॉ. अनिल मीणा ने बिना किसी ठोस कारण के ही सितम्बर 2022 से फरवरी 2023 का भुगतान किये जाने के बावजूद प्रभारी ने उनके खाते से तकरीबन 1 लाख 65 हजार रूपये की राशि ऑडिट जांच की बात कहते हुये काट ली। जबकि यह भुगतान उनके द्वारा ही किया गया था। इतनी बड़ी राशि रूकने के बाद भी उन्होंने कलेवा वितरण जारी रखा। लेकिन दो माह से भुगतान नहीं मिलने तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के चलते उन्होंने कलेवा वितरण बंद किया है।

प्रभारी अनिल मीणा ने बताया कि अस्पताल की लेखाशाखा में विभागीय ऑडिट चलने के कारण भुगतान नहीं किया जा सका। ऑडिट पूरी होने के बाद ही पूर्व में काटा गया भुगतान तथा दो माह का बकाया भुगतान किया जायेगा। ऐसे में यह सब तो ठीक है लेकिन समूह की पूर्व में सूचना व चेतावनी के बावजूद प्रभारी व विभागीय अधिकारियों द्वारा कलेवा वितरण की वैकल्पिक व्यवस्थाऐं क्यों नहीं की गई।

# डिफेंस की पढ़ाई कर रहे छात्र ने हॉस्टल में आत्महत्या की

**अजमेर,** (कासं)। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र स्थित एक हॉस्टल में रहकर पिछले एक साल से डिफेंस की पढ़ाई कर रहे छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवाया। मंगलवार को परिजनों की उपस्थिति में पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। परिजन की शिकायत पर पुलिस छात्र के आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच में जुटी है।

क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम जनाना रोड स्थित उड़ान डिफेंस एकेडमी में नागौर गांव खारोलवास निवासी छात्र दिनेश खारोल पुत्र हरि सिंह ने अपने कमरे में पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जब छात्र के दोस्त कमरे पर पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद मिला। सूचना मिलने पर क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो छात्र फंदे पर लटका मिला, जिसे फंदे से उतार कर जेएलएन अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया।

- आत्महत्या से पहले सोशल मीडिया पर मिस यू इंडियन आर्मी स्टोरी डाली, पुलिस मामले की जांच में जुटी
- पुलिस के अनुसार छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते सुसाइड किया है। छात्र के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला

हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह ने बताया कि छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते सुसाइड किया है। छात्र के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने परिजन की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। हालांकि मामले में सुसाइड के कारणों को लेकर जांच की जा रही है। मृतक छात्र के बड़े पिता रतनलाल ने बताया कि उनका परिवार गांव में खेती किसानी काम करता है। छात्र 12वीं पास कर आर्मी में जाना चाहता था इसलिए उसे पढ़ने के लिए अजमेर भेज दिया। करीब एक साल पहले अजमेर के उड़ान डिफेंस अकादमी में पढ़ाई के भेजा था, वह हॉस्टल में ही रहता था। उन्होंने बताया कि रात करीब 8 बजे हॉस्टल के साथियों ने कॉल कर बताया था कि उसकी तबीयत खराब है और हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है, लेकिन, जब हम यहां पहुंचे तो पता चला कि उसने सुसाइड कर लिया है।

**सोशल मीडिया पर डाली मिस यू इंडियन आर्मी की स्टोरी डाली :-** दोस्तों ने बताया कि छात्र दिनेश ने आत्महत्या से पूर्व 1600 मीटर की दौड़ पूरी कर एक रील बनाकर सोशल मीडिया के प्लेटफार्म इंस्टा पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा था मिस यू इंडियन आर्मी। मामले में परिवार ने सुसाइड को लेकर भी शक जाहिर किया है। इधर परिजन ने कहा कि छात्र आत्महत्या नहीं कर सकता, उन्होंने पुलिस से मामले की जांच की मांग की है। पुलिस ने सभी तथ्यों को लेकर जांच में जुट गई है।

## युवक का महिला के साथ बनाया वीडियो

**बीकानेर,** (निसं)। मुक्ताप्रसाद थाना इलाके में दो युवकों ने एक जने को बंधक बनाकर महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाया और फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उससे ब्लैकमेल कर कई बार रुपए ऐंठ लिए। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अब तक लाखों रुपए बटोर लिए।

मुक्ता प्रसाद नगर थाना पुलिस के अनुसार, बीछवाल निवासी 35 वर्षीय राजेन्द्र कुमार अरोडा ने रिपोर्ट में बताया है कि जीतू उर्फ जितेन्द्र सुथार एक अन्य युवक और महिला ने उसे पूर्व नियोजित योजना से मकान में ले जाकर बन्द करके नग्न वीडियो बनाकर उसको वायरल करने की धमकी व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर लाखों रूपये ऐंठ लिये। पुलिस ने लिखित रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## मौसम में बदलाव का दौर जारी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। औद्योगिक नगरी भीलवाड़ा में मंगलवार को भी मौसम में बदलाव का दौर जारी है। सुबह से सर्द हवाएं और बादलों के बीच धूप-छांव का खेल चल रहा है। रात में ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में कमी आई है।

- रात में ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में कमी आई

मंगलवार की शुरुआत भी बादलों के साथ ही हुई लेकिन आज मौसम में कल की तुलना में बदलाव है। बादलों के साथ और धूप छांव की स्थिति बनी हुई है और सर्द हवाओं का दौर जारी है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सोमवार को जिले में कुछ स्थानों पर मामूली बूंदाबांदी भी हुई जिससे तापमान में कमी आई है और सर्दी का असर बढ़ा है। सोमवार को भीलवाड़ा का तापमान अधिकतम 26.1 डिग्री और न्यूनतम 13.4 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में सर्दी एक बार फिर से दस्तक देगी। बारिश, ओले और बिजली गिरने की संभावना भी भीलवाड़ा में जताई गई है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते बादलों का प्रभाव भी रहेगा और दिन के तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट होगी। रात का तापमान सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद जताई जा रही है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते मौसम बिगड़ रहा है और भीलवाड़ा जिले सहित प्रदेश में कई स्थानों बारिश, ओले और बिजली चमकने का अनुमान है।

## सड़क दुर्घटना में मार्बल व्यापारी की मौत

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। गांधीनगर थाना अंतर्गत मार्बल एरिया में पंजाब नेशनल बैंक के सामने ट्रक की टक्कर से युवा मार्बल व्यापारी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक न्यू हाउसिंह बोर्ड निवासी मुकेश बंसल है। पुलिस के अनुसार सांय करीब चार बजे मुकेश बंसल बैंक में कार्य पूरा कर कार में बैठने के लिये बाहर निकला। इस दौरान ट्रक चालक नें लापरवाही से वाहन चलाकर इनको चपेट में ले लिया, जिससे मुकेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही पूर्व विधायक सुरेश टाक भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

**बाप,** (निसं)। फलौदी शहर में नागौर रोड पर स्थित नारी कलेक्शन शॉप की संचालिका की रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद आरोपी की पहचान महिला के पति के रूप में हुई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पति को घटना के 30 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पिस्टल भी बरामद कर ली है।


कार्यवाहक जिला पुलिस अधीक्षक फलोदी सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि 25 फरवरी को दोपहर को सूचना मिली थी कि नागौर रोड स्थित नारी कलेक्शन शॉप पर एक महिला की हत्या हो गई है। जिस पर मौके पर पहुंचकर मृतका की लाश को अस्पताल पहुंचाया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। आरोपी महीराम पुत्र गोपीराम विश्नोई निवासी नगरासर थाना बज्जू जिला बीकानेर की तलाश के लिए अलग अलग टीमों का गठन किया गया। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किये गये। घटना के संबध में मृतका अनामिका विश्नोई के पिता तेजाराम विश्नोई निवासी दयासागर खारा थाना फलोदी ने रिपोर्ट पेश की, जिस पर आरोपी महीराम के विरूद्ध थाना फलोदी पर दर्ज किया गया।

कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवाड़ी के निर्देशन तथा रामकरणसिंह मलिण्डा सीओ फलोदी के निकट सुपरविजन में टीमों द्वारा आपसी समन्वय व परस्पर सहयोग से सूचना व तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर आरोपी महीराम को थाना बाप के गांव कानसिंह की सिड्ड से दस्तयाब किया गया। आरोपी की निशानदेही से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की गई है। आरोपी द्वारा अपनी पत्नि अनामिका विश्नोई से अनबन के कारण हत्या करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी महीराम से प्रकरण की वारदात के संबंध में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।

## शराब सहित दो गिरफ्तार

**सांचौर,** (निसं)। पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा राज्यभर में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थों व तस्करों के विरूद्ध अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी करडा दीपसिह मय जाब्ता ने 334 कार्टन अवैध शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए सरहद अरणाय में देवगिरी पुत्र पदमगिरी गोस्वामी निवासी अरणाय, सुरेश कुमार पुत्र बंशीलाल सुथार के कब्जे से 312 कार्टन पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के बोतले व 22 कार्टन पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के पव्वे व शराब बरामद कर इन्हें गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन पिकअप जब्त किया।

# मंदिर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी



पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी की वारदात का मौका मुआयना किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। रायला के निकटवर्ती ईरांस ग्राम पंचायत के जंगल में स्थित आंवण माता मंदिर में बीती रात्रि को अज्ञात चोरों ने निर्माणधीन मंदिर के ताले तोड़कर सोने-चांदी के श्रंगार सामग्री ले गये थे।

पुजारी व ग्रामीणों को अलसुबह पता लगा कि माताजी के मंदिर चोरी की वारदात हुई जिसकी सूचना गुलाबपुरा पुलिस को सूचना दी गई। चोरी में चांदी के दो मुकट 1200 ग्राम, दो कानों का झुटना चांदी के 400 ग्राम, सोने के एक झूमर जोड़ी 10 ग्राम की, सोने की रकडी 10 ग्राम की , चांदी की आंखों की जोड़ी 25 ग्राम सहित , मेन मन्दिर का ताला तोड़कर ले गये ओर दानपात्र का लॉक भी तोड़ा, साइड में भंडार का लॉक तोड़कर अन्य सामान ले गये थे। पुजारी कन्हैया लाल गुर्जर व ग्रामीण मनफूल जाट, महेंद्र जाट, जगदीश प्रसाद सेन, देवकरण जाट, ओमप्रकाश जाट, शिव लाल जाट, नानू जाट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी की वारदात का मौका मुआयना किया।

# एम.बी. चिकित्सालय से चुराई बच्ची बरामद, महिला गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने एमबी चिकित्सालय परिसर में महिला की बच्ची का अपहरण करने की वारदात का खुलासा करते हुए इस मामले में अपहृत बच्ची को बरामद कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। मामले का तीन दिन में खुलासा करने वाली टीम को जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने पुरस्कृत करने की घोषणा की।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि गत 24 फरवरी को पीड़ित संदीप सराठे पुत्री वृंदावन सराठे निवासी भोपाल एमपी अशोका गार्डन सुन्दरनगर थाना अशोका गार्डन भोपाल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरा साला दिपराज परिहार बीमार होने से 18 फरवरी से एमबी चिकित्सालय वार्ड नं 113 में भर्ती है। तीन दिन सर्जिकल आईसीयू में रहने के बाद 23 फरवरी को वार्ड में रेफर कर दिया था। जहां रात में मेरी पत्नी हिना व तेरह माह की पुत्री अन्यान्शी वार्ड के पास बरामदे में सोए थे। 24 फरवरी को सवेरे जागने पर पुत्री अन्यान्शी लापता होने की जानकारी मिली। इस पर इधर उधर तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।


हाथीपोल थाना पुलिस ने चुराई गई बच्ची को बरामद किया।

- 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से हुआ खुलासा
- जिला पुलिस अधीक्षक ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल, मंजीत सिंह, पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सिंगारिया के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श परिहार, टीडी थानाधिकारी फैलीराम, स्पेशल टीम प्रभारी देवेन्द्रसिंह मय टीम ने मौके से मिले साक्ष्यों एवं 400 से अधिक सीसीटीवी केमरों की मदद से अनुसंधान कर एक चौकीदार व महिला की पहचान की। इस पर चौकीदार से पता चला कि महिला से वह परिचित है। इस मामले में पुलिस की टीम ने मंजु गमेती उर्फ लीलाबाई हाल पत्नी रोशन गमेती गांव करोलों का गुड़ा चिरवा के डोरियों फला महादेवजी मंदिर के पीछे पहाड़ियों में घर से डिटेन किया। बच्ची को बरामद कर मां हीना व पिता संदीप से पहचान करवा कर सीडब्ल्यूसी को सूचित कर उन्हे सौंपा तथा आरोपी महिला को गिरफ्तार किया।

# 25 किलो दूषित चॉकलेट बर्फी व मावा बर्फी को नष्ट किया

## "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान" के तहत कार्रवाई की, जिले में अब तक 112 नमूने लिये

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान" के अन्तर्गत जिला कलेक्टर नमित मेहता व अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्रपुरी गोस्वामी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा के जांच दल गठित कर प्राप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत भीलवाड़ा में मैसर्स अम्बे कचोरी एण्ड स्वीट्स, शारदा चौराहा से मलाई बर्फी का 1 नमूना लिया व 25 किलो दूषित व बदबूदार चॉकलेट बर्फी व मावा बर्फी को नष्ट कराया। मैसर्स सोडानी फूड इण्डस्ट्रीज पुर रोड एवं बजरंग रोलर फ्लोर मिल से गेहूँ के आटे के 2 नमूने लिऐ गये। खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीश कुमार शर्मा, गोपाल लाल शर्मा, प्रेमदत्त शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला अजमेर में जाँच हेतु भिजवाया जायेगा तथा रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।



खाद्य सुरक्षा के जांच दल ने प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की।

"शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान" के तहत अब तक सम्पूर्ण जिले में कुल 112 नमूने लिये गये है। शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत संपूर्ण जिले मे अनवरत रूप से कार्यवाही जारी रहेगी। मिलावटियों एवं तेल, मसाले को खुले में बेचने वाले के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि खाद्य व्यापारियों को दिये गये निर्देशों की अवहेलना करने पर सम्बधित के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# शराब ठेकेदार से लूट की वारदात का खुलासा, छह जने गिरफ्तार

## शराब ठेकेदार से बदमाश 8.15 लाख रूपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए थे

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद थाना क्षेत्र में शराब ठेकेदार के साथ हुई लूट की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को बापर्दा और तीन को अपराध में साथ देने वाले को आसींद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन और आसींद थाना प्रभारी हंसपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने इस बड़ी लूट की वारदात का खुलासा तीन दिन में कर दिया।

जानकारी के अनुसार बीती 23 फरवरी की रात आसींद निवासी नोरतमल मेवाड़ा शराब ठेकेदार दुकान से कलेक्शन लेकर घर जा रहा था। तभी भीलवाड़ा रोड पर बाइक सवार तीन जनों ने ठेकेदार की बाइक को धक्का मारकर नीचे गिरा दिया और बदमाश 8 लाख 15 हजार रूपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने आसींद थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी भी लगाई। गहन छानबीन और सोशल मीडिया के साथ मुखबिर की सहायता लेकर बदमाशों को ढूंढ निकाला और वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी भीलवाड़ा निवासी 21 वर्षीय गौतम सिंह, 22 वर्षीय विष्णु हरिजन, 24 वर्षीय अज्जू उर्फ अजय साइमन को बापर्दा गिरफ्तार कर किया। साथ ही इनके सहयोगी दिलीप मेवाड़ा आसींद, भगवान मेवाड़ा रतनपुरा बदनोर, सद्दीक मोहम्मद सूठेपा बडलियास को भी गिरफ्तार कर लिया।


आसींद पुलिस ने शराब ठेकेदार से लूट की वारदात का खुलासा कर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले

आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले और रूट मैप देखे, पूछताछ में आमने आया कि आरोपियों ने दो महीने पहले आसींद के बाहर शराब पार्टी की थी उस दौरान प्रार्थी की दिनचर्या को भाप लिया और मोटी रकम हाथ आने के चलते वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर लूट की रकम बरामद करने के प्रयास कर रही है। टीम में कोतवाली थाना प्रभारी राजपाल सिंह, करेड़ा थाना अधिकारी अर्जन लाल के अलावा कांस्टेबल डी एस बी शाखा राघवेंद्र सिंह ( विशेष योगदान) को शामिल किया गया।

## 24 पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय अजीतगढ़ में नीमकाथाना जिला स्तरीय उत्कृष्ट सेवा कार्य उपलब्धि प्राप्त पुलिस कार्मिक सम्मान समारोह नीमकाथाना उपाधीक्षक जोगेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट उपतहसीलदार दाताराम गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह में 24 पुलिस कार्मिकों को त्वरित कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि नीमकाथाना उपाधीक्षक जोगेंद्र सिंह ने कहा कि घटना कारित होने पर अपराधियों को पकडने के लिये पुलिस को तत्काल सहयोग दें। रास्ता जामकर, धरना प्रदर्शन करके पुलिस का ध्यान भटकाकर व्यवधान पैदा नहीं करें। उप तहसीलदार दाताराम गुर्जर ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी ने सराहनीय कार्य किया है। पुलिस का सम्मान प्रेरणादायी है। सोसायटी के ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा ने सोसायटी के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिवेदन पढा। इस मौके पर अजीतगढ थानाधिकारी मुकेश कुमार, विजय यादव, दिनेश गोविंद शर्मा, डा.मंगल यादव, तहसील प्रभारी कपिल मीणा, मोहम्मद शरीफ गौरी, महेश दीवान, दुर्गा प्रसाद जिंजवाडियां व कन्या महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।

# मनोहरपुर में फिर पकड़ा ज्वलनशील केमिकल का कारोबार

**जयपुर,** (निसं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने दो दिन बाद फिर मनोहरपुर थाना इलाके में अवैध ज्वलनशील केमिकल के कारोबार का खुलासा किया है। थाना क्षेत्र स्थित एक गोदाम में स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश देकर करीब 25 लाख रुपए कीमत का 13750 किलो अत्यधिक ज्वलनशील कैमिकल, चोरी में प्रयुक्त उपकरण के साथ बरामद किए हैं।

- **ए.जी.टी.एफ. ने टैंकरों से चोरी कर गोदाम में रखा 13750 किलो अत्यंत ज्वलनशील केमिकल बरामद किया**



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने मनोहरपुर थाना इलाके में एक गोदाम से ज्वलनशील कैमिकल, चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि दो दिन पहले 24 फरवरी को एजीटीएफ की टीम द्वारा दिल्ली अजमेर हाईवे पर स्थित नवलपुरा गांव में गोदाम में दबिश देकर 60 लाख रुपए कीमत के ज्वलनशील केमिकल के साथ, 1.25 लाख नगद, 3 वाहन एवं चोरी में प्रयुक्त उपकरण जप्त कर मुख्य सरगना सहित तीन जनों को पकड़ा गया था।

एडीजी एमएन ने बताया कि हाइवे पर गोदाम लेकर ऐसे गिरोह के व्यक्ति ज्वलनशील केमिकल लेकर जा रहे टैंकर के ड्राइवर से सांठ गांठ कर टैंकर पर लगी कंपनी की सील को तोड़ें बगैर ही केमिकल चुरा लेते हैं।

ट्रक ड्राइवर को इसके एवज में कुछ रुपए देकर आगे यह केमिकल बेच मोटा मुनाफा कमाया जाता है। एमएन ने बताया कि आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम के प्रभारी एएसआई बनवारी लाल व सदस्य कांस्टेबल जितेंद्र को मनोहरपुर थाना इलाके के एक और गोदाम में इसी प्रकार के अवैध कारोबार संचालित होने की आसूचना प्राप्त होने पर 3 दिन तक निगरानी रखी गई।

आसूचना की पुष्टि होने के बाद मंगलवार को स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से नेशनल हाईवे सर्विस रोड पर दौसा पुलिया बाईपास के पास स्थित गोदाम में दबिश दी गई। पुलिस की भनक लगते ही गिरोह का सरगना अशोक असवाल निवासी मनोहरपुर और उसके साथी फरार हो गए। मौके पर मिले 250 किलो क्षमता के 54 ड्रम एवं 50 किलो क्षमता के पांच ड्रमों से कुल 13750 किलो ज्वलनशील कैमिकल/पदार्थ बरामद किया गया।

इस कार्रवाई के दौरान टीम ने 60 बड़े एवं 40 छोटे खाली ड्रमों के साथ चोरी में प्रयुक्त उपकरण भी जप्त किए हैं। मामले में आईपीसी की संबंधित धाराओं के अंतर्गत थाना मनोहरपुर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना पुलिस फरार अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

## पंडित मिश्र की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**लालसोट,** (निसं)। लालसोट कस्बे के इतिहास रचयिता स्व. पंडित कल्याण प्रसाद मिश्र की 28 वीं पुण्यतिथि पर उपखंड मुख्यालय स्थित संस्कृत महाविद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्व. पंडित मिश्र द्वारा क्षेत्र में संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा की क्रांति लाई गई थी एवं प्रमुख तौर से प्रमुख समाजसेवी के रूप में लोगों के अंदर स्थानीय सामाजिक संस्कृति की नींव को मजबूत करने का कार्य किया था। संस्कृत महाविधालय संस्था के संस्थापक एवं आजीवन संचालक स्व. पंडित कल्याण प्रसाद मिश्र की 28वीं पुण्यतिथि के साथ आचार्य विद्यासागर को विनयांजलि व गुणानुवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं लालसोट में इस वर्ष में दिवंगत हुए संस्कृत विद्वानों एवं संस्कृत प्रेमियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में जैन महिला संघ की महिलाओं के द्वारा मंगलाचरण किया गया। इस अवसर पर रक्षा मिश्रा ,संस्था अध्यक्ष रामविलास शर्मा सचिव दिनेश मिश्रा , आचार्य कैलाश चंद्र शर्मा, प्रबंध समिति सदस्य पंडित केदार प्रसाद मिश्र , पंडित वृद्धिचंद्र शास्त्री, सीताराम बढ़ाया , पंचूराम शर्मा, बसंत पाटनी, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया



**जयपुर,** (निसं)। श्री श्याम बाबा एवं दशावतार भगवान के 18वां पाटोत्सव के उपलक्ष में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मुरलीपुरा के प्रतापेशवर पार्क में चल रहा है। मुख्य यजमान अर्जुन व सीता रैबारी ने बताया कि कथा में मंगलवार को नंदोत्सव मनाया। कथा वाचक राधा मोहन शरण महाराज अपनी संगीतमय वाणी से भक्तों को कथा का रसास्वादन करवा रहे हैं कथा के प्रसंग में आज वामन बली चरित्र कथा भगवान राम और श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष में कपडे खिलौने सूखे मेवे फ़ल की जमकर उछाल हुई भक्तों के द्वारा बधाई गान उत्सव मनाया गया पूरे कथा स्थल को गुबारों से सजाया गया कृष्ण जन्म के मौके पर श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य करके खुशियां मनाई कथा प्रतिदिन 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक हो रही है कथा का विश्राम 2 मार्च को हवन पूजन पूर्णाहुति भंडारे के साथ होगा।

### प्याऊ का उद्घाटन

**टोंक,** (निसं)। अस्पताल चिकित्सालय समिति टोंक की स्वीकृति से महावीर उद्यान पटेल सर्किल टोंक पर निर्मित प्याऊ का अजीत प्रसाद जैन डैडी झिलाय हाल सिविल लाईन टोंक की पुण्य स्मृति में इंद्रा जैन धर्म पत्नी एवं अवधेश कुमार जैन पुत्र द्वारा पुन: नव-निर्माण कर शीतल जल हेतु प्रशीतक यंत्र लगाकर आजीवन उक्त प्याऊ की देखरेख का दायित्व ग्रहण किया। उक्त प्याऊ का उद्घाटन कार्यक्रम के अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, पारस जैन जयपुरिया, श्याम लाल जैन सीए, ओमप्रकाश गुप्ता, डॉक्टर चेतन कुमार जैन एवं श्रीमती इंद्रा जैन द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में सभी लोगों ने अवधेश के इस पुण्य कार्य की अनुमोदन कर माला पहनाकर सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि चिकित्सालय समिति के सदस्य ओम प्रकाश गुप्ता ने अस्पताल धर्मशाला की वस्तुस्थति एवं होने वाले रीनोवेशन कार्यों, प्रधानमंत्री जन ओषधि केंद्र की स्थापना के बारे में जानकारी देते हुए अपनी ओर से शुभकामनायें दी।

### सेमिनार आयोजित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। आदर्श महिला बी एड कॉलेज श्रीमाधोपुर में संस्था निदेशक जितेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर बाबूलाल सैनी ने बताया कि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के स्मार्ट रिसोर्स पर्सन सतीश यादव ने वर्तमान समय में निवेशकों के साथ होने वाले फ्रॉड से बचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्मार्ट पर्सन यादव ने सेबी में वित्तीय निवेश के बारे में सारथी ऐप, सीप, म्युचुअल फंड, एपी,और डिमैट अकाउंट आदि के माध्यम से वित्तीय प्लानिंग की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध करवाई। सेबी के टोल फ्री नंबर 18002667575 के माध्यम से फ्रॉड संबंधी समस्याओं के समाधान संबंधी बातें बताई गई। इस अवसर पर समस्त छात्राध्यापिकाएं, सतीश कुमार तोमर, धर्मपाल वर्मा, भागीरथ शर्मा, मुकेश शर्मा, अनीता शर्मा, बहादुर सिंह महला, सुभाष सहित समस्त स्टाफ गण उपस्थित रहे।

### ईओ ने पदभार ग्रहण किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। नगर पालिका में नए ईओ छगनलाल यादव ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। देवली से तबादला होकर आए यादव को पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत ने पदभार ग्रहण करवाया। इसके साथ ही कनिष्ठ अभियंता चन्द्र प्रकाश चौधरी, आरआई रजत जैन, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र जाखड़, हरि सिंह बगड़िया, मनीष शर्मा, गणेश जैदिया, अशोक कुमार सैनी फायरमैन ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष ओंकार सिंह राठौड़, पार्टी कार्यकर्ता कमल जैन, रोशन बिजारणिया, श्रवण आचार्य, रविंद्र ओसवाल आदि थे।

## पालिका अध्यक्ष वार्डों में सफाई व्यवस्था देखने पहुंची

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल सुबह शहर विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था को देखने के लिए पहुंची। पालिका अध्यक्ष सिंघल ने बताया सफाई व्यवस्था में लगे 90 कर्मचारियों में 84 कर्मचारी सफाई करते मिले। सफाई व्यवस्था को भी अध्यक्ष ने ठीक बताया है।

- **महिला सफाई कर्मचारियों ने लगाया समय पर वेतन नहीं मिलने का आरोप**

निरीक्षण पर पहुंची पालिका अध्यक्ष सिंघल से सफाई कर्मचारियों ने वेतन कम मिलने और समय पर नहीं मिलने की शिकायत की तो पालिका अध्यक्ष सफाई ठेकेदार का पक्ष लेती नजर आई। शहर में कितनी सफाई है उसकी वह तो मुख्य बाजार की नालियों व उपखंड कार्यालय के सामने स्कूल की लगती चार दिवारी से बने नाले में जमा रहने वाली गंदगी से पता लग सकता है।

मुख्य बाजार में 15 दिन में एक बार नगर पालिका के कर्मचारी नालियों की सफाई करने के लिए आते हैं। उसमें भी कई बार रविवार होने के कारण नालिया साफ होने से रह जाती है। मुख्य बाजार की नालियों में इतनी गंदगी जमा है कि पानी आगे निकल ही नहीं पाता है और नालिया साफ होने के बाद भी गंदगी के पानी से भरी रहती हैं। सफाई कर्मियों की माने तो नालियों में बीच-बीच में दुकानदारों ने अवरोध पैदा किया हुआ है जिसके कारण नालियों की सफाई ठीक से कर्मचारी नहीं कर पाते हैं। नालियों में बीच-बीच में दुकानदारों की ओर से किए गए अवरोध को हटाने के लिए सफाई कर्मचारी अनेक बार सफाई ठेकेदार व अधिकारियों को बोल चुके हैं। यह बात पार्षद और पालिका अध्यक्ष भी जानते है कि नाले नालियों की सफाई अवरोध के कारण ठीक से नहीं हो पा रही है।

# कलेक्टर ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए

**खैरथल,** (निसं)। खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला आमजन की मूलभूत सुविधाओं को लेकर पूरी तरह एक्शन मोड़ पर है। जिला कलेक्टर ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से जिले के एसडीम, तहसीलदार एवं बीडीओ की बैठक ली है। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा सभी उपखंड की मॉनिटरिंग की जाएगी और पैरामीटर के आधार पर चयन कर रैंकिंग दी जाएगी।

जिला कलेक्टर शुक्ला ने जिले के समस्त एसडीम को निर्देशित किया कि वह समय-समय पर अपने सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचाकरयों की मीटिंग कर उनके कार्यों की समीक्षा करेंगे। जिला स्तर के समस्त उपखंड की मॉनिटरिंग की जाएगी जिसके तहत चयन किए गए पैरामीटर के आधार पर हर उपखंड की रैंकिंग दी जाएगी।




जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारियों की बैठक ली।

उपखंड अधिकारियों को अपने कार्यों के साथ-साथ रोजाना जलदाय विभाग की जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन योजना की मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए हैं। इसके साथ स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्र में नल कनेक्शन देकर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश है।

जिला कलेक्टर ने उपखंड स्तर पर लंबे समय से लंबित सभी कोर्ट, कन्वर्जन अलॉटमेंट, लैंड संबंधित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। सभी उपखंड अधिकारियों को जिला कलेक्टर ने कहा

- **एसडीम, तहसीलदार एवं बीडीओ को दिए फील्ड में काम करने के निर्देश**

अपने-अपने क्षेत्र में कार्यालयों का समय-समय पर निरीक्षण कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर कार्रवाई से जिला कार्यालय को अवगत कराएंगे। लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारी कार्मिक के विरुद्ध कार्रवाई करने में किसी प्रकार की कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर खैरथल-तिजारा सुरेंद्र सिंह यादव, सहायक निदेशक समाज कल्याण महेंद्र कुमार एवं वीसी माध्यम से अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी अश्विन के. पंवार, सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार व बीडीओ उपस्थित रहे।

# पत्रकार पर हमले के आरोपियों को कठोर सजा दिलाने की मांग

**देवली,** (निसं)। एक पत्रकार संगठन के सदस्यों ने प्रदेश के राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पत्रकार पर हुए हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलाने की मांग की है।

- **उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा**

पत्रकार संगठन ने ज्ञापन में बताया कि गत 23 फरवरी की रात्रि को संवाददाता बनवारी लाल वर्मा पर कवरेज से लौटते वक्त बजरी खनन माफियाओं ने लोहे के हथियारों व लाठियों से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। वर्मा को सूचना मिली कि टोंक जिले के दूनी थाना क्षेत्र के राजमहल ग्राम के समीप बनास नदी में बजरी का अवैध खनन व परिवहन हो रहा है। सूचना के बाद पत्रकार मौके पर पहुंचे यहां उन्होंने अवैध बजरी खनन व परिवहन का कवरेज किया। कवरेज करने के बाद पत्रकार बनवारी पोल्याड़ा पुलिस चौकी पहुंचे जहां उक्त मामले की जानकारी वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को दी। पुलिस चौकी से पत्रकार अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में ही कार में सवार होकरआये आधा दर्जन से अधिक बजरी खनन माफियाओं ने पत्रकार पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिस पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में बनवारी के दोनों पैरों व कलाइयों में फ्रैक्चर हो गय जिनका राजकीय चिकित्सालय में ऑपरेशन किया गया तथा उपचार जारी है। ज्ञापन में बताया कि दूनी पुलिस थाने में उक्त मामले की नामजद रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। इसमें खनन माफिया व आदतन अपराधी नोरतमल बैरवा निवासी पनवाड़ मोड, देवली जिला टोंक सागर मीना निवासी पनवाड़ का झोपड़ा,पप्पू लाल धाकड़ निवासी पनवाड़ मोड सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है परंतु पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम बनी हुई है।

उक्त घटना से क्षेत्र के सभी मीडियाकर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। देवली पत्रकार संगठन व सभी पत्रकारों ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि देवली उपखण्ड तथा इससे सटे हनुमान नगर थाना क्षेत्र में भी बजरी का अवैध खनन व परिवहन करने वालों का आतंक व्याप्त है। तेज रफ्तार से बजरी परिवहन करने वाले ट्रेक्टरों, डम्परों व ट्रेलरों से आये दिन दुर्घटनाएं कारित होती रहती है।

## ब्राह्मण महासभा ने ज्ञापन दिया

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा पुलिया के पास सर्विस रोड पर प्रागपुरा निवासी भाई-बहन पर फरसे व पिस्टल से फायरिंग कर किये गये हमले के मामले को लेकर पावटा प्रागपुरा ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं एवं पूर्व जिला पार्षद बीजेपी ललित गोयल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम पावटा तहसीलदार मोनिका शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पीड़िता वह उसके परिवार को न्याय दिलाने व मामले में दोषी पुलिस अधिकारियों व अपराधियों को संरक्षण देने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए कडी से कडी सजा की मांग की। पीड़िता वह उसके परिवार को संभल प्रदान करते हुए आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी सहित पीड़िता व उसके परिवार को भविष्य में सुरक्षा दिलवाए जाने की मांग की।

वहीं सोमवार देर रात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पीड़ित युवती व परिजनों से मिलने जयपुर में एसएमएस अस्पताल पहुंचे।

# फुलेरा से किसान ट्रैक्टर रैली रवाना

**फुलेरा,** (निसं)। किसानों का आंदोलन लगातार जारी है। एमएसपी सहित कई मांगों को लेकर किसानों ने केन्द्र के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है।

किसानों के समर्थन में सोमवार को कस्बे की ईटावा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से विधायक विद्याधर सिंह चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने विशाल ट्रैक्टर रैली डीजे की धूम के साथ निकाली। ट्रैक्टर रैली को प्रात: 11.30 बजे विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने स्वयं ट्रैक्टर रवाना कर रैली को रवाना किया। गौरतलब है कि उक्त रैली फुलेरा से प्रारंभ होकर, सिनोदिया मोड़, त्योद, भाटीपुरा, श्यामपुरा होते हुए रेनवाल पहुंची। इसके बाद रैली चौमू सीमा तक पहुंची। इस दौरान रैली में सैकड़ों की तादात में किसान ट्रैक्टरों के आगे जैली लगाकर चल रहे थे।

साथ ही रैली में विधायक विद्याधर सिंह भी किसानों के साथ ट्रैक्टर चलाकर साथ-साथ चल रहे थे। इस दौरान पुलिस प्रशासन का लवाजमा भी सुरक्षा की दृष्टि से अपनी व्यवस्था लेकर रैली के साथ साथ रहा था। इस दौरान विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों की जायज मांगों को अनदेखा कर रही है। इसके चलते किसानों की मांग पूरी न होने के कारण किसानों को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। साथ ही आगे बताया कि एक ओर तो सरकार किसान हितेषी होने के बड़े बड़े दावे करती है। लेकिन दूसरी ओर किसानों के साथ ही अन्याय कर रही हैं। इस अवसर पर रैली में जितेन्द्र अग्रवाल, अमर चन्द सैनी, योगेश सैनी, मनोज कुलहरी सहित अन्य सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

- **विधायक ने रैली को हरि झंडी दिखाई**


**कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज**

(जलेबी चौक, बड़ी चौपड़)

क्रमांक :- एफ-20( )/अधि. अभि. (वि.) हैरि./ननिज/24/97 दिनांक :- 21/02/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 43/2023-24**

नगर निगम जयपुर हैरिटेज की ओर से विद्युत कार्य हेतु नगर निगम जयपुर में व अन्य विभागों में नये नियमों के अनुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट **http;//sppp.rajathan.gov.in & www.jaipurmcheritage.org** पर निम्न UBN No. JMC2324WSOB01562 पर देखा जा सकता हैं।

इच्छुक संवेदकों को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।

अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

राज.संवाद/सी/23/13650



प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक**

क्रमांक-नपासा/2023/ **लोक सूचना** दिनांक-29.02.2024

1. श्रीमती पूजा सैनी पत्नि श्री मनोज सैनी जाति माली निवासी मालियों की ढाणी ईरोलाव तहसील फुलेरा जिला जयपुर प्रान्त राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| क्र.सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | लालपुरा | 3200/3177 | कुल किता 01 रकबा 0.6169 हैक्टेयर | 01 रकबा 8169 वर्गमीटर भूमि को आवासीय में रूपान्तरण हेतु। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 27.02.2024 को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक


## जिला कार्यकारणी ने शपथ ली

**टोंक,** (निसं)। सर्व ब्राह्मण महासभा जिला टोंक की नवगठित जिला कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् डॉ. हेमंत शर्मा गंगापुर थे, विशिष्ठ अतिथि प्रदेश मंत्री दिनेश शर्मा थे, अध्यक्षता शंभुदयाल शर्मा ने की।

जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को नवगठित जिला कार्यकारणी की जानकारी दी। इसके बाद मनोनीत सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर डॉ. हेमंत शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दी। प्रदेश मंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि महासभा ने जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में लगातार समाज की एकजुटता को प्रदर्शित करने जैसे विभिन्न आयोजन किए है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शंभुदयाल शर्मा ने कहा कि 2005 से लगातार, विभिन्न आयोजन के माध्यम से महासभा ने अपनी सक्रियता बनाए रखी है, उसी का परिणाम है कि संगठन आज इतना बड़ा रूप ले चुका है। उन्होंने जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुऐ इनके नेतृत्व की सराहना की।

# भोपाल-जोधपुर ट्रेनों का गुढा रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू

**सांभरझील,** (निसं)। गुढ़ा में मंगलवार से जोधपुर-भोपाल 14813 तथा भोपाल-जोधपुर 14814 ट्रेनों का ठहराव शुरू होने पर ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल रहा। कोरोना काल से बंद पड़ी इस ट्रेन के गुढ़ा रेलवे स्टेशन पर पुन: ठहराव सुनिश्चित किए जाने पर केंद्रीय मंत्री व रेल प्रशासन का ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है।

गुढ़ा रेलवे स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन का ठहरा हुआ लोगों ने रेल ड्राइवर और गार्ड का जोरदार अभिनंदन किया। मुख्य अथिति राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, जोधपुर मंडल के डीसीएम, एडीईएन, स्टेशन मास्टर के साथ गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेल मंत्रालय कि ओर से जारी निर्देशानुसार नोटिफिकेशन में दोनों एक्सप्रेस ट्रेनों का गुढ़ासाल्ट स्टेशन पर ठहराव प्रायोगिक तौर पर किया गया है। दोनों ट्रेनों का गुढ़ा स्टेशन पर मंगलवार को पहली बार रूकने पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण प्लेटफार्म नम्बर दो पर एकत्रित हुए। इससे पहले राज्य मंत्री का काफिला जीआरपी और आरपीएफ पुलिस अधिकारियों की सुरक्षा में गुढ़ा स्टेशन पहुंचा। यहां से पैदल चलकर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री के मोदी है तो मुमकिन है तथा रेलवे में हो रहे चहुंओर विभिन्न विकास कार्यों की बड़ी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में गुढ़ासाल्ट स्टेशन अच्छी राजस्व आय होती हैं तो एक जयपुर की तरफ डेली अपडाउन हेतु दैनिक यात्रियों के लिए एक नई ट्रैन के संचालन की ओर सौगात मिल सकती है।




गुढ़ा रेलवे स्टेशन पर राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने जोधपुर-भोपाल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## राजे ने पूर्व मुख्य सचेतक जैन के परिजनों को ढांढस बंधाया

**निवाई,** (निसं)। राजस्थान सरकार के पूर्व मुख्य सचेतक स्व. महावीरप्रसाद जैन का देवलोक गमन होने पर मंगलवार की शाम पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राज ने उनके निवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधवाया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के पूर्व मुख्य सचेतक स्व. महावीरप्रसाद जैन अनुभवी व दूरगामी सोच वाले नेता थे। टोंक जिले में ही नहीं प्रदेश के शीर्ष नेताओं में जाने जाते थे। वे बेदाग छवि के स्पष्टवादी नेता थे। उनके साथ कार्य करना मुझे बहूत अच्छा लगता था। उनके जाने से पार्टी को क्षित हुई हैं। स्व. जैन ने टोंक विधानसभा क्षेत्र से सात बार विधानसभा चुनाव लड़ा। जिसमें तीन बार पराजित हुए व चार बार चुनाव जीतकर विधायक व मुख्य सचेतक बने। स्व. जैन राजस्थान के भैरोसिंह शेखावत सरकार में मुख्य सचेतक रहे। इस दौरान दूसरी बार वसुंधरा राजे की सरकार में भी मुख्य सचेतक रहे। इस दौरान राजे के साथ विधायक रामसहाय वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहूर, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा के पूर्व शहर अध्यक्ष रामअवतार शर्मा, रतनदीप गुर्जर मौजूद रहे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** — यांत्रिक कार्य के लिए ई-निविदा वर्ष 2023-24

| | |
|---|---|
| **NIT No.: 37/2023-24-C&W JU:** | |
| कार्य का नाम स्थान अवधि | Mechanized coach cleaning, OBHS, Depot cleaning & allied services for Jodhpur & Bhagat Ki Kothi coaching depot, 04 years |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 83,87,60,903/- |
| बयाना राशि जो कि जमा करानी है। | Rs. 43,43,800/- |
| टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक | 15.00 बजे, दिनांक 18.03.24 तक through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्पश्चात् खोली जायेगी। |
| **NIT No.: 38/2023-24-C&W JU:** | |
| कार्य का नाम स्थान अवधि | Mechanized coach cleaning, OBHS, Depot cleaning & allied services for Barmer coaching depot, 04 years |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 18,34,50,043/- |
| बयाना राशि जो कि जमा करानी है | Rs: 10,67,300/- |
| टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक | 15.00 बजे, दिनांक 20.03.24 तक through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्पश्चात् खोली जायेगी। |
| **NIT No.: 39/2023-24-C&W JU:** | |
| कार्य का नाम स्थान अवधि | Comprehensive mechanized cleaning of Platform Return Trains at Jaisalmer Station. 04 years |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 3,90,20,716/- |
| बयाना राशि जो कि जमा करानी है। | Rs: 3,45,100/- |
| टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक | 15.00 बजे, दिनांक 20.03.24 तक through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्पश्चात् खोली जायेगी। |

वेबसाईट विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां से टेण्डर की पूर्ण जानकारी देखी जा सके: http://www.ireps.in कै.व.वे. सूचना पट्ट पर

NOTE: The offer can only be accepted through E-Tendering on the website of https://www.ireps.gov.in/, Offer in any other form will not be accepted. The tenderer/bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be register on IREPS portal. Only registered tenderer/bidders can participate one-Tendering. All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering

253-PR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# लोकसभा चुनाव : चुनावी हैट्रिक को भाजपा की जमीनी तैयारी पूरी

## विधानसभावार 37 कमेटियां बनी, संभालेगी क्षेत्र का जिम्मा

**जयपुर।** लोकसभा चुनावों में राजस्थान की सभी 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक बनाने के भाजपा प्रदेश में जमीनी स्तर पर पूरी तरह तैयार है। भाजपा ने लोकसभा चुनावों की तैयारियां विधानसभावार की है।

- 28-29 फरवरी को अपने प्रभार वाली सीट पर जाएंगे प्रभारी मंत्री

हर विधानसभा में पार्टी की जीत तय करने के लिए पार्टी ने प्रदेश कोर कमेटी की तर्ज पर विधानसभा वार कोर कमेटियां बनाई है। जिसमें क्षेत्रवार परिस्थितियां के मुताबिक भाजपा विधायक और अन्य पदाधिकारी, नेता सदस्य होंगे। जो अपने विधानसभा में लोकसभा चुनावों की चुनावी प्रबंधन के लिए लोकसभा प्रभार के मंत्री जिम्मेदार होंगे। पार्टी प्रदेश नेतृत्व से मिलने वाली रणनीति के मुताबिक क्षेत्रवार चुनावी गतिविधियों को मूर्तरूप देंगे। वहीं चुनावी जीत के लिए अपने सुझाव भी देंगे।

वहीं विधानसभावार 37-37 नेता कार्यकर्ताओं की अलग से टीमें बनाई गई है। इनके पास सोशल मीडिया, महिला, किसान, युवा सहित हर वर्ग के लोगों से संपर्क का जिम्मा होगा। लोकसभा वार सरकार के 23 मंत्रियों और दो अन्य नेताओं को लोकसभा प्रभारी बनाया गया है। इसमें सरकार के दोनों डिप्टी सीएम दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा भी शामिल हैं। ये सभी 28-29 फरवरी को अपने प्रभार वाली सीट पर जाएंगे। विधानसभावार कोर कमेटियों और अन्य टीमों से तैयारियों को लेकर सीधे संवाद करेंगे और खामियों पर अपने सुझावों की रिपोर्ट बनाकर पार्टी नेतृत्व को सौपेंगे। क्षेत्र में मिलने वाले वर्गवार टॉस्क को पूरा कराने की जिम्मेदारी इन्हें दी गई है। भाजपा की रणनीति के तहत मार्च माह में पार्टी की प्रदेश से लेकर विधानसभावार तय की गई टीमें, बूथ और पन्ना प्रमुख कार्यकर्ताओं की टीमें प्रदेशभर में बूथ स्तर तक के भाजपा के चुनावी प्रचार में युद्ध स्तर पर काम शुरू कर देगी। जिसमें घर-घर जनसंपर्क, मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार के कामों के अलावा पूर्व गहलोत सरकार में व्याप्त खामियां, कांग्रेस की खामियों को भी वोटर्स को बताया जाएगा।

## दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर, (का.सं.)।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त राहुल योगी को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख 90 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा की अभियुक्त ने नाबालिग पीडिता के साथ दुष्कर्म करने का अपराध किया है। इसमें पीड़िता की सहमति भी थी तो भी यह अपराध की श्रेणी में ही माना जाएगा। अदालत ने कहा कि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया की पीड़िता की नानी ने कोटखावदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया की उसकी नाबालिग दोहिती जन्म के समय से ही उसके पास रहती है।



भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने राजभवन पहुँचकर राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की।

## रेप पीड़िता की हालत गंभीर, वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा

### कोविड रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती प्रागपुरा कांड की पीड़िता की हालत बिगड़ने पर उसे सोमवार देर रात हालत वेंटीलेटर सपोर्ट पर लिया गया है। वहीं मंगलवार सुबह पीड़िता की कोविड रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। राज्य सरकार के निर्देश पर पीड़िता के इलाज के लिए अलग से मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। साथ ही आइसीयू में भी पीड़िता को अलग से आइसोलेट किया गया है।

- सोमवार देर रात पीड़िता का ब्लड प्रेशर अचनाक गिर गया और उसे सांस लेने में भी परेशानी होने लगी थी।

पीड़िता की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद एसएमएस ट्रोमा में डाक्टरों की टीम को रिपोर्ट भेज दी गई है, जिसके बाद अब करोना गाइडलाइन का पालन करते हुए पीड़िता का इलाज चल रहा है।

गौरतलब है कि प्रागपुरा दुष्कर्म मामले में पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए राज्य सरकार ने एम्स शिफ्ट करने के लिए कहा था, लेकिन परिजन एसएमएस ट्रोमा के इलाज से संतुष्ट है। बीती रात को पीड़िता की हालत काफी नाजुक रही और देर रात उसका ब्लड प्रेशर अचनाक गिर गया। उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी थी। परिवार ने इसकी डॉक्टरों को जानकारी दी। इस पर तीन डॉक्टरों की टीम पीड़िता के इलाज में जुट गई। इसके बाद उसे वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। फिलहाल पीड़िता की हालत स्थिर बनी हुई है।

एसएमएस अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि पीड़िता के स्वास्थ्य में स्थिर है। लगातार चिकित्सकों की निगरानी में इलाज जारी है। बता दें कि गत शनिवार शाम करीब 7 बजे बदमाशों ने प्रागपुरा में पीड़िता और उसके भाई की गाड़ी के आगे अपनी बाइक लगा दी। इसके बाद पीड़िता के पूरे शरीर पर फर्से से एक के बाद एक करीब 15 वार किए। पीड़िता के अधमरा होने पर एक बदमाश ने उस पर एक राउंड फायर किया और अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया।

## मिल्ली काउन्सिल के चुनाव सम्पन्न

**जयपुर, (का.सं.)।** आल इंडिया मिल्ली काउन्सिल राजस्थान की जनरल बॉडी की मीटिंग मुस्लिम मुसाफ़िर खाना मोती डूँगरी रोड जयपुर में सम्पन्न हुई। शेख़ निज़ामुद्दीन ने राजस्थान मिल्ली काउन्सिल के चुनाव सम्पन्न करवाये। कार्यकारिणी में सदर शब्बीर खान जनरल सेक्रट्री, एडवोकेट मुजाहिद नकवी फ़ाइनैन्स सचिव, एडवोकेट अनवार अहमद की बनाया गया। नायब सदर मोहम्मद नईम कोटा और सह सचिव आबीद हूसेन बांरा और सरवर आलम की मिल्ली यूथ फ़ेडरेशन का सचिव बनाया गया।

## सरपंच के चुनाव को रद्द करने का फैसला सही : हाईकोर्ट

- अदालत ने सरपंच की याचिका को खारिज करते हुए 'इलेक्शन ट्रिब्युनल' के आदेश को सही ठहराया

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट में पंचायत समिति अजमरे ग्रामीण की ग्राम पंचायत बड़लिया के सरपंच के चुनाव को रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की और अदालत ने पाया कि 'इलेक्शन ट्रिब्युनल' का चुनाव रद्द करने का फैसला सही था। न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल ने यह आदेश ज्ञान सिंह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये।

उक्त मामले में 'इलेक्शन ट्रिब्युनल' के फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की गई और कहा गया था कि राजस्थान पंचायती राज एक्ट 1994 के नियम 81 के तहत चुनावी याचिका केवल वाद प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति द्वारा स्वयं या उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही पेश की जा सकती है। उक्त मामले में वाद प्रस्तुत करने वाली महिला सारजू देवी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से पैरवी के लिये अधिवक्ता गोविन्द पुरोहित पेश हुए थे। और उन्होंने अदालत को बताया कि उक्त मामले में वकालतनामे में वाद प्रस्तुत करने वाले के वकील का नाम उद्धृत है। उन्होंने कहा कि वकालत नामे में अंकित वकील का नाम यही दर्शाता है कि उसके मुवक्किल ने उसे उसकी ओर से वाद पेश करने के लिये नियुक्त किया है। अदालत ने गोविंद पुरोहित द्वारा पेश तर्कों को सही मानते हुए कहा कि वकालत नामा पंचायती राज एक्ट 1994 के नियम 81 की जरूरतों पर खरा उतरता है और इसके साथ ही याचिका को खारिज कर दिया।

## 'दस्तावेज साइन करने मात्र से नहीं वसूला जा सकता 60 फीसदी ब्याज'

**जयपुर।** ऋण वसूली न्यायाधिकरण ने एक महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा है कि वित्तीय संस्था ऋणी व्यक्ति की ओर से दस्तावेज पर साइन करने मात्र से साठ फीसदी ब्याज वसूल करने का अधिकार नहीं रखती है। वित्तीय संस्था रिजर्व बैंक की ओर से तय मापदंड के आधार पर ही ब्याज राशि वसूल सकती है। इसके साथ ही न्यायाधिकरण ने मेंटोर होम लोन इंडिया की ओर से की गई कार्रवाई को अवैध घोषित कर रद्द कर दिया है और मकान का कब्जा परिवादी को लौटाने को कहा है। पीठासीन अधिकारी सुशील कुमार रस्तोगी ने यह आदेश कन्हैयालाल शर्मा की याचिका पर दिए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने न्यायाधिकरण को बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 2018 में मेंटोर होम लोन इंडिया से 14 लाख रुपए का लोन लिया था। वहीं बाद में करोना के चलते वह कुछ किस्तों का भुगतान नहीं कर पाया। याचिकाकर्ता की ओर से अब तक करीब 12 लाख रुपए का भुगतान वित्तीय संस्था को किया जा चुका है। इसके बावजूद भी वित्तीय संस्था ने लोन इकरारनामे का हवाला देकर साठ फीसदी दंडात्मक ब्याज की मांग कर याचिकाकर्ता से 27 लाख रुपए की मांग की। इस कार्रवाई को न्यायाधिकरण में चुनौती देने के बाद वित्तीय संस्था ने याचिकाकर्ता के आवासीय परिसर को अपने कब्जे में ले लिया।

## 238 करोड़ की लागत से प्रदेश के दो राजमार्गों का होगा अपग्रेडेशन

- नसीराबाद घाटी मार्ग चार लेन का होगा, शाहपुरा से अलवर सड़क 5.5 मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर चौड़ी की जाएगी
- ब्लैक स्पॉट समाप्त होने से हादसो में कमी आयेगी, यातायात सुगम होगा- दिया कुमारी

**जयपुर।** प्रदेश के दो नेशनल हाईवे लगभग 238 करोड़ रुपय की लागत से अपग्रेड किए जाएंगे। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इसकी स्वीकृति जारी की गई है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 79 (नया 448) के लिये 3.95 किमी लम्बाई के फोर लेन पेब्ड शेल्डर कार्य के लिए 82.72 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई है। यह सड़क अजमेर-नसीराबाद घाटी से निकलती है जो वर्तमान में ब्लैक स्पॉट है। उक्त सड़क अजमेर से कोटा को स्टेट हाईवे 26(नसीराबाद-केकडी-देवली) के माध्यम से जोड़ती है। फोर लेनीकरण के पश्चात यातयात का सुगम संचालन होगा एवं राजमार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट (नसीरादाबाद घाटी) का पुर्णतः निवारण हो जायेगा।

उन्होंने बताया कि नेशनल हाइवे 248ए शाहपुरा अलवर सडक पर किमी 25.66 किमी लम्बाई के अपग्रेडेशन कार्य के लिये 154.89 करोड की स्वीकृति जारी की गई है। इससे सड़क की चौड़ाई 5.5 मीटर से बढ़कर 10 मीटर से ज़्यादा हो जाएगी।

## सांसद बोहरा ने वाटिका में किया दीवार लेखन

**जयपुर।** मंगलवार को बगरु विधानसभा की वाटिका नगर पालिका में 51 स्थानों पर दीवार लेखन का कार्य किया गया। इसके अंतर्गत जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने बूथ संख्या 117 पर दीवार लेखन किया। सांसद बोहरा ने दीवार पर कमल का चित्र बनाकर एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन लिखा। सांसद बोहरा ने कहा कि एक बार पुनः प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में कमल खिलने जा रहा।

## 'माइनिंग सेक्टर में तेजी से विकास के लिए अन्य प्रदेशों के अनुभवों को साझा किया जाएगा'

- राजस्थान को माइनिंग सेक्टर में अग्रणी प्रदेश बनाने की कवायद शुरू
- उड़ीसा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के माइंस विभाग की कार्यप्रणाली को किया साझा

**जयपुर, (का.सं.)।** माइनिंग सेक्टर में राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार ने कवायद शुरु कर दी है। खान सचिव आनन्दी ने कहा कि माइनिंग क्षेत्र में अग्रणी प्रदेशों की बेस्ट प्रेक्टिसेज को प्रदेश की परिस्थितियों के अनुसार परीक्षण कर अपनाया जाएगा। राजस्थान में विपुल खनि संपदा है और इसको प्रदेश के आर्थिक विकास, माइनिंग सेक्टर में तेजी से विकास, औद्योगिकरण, राजस्व वृद्धि और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही अवैध खनन गतिविधियों पर कारगर रोक लगाने के लिए अन्य प्रदेशों के अनुभवों को भी परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि माइनिंग क्षेत्र में राजस्थान देश का इकलोता प्रदेश हैं जहां माइंस विभाग के अधिकारियों की टीम ही बिना किसी ऑउट सोर्सिंग के माइनिंग ब्लॉकों की नीलामी की सभी आवश्यक तैयारियां करने से लेकर ऑक्शन तक का कार्य करती है। अन्य प्रदेशों में यह कार्य बाहरी संस्थाओं यानी कि थर्ड पार्टी के माध्यम से होता है। खान सचिव आनन्दी मंगलवार को खनिज भवन में डीएमजी भगवती प्रसाद कलाल के साथ विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से उड़ीसा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के खनिज विभागों की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में माइनर और मेजर मिनरल्स के एक्सप्लोरेशन और खनिज प्लॉटों की नीलामी में और अधिक तेजी से काम किया जाना है। राज्य सरकार ने कार्यभार संभालते ही अवैध खनिज गतिविधियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने के साथ ही मेजर और माइनर मिनरल्स के ब्लॉक तैयार कर नीलामी के कार्य में तेजी लाई गई है। इसी माह से प्रदेश में 79 मेजर मिनरल ब्लॉकों की ईनीलामी आरंभ कर दी गई है वहीं 339 माइनर मिलरल ब्लाकों की ई-नीलामी जारी है। इसी के साथ बजरी ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है।

आनन्दी ने कहा कि हमारा उद्देश्य मिनरल्स की खोज के साथ ही एमएल प्राप्त माइस को कम समय में आपरेटिव सिस्टम में लाना हैं वहीं माइनिंग ब्लॉक तैयार करते समय अन्य विभागों से बेहतर समन्वय व इस तरह की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

## 'कानून बहाली को लेकर कठोर निर्णय ले सरकार'

**जयपुर।** राजस्थान के कोटपूतली जिले में हुई युवती के साथ दर्दनाक घटना ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। राज्य सरकार को इस विषय में तुरंत प्रभाव से संज्ञान लेना चाहिए। 24 वर्षीय युवती के साथ दरिंदो द्वारा की गई अमानवीय व्यवहार से राजस्थान की कानूनी व्यवस्था व महिला सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हुआ है। इससे पूर्ववर्ती सरकार में भी प्रदेश की कानून व्यवस्था व महिला सुरक्षा की बदहाली हुई है। विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश में महिला सुरक्षा, बहन- बेटियों को न्याय दिलवाने की आवाज बनी है। जिसको लेकर पूर्ववर्ती सरकार में खूब आंदोलन एवं प्रदर्शन भी किये। प्रदेश में कानूनी व्यवस्था शर्मसार हुई तो विद्यार्थी परिषद ने करौली से लेकर जयपुर तक न्याय पदयात्रा निकाली।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## गिरता भू-जल स्तर चिंता का विषय : डॉ. समित शर्मा

- अटल भूजल योजना के तहत एक दिवसीय आमुखी करण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जयपुर, (का.सं.)।** प्रदेश में गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय है। जल संचयन सहित अन्य विधियों से भूजल स्तर में सुधार करना आज की सबसे बडी आवश्यकता है। इसके लिए अटल भूजल योजना मील का पत्थर साबित होगी लेकिन इसके लिए योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्यों को हासिल करना होगा। यह कहना है जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा का।



डॉ शर्मा ने यह बात मंगलवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में अटल भूजल योजना के तहत आयोजित एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 17 जिलों के 38 ब्लॉक, 1132 ग्राम पंचायत में क्रियान्वित की जा रही अटल भूजल योजना के माध्यम से जन सहभागिता से गिरते हुए भूजल स्तर की रोकथाम हेतु सकारात्मक परिणाम लाने की आवश्यकता जाहिर की।

उन्होंने योजना के माध्यम से जल मांग एवं जल आपूर्ति आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। सभी सहभागी विभागों से आग्रह किया गया कि योजनान्तर्गत इस वित्तीय वर्ष एवं आगामी अवधि में प्रोत्साहन राशि का पूर्ण उपयोग एवं कन्वर्जेन्स राशि के कार्यों को पूर्ण कर अन्य राज्यों की तुलना में राज्य की स्थिति को बेहतर बनाए जाने हेतु अथक प्रयास करें।

एस पी एम यू अटल भू जल योजना के परियोजना निदेशक सूरजभान सिंह ने अटल भूजल योजना में प्रदेश में अब तक किए गए कार्यों, योजना की व्यावहारिक कठिनाइयां एवं योजना के सफल क्रियान्वयन के समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में वक्ताओं ने राजस्थान में गिरते भूजल स्तर के प्रति चिंता जाहिर की। वक्ताओं ने योजना में राज्य में अब तक किये गये कार्यों, योजना की व्यवहारिक कठिनाईयों एवं योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

कार्यशाला में पदमश्री डॉ. श्याम सुन्दर पालीवाल, पिपलांत्री ग्राम पचांयत, राजसमन्द, श्याम प्रताप सिंह राठौड़, सरपंच ग्राम पंचायत-जाहोता, गुजरात के धरती फाउण्डेशन के अध्यक्ष मुकेश भाई प्रजापति तथा राजेन्द्र कीर, चित्तौडगढ़ के प्रगतिशील किसान भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने-अपने क्षेत्र में किये गये जल संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन हेतु अभिनव कार्यों का अपना अनुभव साझा किया।

नोडल अधिकारी, एसपीएमयू, अटल जल डॉ. वी एन भावे ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यशाला में भाग लेने के लिए एनपीएमयू, एसपीएमयू, डीपीएमयू, डीआईपी, वीडब्ल्यूएससी, भूजल विभाग के अधिकारिगणों, प्रतिभागियों एवं मीडियाकर्मियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन अधीक्षण भूजल वैज्ञानिक, भूजल विभाग डॉ. विनय भारद्वाज द्वारा किया गया।

कार्यशाला में एनपीएमयू, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. राघव लांगर, परियोजना निदेशक प्रतुल सक्सेना सहित कृषि, उद्यानिकी, पंचायती राज, जलग्रहण एवं भू संरक्षण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, वन, जल संसाधन आदि सहभागी विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की। साथ ही राज्य एवं जिला नोडल अधिकारियों, राज्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाईयों के अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ, अटल भूजल योजना के 38 ब्लॉकों से ग्रामीण जल स्वच्छता समिति के सदस्यगणों, जिला क्रियान्वयन इकाई व भूजल विभाग के अधिकारी सहित लगभग 750 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य छुट्टन पुत्र श्री अब्दुल गनी निवासी-111, सुदामापुरी, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर, जयपुर के पुत्र असलम, अशरफ व मोसिन व पुत्र वधुओं रूखसार, रेशमा व फरहीन मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने तीनों पुत्र असलम, अशरफ व मोसिन व तीनों पुत्र व तीनों पुत्र वधुओं रूखसार, रेशमा व फरहीन को समस्त जायदाद से बेदखल करता है यदि कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहें।
जयपुर (आबिद कुरैशी) एडवोकेट
दिनांक-23.02.2024 मो.नं. 9351764032

**सूचना** मैं तेजपालसिंह चौहान पुत्र स्व. जी.एस. चौहान नि. 46, गोकुल विहार-ए, बुद्धसिंहपुरा, सांगानेर, जयपुर स्कुटर के द्वारा घर से सांगानेर जा रहा था। सांगानेर एयरपोर्ट एवं सांगानेर थाना के मध्य मेरा बैग दिनांक 10.02.2024 को गिर गया। जिसमें मेरे भांजे महावीर सिंह पुत्र श्री बाबुदान सिंह, बडागांव, जि.-अलवर का भूखण्ड संख्या 30 एरिया 104.03 वर्गगज एवं कुमारी निर्जा माथुर पुत्री एन.के. माथुर बरकत नगर, जयपुर के भूखण्ड संख्या 33, 34, 35 एरिया 109.29, 112.34, 113.03 वर्गगज के सभी भूखण्ड सोसायटी हरिनगर गृह निर्माण सहकारी समिति की कॉलोनी नृसिंग हाईट के नाम से आवंटित है। सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जावेगा। तेजपाल सिंह-9413393528

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नंबर 21सी (जो कि मूल प्लॉट नंबर 21 का पश्चिमी भाग है), योजना शिव शंकर नगर, ग्राम चक गेटोर, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 88.88 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति को श्री रामचरण बडाया पुत्र हनुमान सहाय बडाया द्वारा जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांकित 31.05.2017 को मेसर्स ओशियन ग्रीन डवलपर्स एण्ड बिल्डर्स जरिये प्रो0 प्रतीक व्यास पुत्र विजय कुमार व्यास से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया गया है। यह कि मेरी अभिभाष्या सुनीता शर्मा पत्नी वेद प्रकाश शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को उक्त रामचरण बडाया से खरीद करने का इकरार किया गया है। मेरी अभिभाष्या उक्त सम्पत्ति को खरीद करने हेतु एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहती है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद / बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक:-27.02.2024 मो.नं. 9829256466

**नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह**
(Civil Procedure Code Appendix H, Form No.4)
न्यायालय श्रीमान् पारिवारिक न्यायालय संख्या - 1 अजमेर
मोनिका बनाम मान महेन्द्र सिंह
मुकदमा cm 34 सन् 2023बाबत U/s 09p13 Cpc विरुद्ध मान महेन्द्र सिंह सुपुत्र ठा. भागीरथ सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पो. हमीरपुर वाया टोडारायसिंह, जिला टोंक क्योंकि इसने अदालत में दरख्वास्त पेश की है कि लिहाजा आपको इतला दी जाती है कि तारीख 14/3/2024 माह ब रोज 10.30 a.m. को बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन या वकालतन हाजिर होकर खिलाफत जाहिर करो वरना दरख्वास्त मजकूर इकतरफा सुनी व फैसल की जायेगी। बसख्त मेरे दस्तखत मुहर अदालत आज तारीख 22 माह 02 2024 जारी किया गया।
आदेशानुसार
वरिष्ठ मुन्सरिम पारिवारिक न्यायालय संख्या-1 अजमेर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 71/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री संदीप लोढा पुत्र श्री घेवर चन्द लोढा निवासी 8 कल्याण कॉलोनी मालवीय नगर गौरव टावर के सामने जयपुर-302017 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत एहसास वॉयस फॉर वॉयसलेस फाउण्डेशन 3/26 मालवीय नगर जयपुर-302017 राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 30.04.2024
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम नादीश खान शेख पुत्र सिंकदरे आजम से बदलकर नादीश खान कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता-53/72 वी.टी. रोड, मानसरोवर, जयपुर-302020

मैंने अपना नाम रिंकू बाहेती (Rinku Baheti) से बदलकर रिंकू साबू (Rinku Saboo) रख लिया है। भविष्य में मुझे रिंकू साबू (Rinku Saboo) पुत्री श्री बिहारी लाल साबू के नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी-प्लॉट नम्बर 38, मानसिंहपुरा, टोंक रोड, जयपुर, राजस्थान

मैं मेरा नाम बाल गोविन्द वैष्णव से बदल कर बाल गोविन्द बैरानी पुत्र श्री भगवान दास बैरागी निवासी 76, सचिवालय विहार, कल्याणपुरा, मानसरोवर, जयपुर राज. रख रहा हूँ भविष्य में मुझे मेरे उक्त नये नाम से ही जाना पहिचाना जावें।

I service no jc756729P Ex SUB major Samandar singh shekhawat S/O late sajjan singh R/O plot no 339 Prem Nagar jagatpura jaipur that have changed my wife name From SANTOSH KOUR is wrong entered in service record To SANTOSH KANWAR vide affidavit dated 23feb 2024 before district notary Jaipur

I service no jc756729P Ex SUB major Samandar singh shekhawat S/O late sajjan singh R/O plot no 339 Prem Nagar jagatpura jaipur that have changed my son name From KALAYAN SINGH SHEKHAWAT (DOB 2 may 1989) is wrong entered in service record To KALYAN SINGH (DOB 2/10/1991) vide affidavit dated 23feb 2024 before district notary Jaipur

I shabina khatun legally wedded spouse of army no 2892062L Ex Hav sirajuddeen R/O A 251 panchwati colony rawal ji ka bandha khatipura road sodala Jaipur that have changed my name From SHABINA KHATUN is wrong entered in service record To SABEENA KHATOON vide affidavit dated 23 feb 2024 before district notary Jaipur

I army no 2892062L Ex Hav sirajuddeen S/O late mukhtar ahmed A 251 panchwati colony rawal ji ka bandha khatipura road Jaipur have changed my son name from SARFRAZ AHMED KHAN is wrong entered in service record To SARFRAJ AHMAD KHAN vide affidavit dated 23 feb 2024 before district notary Jaipur

I, Parvati Yadav W/o No. 15417951N Rank: Havildar Dileep R/o Village: Gayaganj, Shyampura Dist: Sagar (MP) has changed my name and DOB from Parvati Yadav to Parwati Yadav and from 03.03.1985 to 05.04.1983 for all future purpose vide affidavit Dated 22.02.2024 before court Jaipur District.

**खोया पाया**

मेरे मकान 7/414, मालवीय नगर, जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, डिक्लेशन, अदेय प्रमाण पत्र, कार्यालय आदेश नं. 2081, कार्यालय आदेश नं. 2082 मालवीय नगर, जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें-राहत अली खान-7665669993

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी फ्री होल्ड पट्टे की एक प्रति (बिना रजिस्टर्ड) निजी खातेदारी की भूमि अलोटमेन्ट नम्बर डीसी-11/डी-951 दिनांक 13.04.2022 को जारी किया गया था जो कि कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें-ओमप्रकाश गुप्ता-मो. 9829132892

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स शेखावाटी शिक्षा समिति रजिस्ट्रेशन नम्बर 162/जयपुर/2013-14, पता-सिंगोद खुर्द तहसील चौमू, जिला जयपुर के संस्था का मूल प्रमाण पत्र, मूल विधान व अन्य दस्तावेज जो रजिस्ट्रार कार्यालय से दी गई थी। वे सभी खो गए है। किसी को मिले तो तुरन्त सूचित करें। सचिव-बाबूलाल ऐचरा, मो. 9929009991

मेरे मकान सं. डी-76, नारायण एनक्लेव बिंदायका का पट्टा व अन्य दस्तावेज कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें-शैलकंवर-9166162431, 9785017731

गुलाबबारी भवन निर्माण सहकारी समिति की योजना लॉयन्स लेब सिरसी रोड जयपुर के पुराना भूखण्ड संख्या 135-ए, नया भूखण्ड संख्या 127-ए, की सोसायटी द्वारा जारी मूल रसीद गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। ओम प्रकाश अग्रवाल मो. 9414933119

निजी खातेदारी की योजना नारायण वाटिका के प्लाट नं. ए-83, का निजी खातेदारी से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जयपुर में खो गये है सूचित करें पुरणमल कुमावत-9784593785

निजी खातेदारी की योजना नारायण वाटिका के प्लाट नं. ए-82, का निजी खातेदारी से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जयपुर में खो गये है सूचित करें पुरणमल कुमावत-9784593785

निजी खातेदारी की योजना नारायण वाटिका के प्लाट नं. ए-80, का निजी खातेदारी से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जयपुर में खो गये है सूचित करें राजू लाल गुर्जर-9829281483

निजी खातेदारी की योजना नारायण वाटिका के प्लाट नं. ए-81, का निजी खातेदारी से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जयपुर में खो गये है सूचित करें अर्जुन-9828083784

निजी खातेदारी की योजना नारायण वाटिका के प्लाट नं. ए-84, का निजी खातेदारी से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जयपुर में खो गये है सूचित करें पुरणमल कुमावत-9784593785

मेरे प्लाट नं. 117/142 थडी मार्केट मानसरोवर हाउसिंग बोर्ड द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र खो गया है। मिलने पर सूचित करें। रमेश कुमार नैनानी-8302693011




संवाददाता सम्मेलन में अपने संन्यास लेने की घोषणा की। इस फैसले के समय वह भावुक नजर आये। हालांकि वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। – नील वैगनर

न्यूजीलैंड टीम के बल्लेबाज, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उन्हें टीम में नहीं चुने जाने पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — लियोनल मेसी



**लियोनेल मेसी** को सोमवार को एक बार फिर लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। विश्व कप 2022 ट्रॉफी जीतने वाले अर्जेन्टीना के कप्तान मेस्सी ने 2023 में अपना रिकॉर्ड आठवां बेलोन डिओर खिताब जीता था। सुपरस्टार फुटबॉलर और पिछले साल के विजेता लियोनेल मेसी को सोमवार को एक बार फिर लॉरेंस के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। विश्व कप 2022 ट्रॉफी जीतने वाले अर्जेन्टीना के कप्तान मेस्सी ने 2023 में अपना रिकॉर्ड आठवां बेलोन डिओर खिताब जीता था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं : बेन स्टोक्स

नई दिल्ली, 27 फरवरी। बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट सीरीज में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर पांच मैच की सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई सीरीज गंवाई है। स्टोक्स ने ब्रिटिश मीडिया से कहा कि, 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है लेकिन जिस तरह से हमने भारत को कड़ी चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है।'' उन्होंने कहा,''यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था लेकिन यहां तक कि आज (सोमवार) भी हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।'' इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी कर दी थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। स्टोक्स ने कहा,''यह युवा और कम अनुभवी टीम पिछले दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था।'' उन्होंने कहा कि, हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का कड़ा जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे प्रत्येक खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

## पीएम मोदी ने मो. शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

नई दिल्ली, 27 फरवरी। मोहम्मद शमी ने सोमवार को लंदन में एड़ी में एकिलीज टेंडन सर्जरी करवाई है। वहीं शमी की अच्छी हेल्थ की कामना पीएम मोदी ने भी की है। साथ ही उन्हें हिम्मत भी बंधाई है। साथ ही कहा जा रहा है कि, शमी अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की चोट से परेशान थे। जिसके बाद उन्होंनेसोमवार को लंदन में एड़ी में एकिलीज टेंडन सर्जरी करवाई है। इसके बाद शमी ने सोशल मीडिया पर सर्जरी की तस्वीरें शेयर की हैं। जिसके बाद उन्होंने लिखा कि रिकवरी में कुछ समय लगेगा। लेकिन फिर से अपने पैरों पर खड़े होने का इंतजार है। वहीं शमी की अच्छी हेल्थ की कामना पीएम मोदी ने भी की है। साथ ही उन्हें हिम्मत भी बंधाई है। बता दें कि,शमी ने आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। वर्ल्ड कप के दौरान शमी एड़ी की चोट से जूझने के बावजूद खेले थे और भारत को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका भी निभाई थी। वर्ल्ड कप 2023 में शमी ने सबसे ज्यादा विकेट चटकाए थे। इसके अलावा रिकवरी में देरी के कारण वहअगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। इस कारण से वह जून में होने वाले टी20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं।

## तुषार देशपांडे और तनुष कोटियन ने रणजी ट्रॉफी में मचाया धमाल

नई दिल्ली, 27 फरवरी। मुंबई के हरफनमौला खिलाड़ी तनुश कोटियन और तुषार देशपांडे ने इतिहास रच दिया। इन दोनों बल्लेबाज ने नंबर 10 और नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा है। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। 337/9 के स्कोर से आगे खेलते हुए कोटियन (120) और तुषार देशपांडे (123) की जोड़ी ने आखिरी विकेट के लिए मिलकर 232 रन जोड़े। हाल ही में रणजी ट्रॉफी में कुछ ऐसा देखने को मिला, जो कि अभी तक के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ था। मुंबई के हरफनमौला खिलाड़ी तनुश कोटियन और तुषार देशपांडे ने इतिहास रच दिया। इन दोनों बल्लेबाज ने नंबर 10 और नंबर 11 पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा है। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। 337/9 के स्कोर से आगे खेलते हुए कोटियन (120) और तुषार देशपांडे (123) की जोड़ी ने आखिरी विकेट के लिए मिलकर 232 रन जोड़े। इस बीच, ये दोनों बल्लेबाजों के लिए एफसी के पहले शतक थे। एक बार में एक साथ शतक बनाने वाली एकमात्र अन्य नंबर 10 और 11 जोड़ी चंदू सरवटे और शुट बनर्जी की थी, जिन्होंने 1946 में ओवल में इंडियंस के लिए सरे के खिलाफ ये कारनामा किया था। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, कोटियन-देशपांडे आखिरी विकेट के लिए 200 से ज्यादा की साझेदारी दर्ज करने वाली तीसरी भारतीय जोड़ी बन गई है। वहीं दूसरी ओर, देशपांडे 11वें नंबर पर शतक बनाने वाले केवल तीसरे भारतीय हैं। जहां तक मुंबई और बड़ौदा के बीच मैच का सवाल है, उनकी पारी 569 पर समाप्त हुई, जिससे 606 का असंभव लक्ष्य मिला।

# श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेलेंगे, मुंबई की टीम में शामिल

**2 मार्च से तमिलनाडु के खिलाफ खेला जाएगा मुकाबला**



नई दिल्ली, 27 फरवरी। टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी 2023/24 सीजन के सेमीफाइनल में खेलेंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, श्रेयस अय्यर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को कन्फर्म किया है कि वह अब फिट हैं और मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के लिए उपलब्ध हैं।

सेमीफाइनल के लिए उनका नाम स्क्वॉड में शामिल किया गया है। रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई का सामना तमिलनाडु से होगा। यह मुकाबला 2 मार्च से मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। अय्यर ने पीठ में चोट की वजह से क्वार्टर फाइनल मुकाबला नहीं खेला था। मुंबई टीम ने जब रणजी ट्रॉफी में क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए अपनी टीम घोषित की थी, तो इसमें श्रेयस का नाम नहीं था। एसोसिएशन ने बताया था कि श्रेयस को पीठ में चोट है, इसी कारण वह क्वार्टर फाइनल नहीं खेल सकेंगे। श्रेयस अय्यर ने पीठ में चोट की वजह से क्वार्टर फाइनल मुकाबला नहीं खेला था।

तनुष और तुषार की सेंचुरी की बदौलत मुंबई ने अपनी दूसरी पारी में 569 रन बनाए और बड़ौदा के सामने जीत के लिए 600 रन का टारगेट रखा। इसके जवाब में आखिरी दिन का खेल खत्म होने तक बड़ौदा ने तीन विकेट खोकर 121 रन बनाए और मैच ड्रॉ हो गया। वहीं मुंबई ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। टीम का सामना सेमीफाइनल में तमिलनाडु से होगा। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। जवाब में बड़ौदा की पहली पारी 348 रन के स्कोर पर सिमट गई थी।

श्रेयस अय्यर पिछले साल मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान इंजर्ड हो गए थे। वह और का फाइनल नहीं खेल सके। उन्होंने फिर एशिया कप से वापसी की, लेकिन 2 ही मुकाबले खेले। फिट होने के बाद उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप में नंबर-4 की पोजिशन पर शानदार प्रदर्शन किया। श्रेयस ने 11 मैचों में 530 रन बनाए थे।

वर्ल्ड कप के बाद श्रेयस को साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खेलने का भी मौका मिला। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती 2 टेस्ट भी खेले। वह किसी भी मुकाबले में फिफ्टी नहीं लगा सके, जिस कारण उन्हें आखिरी 3 टेस्ट के स्क्वॉड से बाहर कर दिया गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने वाले खिलाड़ियों को वॉर्निंग दी थी। शाह ने कहा कि सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ी अगर फिट हैं और नेशनल टीम का हिस्सा नहीं हैं।



## सैलरी न मिलने पर हॉकी इंडिया की सीईओ का इस्तीफा

### कहा- गुटबाजी में काम करना मुश्किल था 13 साल से पद पर थी

नई दिल्ली, 27 फरवरी। लंबे समय तक हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रही एलेना नॉर्मन ने इस्तीफा दे दिया है। वे 13 साल से इस पद पर कार्यरत थीं। नॉर्मन ने 3 महीनों से सैलरी नहीं मिलने के कारण रिजाइन किया है। ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली नॉर्मन ने रिजाइन करने के बाद हॉकी इंडिया में गुटबाजी का खुलासा करते हुए कहा कि यहां काम करना मुश्किल था और मेरे पास इसे छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। कुछ दिन पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की चीफ कोच जेनेक शोपमैन ने यह कहते हुए रिजाइन किया था- भारत में महिलाओं के लिए रहना मुश्किल; यहां कोच-प्लेयर्स के साथ भेदभाव शोपमैन के बाद अब नॉर्मन का इस्तीफा हॉकी इंडिया के लिए एक और झटका है। हॉकी इंडिया ने आधिकारिक बयान में नॉर्मन के पद छोड़ने का सटीक कारण नहीं बताया है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि नॉर्मन बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से परेशान थीं और वे काम के माहौल से भी नाखुश थीं। रिजाइन करने के बाद नॉर्मन ने हॉकी इंडिया में गुटबाजी का खुलासा किया। उन्होंने कहा- लंबे समय से उनका वेतन रोका गया था और महासंघ में आपसी गुटबाजी के कारण काम करना मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा- हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ मैं और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं जबकि दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आर के श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। नॉर्मन ने अपने कार्यकाल का अधिकतर समय अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा के हॉकी इंडिया का प्रमुख रहते हुए बिताया। नॉर्मन के रहते भारत की मेंस और विमेंस टीमों ने अपनी ऑलटाइम बेस्ट रैंकिंग हासिल की थी। यही नहीं, पुरुष टीम ने टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में ब्रॉन्ज जीतकर 41 साल से चले आ रहे मेडल के इंतजार को खत्म किया था। इन खेलों में महिला टीम भी चौथे स्थान पर रही थी।

## नामीबिया के लॉफ्टी ईटन ने लगाया सबसे तेज टी-20 शतक



कीर्तिपुर, 27 फरवरी। नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। लॉफ्टी-ईटन ने इस शतक के साथ नेपाल के कुशल मल्ला का रिकॉर्ड एक गेंद से तोड़ दिया। कुल मिलाकर लॉफ्टी ईटन ने 36 गेंद में 101 रन बनाए जिसमें 11 चौके और आठ छक्के शामिल थे। उन्होंने 92 रन चौके और छक्के जड़कर बनाये जोकि टी-20 में किसी बल्लेबाज़ के सबसे अधिक रन हैं।

उल्लेखनीय है कि नेपाल के मल्ला ने वर्ष 2023 एशियन गेम्स में मंगोलिया के खिलाफ यह कारनामा किया था इस मैच में नेपाल ने तीन विकेट पर 314 रन बनाए थे। इसी मैच में दीपेंद्र सिंह ऐरी ने नौ गेंद में अर्धशतक लगाया था जो टी-20 का सबसे तेज अर्धशतक है। संयोग से लॉफ्टी ने यह रिकॉर्ड तब तोड़ा जब ऐरी गेंदबाजी कर रहे थे और मल्ला मैदान पर मौजूद थे। लॉफ्टी ईटन उस समय बल्लेबाजी करने आये जब नामीबिया का स्कोर 11 ओवर में तीन विकेट पर 62 रन था। उन्होंने पहली छह गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाया और 18 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने मलान क्रुगर के साथ चौथे विकेट के लिए 52 गेंद में 135 रन जोड़े और नामीबिया ने चार विकेट पर 206 रन बनाए।

## रिटायरमेंट ले सकते है टेनिस स्टार एंडी मरे

### कहा- कुछ महीनों में संन्यास ले सकता हूं, हार्ड कोर्ट पर 500 मैच जीते

दुबई, 27 फरवरी। इंग्लैंड के टेनिस स्टार एंडी मरे ने संकेत दिए है कि वह अगले कुछ महीनों के भीतर संन्यास ले सकते हैं। सोमवार को दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपना शुरुआती मैच जीतने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए डेनिस शापोवालोव को 4-6,7-6 (7/5),6-3 से हराया और दूसरे दौर में पहुंच गए।



मरे ने सोमवार को कहा, ''शायद मेरे पास ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मैं अगले कुछ महीनों में जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करूंगा। एंडी मरे ने करियर में तीन ग्रैंड स्लैम जीते हैं। उन्होंने 2 बार विम्बलडन और एक बार यूएस ओपन जीता है।

मरे ने हार्ड कोर्ट पर अपनी 500वीं जीत हासिल की और इस उपलब्धि तक पहुंचने में रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच, आंद्रे अगासी और राफेल नडाल के साथ शामिल हो गए। मरे ने इसपर कहा, हां, यह बुरा नहीं है। सालों से हार्ड कोर्ट मेरे लिए एक बेहतरीन पिच रही है, मुझे इस पर बहुत गर्व है।

मरे ने कहा, मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा करना पसंद है और गेम भी पसंद है। जाहिर है, जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, युवा लोगों के साथ मुकाबला करना और अपने शरीर को फिट और तरोताजा रखना कठिन होता जाता है। मरे ने कहा, कभी-कभी मैं कोर्ट पर जो कहता हूं लोग उसे बहुत पढ़ते हैं और यह हमेशा तर्कसंगत नहीं होता है। लेकिन हर कोई मुझसे इसके बारे में हर समय पूछता है। एंडी मरे ने पिछले दिसंबर न्यूज ऑर्गनाइजेशन को बताया था कि 2024 टूर में उनका आखिरी साल हो सकता है। एंडी मरे ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के पहले राउंड में हारकर बाहर हो गए थे। उन्हें टूर्नामेंट के फर्स्ट राउंड में अर्जेंटीना के 24 साल के टेनिस खिलाड़ी टॉमस मार्टिन ने सीधे सेटों में हराया था। मरे 5 बार ऑस्ट्रेलिया ओपन का फाइनल खेल चुके हैं, लेकिन उन्हें एक हबार भी जीत नहीं मिली हैं।

## दिल्ली ने यूपी को नौ विकेट से हराया

बेंगलुरू, 27 फरवरी। कप्तान मेग लैनिंग 51 रन और शेफाली वर्मा के नाबाद 64 रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स महिला ने सोमवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के चौथे मुकाबले में यूपी वॉरियर्स महिला को नौ विकेट से हरा दिया है। मेग लैनिंग ने 43 गेंदों में छह चौकों की मदद से 51 रन बनाये।

वहीं शेफाली वर्मा ने 43 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 64 रन बनाये। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने टीम के लिये विजयी चौका लगाया। दिल्ली कैपिटल्स ने एक विकेट पर 14.3 ओवर में 123 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। इससे पहले श्वेता सहरावत की 45 रनों की महत्वपूर्ण पारी की बदौलत यूपी वॉरियर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 120 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूपी की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 16 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। दिनेश वृंदा शून्य,तालिया मैक्ग्रा और कप्तान अलिसा हीली 13 रन को मैरिजेन कप्प ने आउट कर पांचवें ओवर तक पवेलियन भेज दिया था।

ग्रेस हैरिस 17 रन, किरण नवगिरे 10 रन, पूनम खेमनार 10 रन, दीप्ति शर्मा पांच रन और सोफी एकल्सटन छह रन बनाकर आउट हुई। मैरिजेन कप्प और राधा यादव की शानदार गेंदबाजी के आगे यूपी की कोई भी बल्लेबाज टीक नहीं सकी। श्वेता सहरावत ने 42 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 45 रनों की पारी खेली। गौहर सुल्ताना दो रन बनाकर नाबाद रही। यूपी की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 रन ही बना सकी। दिल्ली की ओर से राधा यादव ने चार विकेट लिये। मैरिजेन कप्प को तीन विकेट मिले।

## रैना और गेल में अभी भी रनों की भूख : हर्शेल गिब्स


ग्रेटर नोएडा, 27 फरवरी। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज हर्शल गिब्स ने मंगलवार को कहा कि क्रिकेट लीजेंड सुरेश रैना और क्रिस गेल के अंदर अभी भी रनो के लिये भूख है। इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में रेड कार्पेट दिल्ली के कप्तान गिब्स कैरिबियन क्रिस गेल और भारत के स्टार बल्लेबाज रहे सुरेश रैना के खिलाफ खेलने के लिए काफी उत्सुक हैं। उन्होने कहा वे (गेल, रैना) मुझसे कुछ साल छोटे हैं। यहां होना बहुत अच्छी बात है। जैसा कि मैंने कहा, वे सभी शानदार क्रिकेटर हैं। वे अभी भी परफॉर्म करना चाहते हैं। वह हमेशा जीतने के बारे में सोचते हैं, चाहें आपकी उम्र कुछ भी हो और आप किसी भी लीग में खेल रहे हों। उनके अंदर अभी भी रन बनाने की भूख है।

गौरतलब है कि शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जारी टी20 टूर्नामेंट में क्रिस गेल और सुरेश रैना हिस्सा ले रहे हैं। गिब्स को लगता है कि खिलाड़ी मौजूदा लीग में अपनी फ्रेंचाइजी का नाम ऊंचा करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि ''मुझे यकीन है कि वे लोग साबित करना चाहेंगे कि उनकी योग्यता क्या है और वे अपनी फ्रेंचाइजी को गौरवान्वित करेंगे।

## मोहम्मद शमी आईपीएल 2024 से हुए बाहर

नई दिल्ली, 27 फरवरी। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का लंदन में पैर का ऑपरेशन हुआ है। इस कारण वह 22 मार्च से 26 मई तक होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में नहीं खेल पायेंगे।

उनकी चोट की वजह से शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका है। क्योंकि इससे पहले ही वह हार्दिक पांड्या को खो चुकी है। हार्दिक मुंबई इंडियंस में चले गये है। आईपीएल 2023 में उपवजिता रही गुजरात के लिए उन्होंने तब सबसे अधिक विकेट लिए थे । जनवरी में शमी को घुटने में दर्द महसूस हुआ था लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में वापसी कर लेंगे, लेकिन राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी जाने के बाद वह सीरीज से बाहर हो गए।



शमी दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भी टेस्ट टीम का हिस्सा थे लेकिन घुटने में दर्द की वजह से उन्होंने अपना नाम वापस लिया और बाद में सफेद गेंद सीरीज से बाहर हो गए। उल्लेखनीय है कि एकदिवसीय विश्वकप के बाद से शमी कोई क्रिकेट नहीं खेले हैं।

## हरियाणा एलिमिनेटर-2 मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 42-25 से हराकर सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 27 फरवरी। हरियाणा स्टीलर्स प्रो कबड्डी लीग के एलिमिनेटर-2 मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 42-25 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। हरियाणा की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स से भिड़ेगी।

सोमवार को जीएमसी बालायोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (गाचीबोवली) में खेले गये मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुजरात जायंट्स को हराते हुए पहली बार पीकेएल के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इस अहम मुकाबले में हरियाणा के लिए विनय ने 12, मोहित नांदल ने सात और शिवम पटारे ने आठ प्वाइंट लिए। गुजरात के लिए परतीक दहिया ने पांच और राकेश ने पांच प्वाइंट लिए।

दोनों टीमों के बीच पहले पांच मिनट के खेल में मुकाबला काफी कड़ा रहा, लेकिन हरियाणा स्टीलर्स ने 5-3 के स्कोर के साथ बढ़त को बनाये रखा। डिफेंस के बेहतर खेल की बदौलत हरियाणा ने सातवें मिनट तक खुद को 9-4 से आगे कर लिया और नौवें मिनट में गुजरात जायंट्स को ऑलआउट करके स्कोर को 12-6 कर दिया। लेकिन ऑल इन होकर अंदर आने के बाद परतीक दहिया ने तीन प्वाइंट की सुपर रेड के साथ गुजरात के लिए वापसी के दरवाजे खोल दिए। इसके बावजूद पहले 10 मिनट के खेल में हरियाणा स्टीलर्स की टीम 12-9 से आगे थी।

इसके बाद गुजरात ने लगातार अंक लेते हुए 13वें मिनट में हरियाणा को ऑल आउट कर 15-14 की बढ़त कायम कर ली। 16वें मिनट तक दोनों टीमें 16-16 की बराबरी पर थी। इसी बीच, हरियाणा स्टीलर्स ने डिफेंस में अंक लेते हुए एक बार फिर से मैच में अपनी बढ़त बना ली। अगले ही मिनट में ही विनय ने एक और अंक लेकर हरियाणा को 19-16 से आगे कर दिया। यहां से हरियाणा स्टीलर्स की लीड मजबूत होती चली गई और विनय के डू ऑर डाई में एक अंक के सहारे पहले हाफ की समाप्ति तक 21-16 की लीड कायम कर ली।

ब्रेक से वापस आने के बाद हरियाणा ने 22वें मिनट में गुजरात को एक बार फिर से ऑल आउट कर दिया और 25-16 की लीड कायम कर ली। स्टीलर्स के पास अब 10 प्वाइंट की लीड हासिल हो चुकी थी और 25वें मिनट तक उसने इसे और ज्यादा मजबूत कर लिया। इसी बीच, स्टीलर्स के लिए मोहित नांदल ने इस सीजन का अपना छठा हाई-5 भी पूरा कर लिया। डिफेंस में लगातार प्वाइंट के दम पर स्टीलर्स ने मुकाबले में काफी आगे निकल चुकी थी।

मैच के 29वें मिनट में विनय ने तीन प्वाइंट की सुपर रेड के साथ अपना सुपर-10 भी पूरा कर लिया। हरियाणा ने फिर इसी के साथ गुजरात को फिर से ऑल आउट करके 30वें मिनट तक स्कोर को 36-19 कर दिया। हरियाणा स्टीलर्स ने आखिरी 10 मिनट के खेल में भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखते हुए 35वें मिनट तक 40-21 बड़ी बढ़त बना ली। हरियाणा स्टीलर्स ने इसके बाद अपनी बढ़त को कायम रखते हुए गुजरात को 42-25 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुरैना (मध्यप्रदेश) का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने मुरैना पहुँचकर सबसे पहले करह धाम आश्रम के पटिया वाले बाबा मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना की। उसके बाद उन्होंने यहां के भाजपा कार्यालय जाकर मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को भी सम्बोधित किया।

# फर्जी जनहित याचिकाकर्ता पर पाँच लाख रुपये का जुर्माना लगाया

## हाईकोर्ट ने झुंझुनूं जिले की खेतड़ी तहसील में खनन गतिविधि रुकवाने के संबंध में दायर एक जनहित याचिका को प्रायोजित याचिका घोषित करते हुए खारिज कर दिया

- **अदालत ने माना कि, याचिकाकर्ताओं ने कई तथ्य छुपाये थे, जैसे कि उनके संबंधियों पर खनन क्षेत्र में अतिक्रमण करने के संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज की गई थी।**
- **अदालत ने यह भी माना कि, याचिकाकर्ताओं ने स्वयं खनन क्षेत्र के समीप गैर मुमकिन पहाड़ पर अतिक्रमण किया था और उसे रिहायशी क्षेत्र बताने की कोशिश की थी।**
- **अदालत ने याचिकाकर्ता पर लगाये गये जुर्माने में से 50 हजार रुपये की रकम इस जनहित याचिका से प्रभावित प्राईवेट माइनिंग कंपनी को देने को कहा है।**

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में झुंझुनूं की खेतड़ी तहसील में खनन गतिविधि पर रोक लगाने के संबंध में दायर जनहित याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया और साथ ही याचिकाकर्ताओं पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता 5 लाख रुपये में से 50 हजार रुपये उस प्राईवेट माइनिंग कंपनी श्रीनारायण माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज को दें, जिस पर अवैध खनन के झूठे आरोप लगाकर जनहित याचिका दायर की गई थी। न्यायाधीश पंकज भंडारी और न्यायाधीश भुवन गोयल की खंडपीठ ने हेमिका व अन्य चार याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिये।

इस जनहित याचिका में अदालत से गुहार की गई थी कि झुंझुनूं जिले की खेतड़ी तहसील के ग्राम पपूरना में चल रही अवैध खनन लीजों को निरस्त करने के आदेश दिये जायें क्योंकि यह लीजें आवासीय क्षेत्रों से केवल 300 मीटर दूर हैं और माईनिंग में विस्फोटकों के उपयोग से आसपास के घरों की दीवारों में दरारें आ गई हैं और प्रदूषण भी फैल रहा है।

याचिकाकर्ताओं ने उक्त खनन क्षेत्र की फोटो भी अदालत में पेश की थी और उक्त क्षेत्र की निरीक्षण रिपोर्ट भी पेश की थी। उनके अनुसार, खनन क्षेत्र रिहायशी क्षेत्र के पास बने खंभों से केवल 40 मीटर दूर ही थी।

इस मामले में केंद्र सरकार के खनन मंत्रालय की ओर से 'एडीशनल सॉलिसिटर जनरल' (ए.एस.जी.) आर.डी.रस्तोगी पैरवी के लिये पेश हुए थे और उन्होंने इस जनहित याचिका का पुरजोर तरीके से विरोध किया। उन्होंने कहा कि अगर यह तथ्य गलत पाया गया कि खनन लीज रिहायशी इलाकों के करीब है तो याचिकाकर्ताओं पर भारी जुर्माना लगाया जाये। उन्होंने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं ने यह तथ्य छुपाया कि उनके संबंधियों, जैसे याचिकाकर्ता नम्बर 1 के पति, याचिकाकर्ता नम्बर 2 के पुत्र, याचिकाकर्ता नम्बर 3 के भाई ओर याचिकाकर्ता नम्बर 4 के पिता के खिलाफ खनन लीज के खसरों पर अतिक्रमण करने के संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज की गई थी।

वहीं अतिरिक्त महाधिवक्ता, भरत व्यास और उनको सहयोग कर रहे वकील शाश्वत पुरोहित, जो प्रदेश के खनन विभाग की ओर से पैरवी कर रहे थे, ने कहा कि उक्त क्षेत्र में खनन गतिविधि की लीज़ राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही दी गई थी।

भरत व्यास ने अदालत को यह भी बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट, जिसका हवाला स्वयं याचिकाकर्ता दे रहे हैं, में कमिश्नर ने स्पष्ट रुप से कहा है कि खनन क्षेत्र के पास "गैर मुमकिन पहाड़" (खेती के अयोग्य) पर याचिकाकर्ताओं ने अतिक्रमण किया है।

सभी तथ्यों को सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ताओं की जनहित याचिका खारिज करते हुए उन पर पांच लाख रू. का जुर्माना लगाया है।

# मु.मंत्री भजन लाल ने मुरैना में भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया

## मु.मंत्री शर्मा एक दिन के दौरे पर मध्य प्रदेश के मुरैना शहर पहुंचे

- **मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि, देश को दुनिया की महाशक्ति बनाने के लिए प्रदेश की सभी सीटों पर जीत की तैयारी में अभी से जुट जाना होगा।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल मुरैना के विख्यात पटिया वाले बाबा मंदिर भी गए। यहां उन्होंने राम दरबार के दर्शन किए और पूजा की तथा राम धुन में भी शामिल हुए।**

मुरैना/जयपुर, 27 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के मुरैना स्थित भाजपा कार्यालय में मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भारत को दुनिया की महाशक्ति बनाने के लिए यही समय है। उन्होंने देश के विकास, सीमाओं की सुरक्षा एवं भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने का आव्हान किया।

शर्मा ने कहा कि वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव देश की दिशा बदलने वाला होगा और इस चुनाव में भाजपा देश में 400 सीटें जीतेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे मध्य प्रदेश की 29 में से 29 लोकसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर अभी से पूरी ताकत से जुट जाएं।

मध्यप्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुरैना जिले में करह धाम आश्रम पहुंचकर पटिया वाले बाबा मंदिर में दर्शन किये। मुख्यमंत्री ने मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

आश्रम परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि, "संत-महात्माओं ने भारतीय संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन किया है। हमारे संस्कार संत महात्माओं की देन है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति और परम्पराएं समृद्ध हो रही हैं। गत 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या विश्व में एक बड़े सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभरा है।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि, करह धाम तपोभूमि है जहां संत-महात्माओं ने बरसों तक तपस्या की है। करह धाम के सिय पिय मिलन समारोह की ख्याति देश भर में है। यहां लाखों लोग प्रसिद्ध विद्वानों द्वारा सुनाई जाने वाली रामकथा का श्रवण करते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पटिया वाले बाबा मंदिर पर पहुंचकर भगवान राम दरबार के दर्शन किये और पटिया वाले बाबा के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं वर्षों से चल रही रामधुन में बैठकर धर्मलाभ लिया और सरयू के जल का आचमन किया।

मुरैना प्रवास के दौरान एक सामाजिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि, "राजस्थान, मध्य प्रदेश दोनों एक-दूसरे से सटे हुए राज्य हैं और धौलपुर और मुरैना में कोई अंतर महसूस नहीं होता है। पहले भरतपुर, धौलपुर जिले में आता था, मैं भरतपुर का रहने वाला हूं। मुरैना वीरों की भूमि रही है, यहां शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल जैसे महान योद्धा ने जन्म लिया, जिन्हें मैं नमन करता हूं।" इस अवसर पर मध्यप्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंशाना, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जासूसी के आरोप में आर्मी एरिया का कैन्टीन संचालक गिरफ्तार

जयपुर, 27 फरवरी। राजस्थान पुलिस इंटैलीजैंस ने मिलट्री इंटैलीजैंस बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे बीकानेर के विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। विक्रम जिले की डूंगरगढ़ तहसील के उपर का बास गांव का निवासी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटैलीजैंस संजय अग्रवाल ने बताया कि पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाती है। बीकानेर के डूंगरगढ़ क्षेत्र निवासी विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर्स के निरंतर संपर्क में है।

## निर्मला सीतारमण और ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **भाजपा दक्षिण भारत के तीन राज्यों, केरल, तमिलनाडू, आंध्र, में एक भी सीट नहीं जीती थी, अतः अपने मंत्रिमण्डल के "स्टार परफॉर्मर", निर्मला सीतारमण व एस. जयशंकर को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाकर भाजपा साउथ इंडिया में माहौल बदलना चाहती है तथा यह मैसेज देना चाहती है कि, पार्टी दक्षिण भारत के बारे में बहुत गंभीर है। इण्डिया टुडे ने भी इस लय में अपने नवीनतम सर्वे में भाजपा (एन.डी.ए.) को 27 सीटों पर जीतने का प्रोजेक्शन किया तथा इण्डिया गठबंधन को 76 सीटों पर जीता हुआ दिखाया है।**

पूर्वी भारत में चरम पर पहुंच गई है। इसलिए अब वह दक्षिणी राज्यों में, सहयोगी दलों तथा दूसरी पार्टी से आये हुए नेताओं के दम पर अपने कदम जमाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। तमिलनाडु राज्य के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई ने हाल ही में दावा किया था कि दूसरी पार्टियों के कई बड़े नेता, कुछ समय में भाजपा के साथ जुड़ने वाले हैं।

पिछले तीन महीनों में प्रधानमंत्री आज तीसरी बार केरल यात्रा पर आए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा यहां से आगामी लोकसभा चुनावों में दस या उससे अधिक में सीटें जीतेगी तथा उन्होंने एक "नये केरल" के निर्माण का आव्हान किया। मंगलवार की ही शाम को वे पड़ौसी राज्य तमिलनाडु पहुंचे तथा द्रमुक के परिवारवाद पर तीखी टिप्पणियां की।

इंडिया टुडे समूह द्वारा हाल में किए गए एक सर्वे "मूड ऑफ द नेशन" (देश का माहौल) के अनुसार एन.डी.ए., दक्षिण भारत में 132 सीटों में से 27 सीटें तथा "इंडिया ब्लॉक" 76 सीटें जीतेगा। सीतारमण और जयशंकर को चुनावी मैदान में उतारकर भाजपा स्पष्ट रूप से दक्षिण में अपनी पैठ बनाने की गंभीरता को लेकर एक मजबूत संदेश देना चाहती है।

## मु.मंत्री आवास ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बैरवा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, सहित अन्य नेता शामिल हुए। बैठक में प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर तीन-तीन उम्मीदवारों के पैनल तैयार किए गए। बुधवार दोपहर को दिल्ली में फिर से प्रदेश कोर ग्रुप के नेताओं की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे।

जानकारी के अनुसार इसके बाद 29 फरवरी को बैठक होगी जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में नामों पर चर्चा होगी। जानकारी के अनुसार इस अहम बैठक में 10-12 सीटों पर प्रत्याशी फाइनल कर इनकी घोषणा इसी दिन या फिर 1 या 2 मार्च को हो सकती है।

बताया जा रहा है कि भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से प्रदेश में सभी सीटों पर संभावित उम्मीदवारों का पैनल भी तैयार किया जा रहा है। सर्वे के आधार पर तैयार इस पैनल की प्रत्याशी चयन में अहम भूमिका होगी। पार्टी प्रदेश नेतृत्व के दावेदारों के पैनल को सर्वे के पैनल से मिलान के बाद ही हर सीट के उम्मीदवार तय होंगे।

## गगनयान मिशन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा , प्रत्येक राष्ट्र की विकास यात्रा के अपने विशेष क्षण होते हैं जो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को परिभाषित करते हैं।

## पार्टी के "चीफ व्हिप" व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में कहा, "हमारी तीसरी सीट असलीयत में यह पता करने के लिए थी कि हमारे सच्चे साथी वास्तव में कौन है।" जिन विद्रोही विधायकों ने उनकी पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ वोट डाला उन पर कटाक्ष किया।

उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटें हैं। भाजपा की विधानसभा में 252 सीटें हैं और गठबंधन की 18 सीटें भी हैं। राज्यसभा चुनाव में आठ प्रत्याशी मैदान में उतारे। दूसरी समाजवादी पार्टी जिसके 108 विधायक हैं उसने तीन उम्मीदवार चुनाव में खड़े किये। भाजपा के पास केवल सात प्रत्याशी जिताने जितने उतारने जितने वोट थे, लेकिन उसे अपने प्रतिद्वंदी का खेल बिगाड़ने के लिए जयंत चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक दल के वोट मिलने का भरोसा था।

समाजवादी पार्टी के सात विधायकों ने पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ वोट डाला, इस घटना से आज सुबह यादव को उस समय गहरा सदमा लगा जब उनके मुख्य सचेतक और चार अन्य विधायकों ने भाजपा के आर.पी.एन. सिंह व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ खड़े होकर "वी-फॉर विक्ट्री" का चिह्न प्रदर्शित करते दिखे।

हालांकि यादव ने दावा किया कि उन्हें बगावत होने का आभास हो गया था और वो बगावतियों को निकाल देंगे, पर यह बगावत सपा के लिए इससे ज्यादा बुरे समय में नहीं आ सकती थी। पार्टी ने अभी हाल ही उत्तर प्रदेश में लोकसभा की सिटों पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन से सीटों के बंटवारे पर समझौते को पक्का किया है। यहां सपा 63 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इस बीच, कर्नाटक ऐसा दूसरा राज्य है जहाँ पर मतदान करवाना पड़ा है। भाजपा व उसके गठबंधन के क्षेत्रीय दल, जनता दल (निरपेक्ष) का मुकाबला चार खाली सीटों के लिए सत्तारूढ़ कांग्रेस से था। जनता दल (एस) ने वहां से पांचवे प्रत्याशी-कुपेन्द्रका रेड्डी को चुनाव में उतारा।

यहां कांग्रेस के 134 विधायक, भाजपा के 66 तथा जे.डी.एस. के 19 विधायक सदन मे हैं। कांग्रेस के पास दो निर्दलीय विधायकों का समर्थन भी है।

इस कारण कांग्रेस के लिए तीन सीटें जीतना आसाना होना चाहिए था। परन्तु जीत के लिए मतों का अंतर बहुत कम रहा और भाजपा ने पांचवा प्रत्याशी उतार कर मतदान अनिवार्य कर दिया है।

इस सब के बावजूद 41 सीटों पर निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। नये सांसदों की सूची में- कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व एल. मुरुगन के साथ ही पूर्व कांग्रेसी व पूर्व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी हैं, जो अब भाजपा में शामिल हो गए हैं।

राज्यसभा सांसदों का चुनाव विधायकों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रक्रिया सहित एकल मत हस्तांतरण मत प्रणाली (ए.टी.वी.) के माध्यम से किया जाता है। विधायकों को अपने वरियता क्रम के अनुसार उम्मीदवारों की सूची बनानी होती है। एक उम्मीदवार को जीतने के लिए वांछित संख्या में प्रथत वरियता वोटों की आवश्यकता होती हैं, यदि वह उस सीमा तक नहीं पहुंचता है तो फिर वोट दूसरे को हस्तांतरित होते हैं और फिर उसके बाद तीसरे को, क्रम चलता है।

## कांग्रेस के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रदेश जहां उत्तर प्रदेश की एक मात्र कांग्रेस सरकार है, को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ेगा। आशंका है कि सरकार यहां बहुमत सिद्ध नहीं कर पाएगी। बिहार में भी क्रॉस वोटिंग हुई। यहां कांग्रेस के दो और राजद का एक प्रत्याशी हार गया। कुल मिलाकर, चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में दुस्साहस का नुकसान उठा चुकी भाजपा अभी भी अपनी मनमानी कर रही है और चुनाव जीत रही है।

# अभी तक कुछ राजनीतिक सफलता नहीं ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पवन ऊर्जा क्षमताओं में अपना योगदान देता है। यह क्षेत्र अपने उद्यम के लिए जाना जाता है। जोखिम लेने से नहीं घबराने वाले हमारे उद्यमी और एम.एस.एम.ई. देश को सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने से अपनी भूमिका निभाते हैं।"

वर्ष 2024 में देश के विकास की अपनी दूरदृष्टि की रूपरेखा बताते हुए मोदी ने राजनीतिक विकास और देश के लिए प्रगति के नए युग का सूत्रपात करने में तमिलनाडू की प्रमुख भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडू की ओर आज सर्वाधिक ध्यान है क्योंकि तमिलनाडू राजनीतिक विकास का नया केन्द्र बनने जा रहा है और वर्ष 2024 में तमिलनाडू का एक नया इतिहास बनना तय है।"

तमिलनाडू एक महत्वपूर्ण राज्य है क्योंकि वहां लोकसभा की 39 सीटें हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में द्रमुक (डी.एम.के.) और कांग्रेस ने अधिकांश सीटें जीती थीं। इस बार भी चुनाव पूर्व के सर्वेज़ में संकेत किया गया है कि तमिलनाडू में द्रमुक के नेतृत्व में इण्डिया गठबंधन को वर्ष 2019 के जितनी ही सीटें मिलेंगी।

लेकिन सतत प्रयासरत प्रधानमंत्री तमिलनाडू के वोटर्स को आकर्षित करने के लिए स्पष्ट रूप से हद से ज्यादा प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने आगामी राजनीतिक परिदृश्य में तमिलनाडू के महत्व पर जोर देते हुए उसे राजनीतिक विकास एवं देश में बदलाव का एक प्रमुख उत्प्रेरक बताया।

उन्होंने "एन-मन-एन-मक्कल" (मैं एक हूँ, मैं जनता हूँ) मार्च के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह एक सुखद भविष्य की दिशा में तमिलनाडू के लोगों के अटल समर्थन का इच्छापत्र है।

यात्रा के दौरान मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए जनता का धन्यवाद अदा करते हुए उन्होंने देश पहले की भावना के साथ समाज सेवा करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना की।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि "मैंने भी देखा है कि इस यात्रा के दौरान समाज के प्रत्येक वर्ग ने भाजपा को किस प्रकार से अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया है। मैं विशेष रूप से हमारे युवा एवं ऊर्जावान साथी अन्नामलाई का धन्यवाद अदा करता हूँ। उन्होंने प्रत्येक घर तक पहुंचने वाली इस यात्रा में "सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास" मंत्र का ध्यान रखा है।

तमिलनाडू से अपने रिश्ते के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने यहां की समृद्ध संस्कृति एवं विरासत के अपने अनुभव बताए। उन्होंने तमिलनाडू के कल्याण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कि इसका तात्पर्य राजनीतिक एजेण्डा नहीं बल्कि सच्ची सहानुभूति और यहां की जनता के प्रति आदरभाव है। उन्होंने कहा कि "तमिलनाडू से मेरा राजनीतिक नहीं बल्कि दिल का रिश्ता है और यह दशकों पुराना है। तमिलनाडू की माटी ने मुझे अथाह प्रेम दिया है तथा एन-मन-एन मक्कल यात्रा तमिलनाडू को नए पथ पर ले जा रही है।"

तमिलनाडू के लिए उनके असीमित प्रयास जारी हैं। यहां के उद्योगपतियों को "मुद्रा लोन" के तहत 2 लाख करोड़ से अधिक की फण्डिंग की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि "क्या यह कांग्रेस सरकार में संभव था? मोदी तमिलनाडू के विकास के लिए कार्य कर रहा है और इण्डिया गठबंधन इसीलिए मदीं से चिढ़ा हुआ है। यहां भाजपा को मिला समर्थन अभूतपूर्व है।"






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908